






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 265
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 09 जुलाई, 2023

## बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा डराने वाली है, बमबाजी, आगजनी, बूथ लूट के बीच 15 मौतें

# पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में मौत का तांडव

### अमित शाह ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी, शुभेंदु अधिकारी बोले, राष्ट्रपति शासन लगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की 73,887 ग्राम पंचायत सीटों में से 64,874 पर मतदान खत्म हो गया है। बाकी 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था। निर्विरोध चुने जाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 8,874 तृणमूल कांग्रेस से हैं। 3 बजे तक 51 प्रतिशत मतदान हुआ है। खत्म होने के बाद का आंकड़ा अभी तक नहीं आया है। चुनाव के नतीजे 11 जुलाई को आएंगे। सेंट्रल फोर्सेस की तैनाती के बाद भी अलग-अलग इलाकों से हिंसा की खबरें आईं। कई इलाकों से बूथ लूटने, बैलेट पेपर फाड़ने, बैलेट पेपर में आग लगाने की घटनाएं देखी गईं। कूच बिहार के माथभंगा-1 ब्लॉक के हजराहाट गांव में एक युवक बैलेट बॉक्स लेकर भाग गया। साउथ 24 परगना के भांगड़ ब्लॉक के जमीरगाछी में इंडियन सेक्यूलर फ्रंट और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। यहां गांव के लोगों ने बताया कि टीएमसी के लोग थैले में भरकर बम लाए थे। टीएमसी कार्यकर्ता गांव के लोगों को डराकर वोट डलवा रहे थे। उन्होंने इतने बम फेंके कि 2 घंटे तक पोलिंग रुकी रही। कुछ बम मीडियो वालों की तरफ भी फेंके। फिलहाल यहां सेंट्रल फोर्स तैनात है।



### छह जिलों में 15 मौत हुई

**टीएमसी:** शनिवार सुबह मुर्शिदाबाद के बेलडांगा और कूचबिहार के तूफानगंज में दो पार्टी कार्यकर्ताओं, जबकि मालदा के मानिक चौक में टीएमसी नेता के रिश्तेदार की हत्या कर दी गई। अभी तक कुल 8 कार्यकर्ता मारे जा चुके हैं।
**कांग्रेस:** मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ता यास्मीन एसके का मर्डर कर दिया गया।
**सीपीआई(एम):** पूर्वी बर्दवान में शुक्रवार रात 32 साल के सीपीआई(एम) कार्यकर्ता रजिबुल हक को गोली मार दी गई थी। शनिवार सुबह उसने कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। सीपीआई(एम) के तीन कार्यकर्ताओं के मरने की खबर है।
**बीजेपी:** कूचबिहार के फलिमारी में शनिवार सुबह भाजपा के पोलिंग एजेंट माधव विश्वास की गोली मारकर हत्या कर दी गई।
**आईएसएफ:** नादिया जिले के हरिनघाटा इलाके में टीएमसी से झड़प में आईएसएफ कार्यकर्ता की मौत हो गई। मृतक की पहचान 48 साल के सइदुल शेख के तौर पर हुई है।
**निर्दलीय:** उत्तरी 24 परगना के पीरगाछा में एक निर्दलीय उम्मीदवार के बूथ एजेंट अब्दुल्ला की हत्या कर दी गई।

### कोई चुनाव होगा तो लाश गिरना जरूरी है क्या: रविशंकर प्रसाद

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'बंगाल में जो पंचायत चुनाव हो रहे हैं, उसमें हिंसा का तांडव हो रहा है। अभी तक एक दर्जन से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और बड़ी संख्या में लोग घायल हैं। ममता जी आपने अपने बंगाल को कहां पहुंचा दिया? एक समय बंगाल लोकतंत्र की जननी थी। राष्ट्रीय जागरण का केंद्र था। सुभाष चंद्र बोस, रवींद्र नाथ टैगोर और ईश्वर चंद्र विद्यासागर का बंगाल...कोई चुनाव होगा तो लाश गिरना जरूरी है क्या? उन्होंने आगे कहा, 'ममता जी मुझे आपसे एक सवाल पूछना है..पहले बिहार सहित बाकी प्रदेशों में भी बहुत सी लाशें गिरती थी। अब तो चुनाव आयोग की शक्ति के कारण काफी कम हो गया है। आपके यहां भी लोकसभा के चुनाव होते हैं। चुनाव आयोग की सख्ती के कारण हिंसा थोड़ी कम होती है। लेकिन जब आपकी सरकार ग्राम पंचायत का चुनाव करवा रही है तो क्या हो रहा है? और कितने लोग मारे जाएंगे? क्यों मारे जाएंगे?

### टीएमसी ने अपने बयान में क्या कहा?

तृणमूल कांग्रेस ने एक बयान में कहा कि आठ जून को पंचायत चुनाव की घोषणा होने के बाद से 27 लोगों की मौत हुई है और उनमें से 17 तृणमूल से हैं, जो कुल मौतों का 60 फीसदी से अधिक है। उन्होंने कहा, 'अगर तृणमूल वास्तव में हिंसा भड़का रही होती, जैसा कि मीडिया आरोप लगा रहा है, तो उनके अपने कार्यकर्ताओं को निशाना क्यों बनाया जाएगा और उनकी हत्या क्यों की जाएगी? विपक्ष ने हार मान ली है और अब मीडिया में अपने सहयोगियों का इस्तेमाल करते हुए इस कहानी को आकार देने की कोशिश कर रहा है कि हिंसा ने चुनाव को कैसे प्रभावित किया। बयान में कहा गया है कि पूरे पश्चिम बंगाल में 60,000 से अधिक बूथ हैं, लेकिन केवल 60 बूथों पर मतदान प्रक्रिया के दौरान व्यवधान देखा गया।

### तृणमूल के गुंडों को मिल रही खुली छूट: अधीर रंजन चौधरी

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडों को खुली छूट मिल रही है और जनादेश को लूटा गया है। वहीं, माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि केंद्रीय बल को सही तरीके से मॉबिलाइज नहीं किया गया।

### गुंडों के बल पर चुनाव जीतना चाहती है टीएमसी: सुकांत मजूमदार

बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बालूरघाट से भाजपा के सांसद सुकांत मजूमदार को धमकी दी गई है। उन्होंने कहा, मुझे धमकी दी गई। सुरक्षाबलों ने भीड़ से बचाया। सुकांत मजूमदार ने कहा, मुझे धमकी दी गई। तृणमूल गुंडों के बल पर चुनाव जीतना चाहती है।

" मैं सुबह से ही फील्ड में हूं... लोगों ने मेरे काफिले को रोककर मुझसे बात की। उन्होंने, उनके आस-पास हो रही घटनाओं के बारे में बताया। लोगों ने बताया कि गुंडे उन्हें मतदान केंद्र तक नहीं जाने दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि आसपास हत्याएं हो रही हैं... ये चिंता का विषय है...चुनाव बैलेट बॉक्स से होना चाहिए, बुलेट से नहीं।

**सीवी आनंद बोस**
पश्चिम बंगाल के राज्यपाल

### नड्डा ने शुभेंदु अधिकारी से फोन पर की बातचीत

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और भाजपा के राज्य प्रभारी मंगल पांडे के साथ फोन पर चुनावी हिंसा को लेकर बातचीत की।

## सीएम योगी ने दिए नियुक्ति पत्र: 227 कुशल खिलाड़ियों को पुलिस विभाग में तैनाती मिली, लखनऊ के लोकभवन में हुआ आयोजन

# अब यूपी पुलिस का भी नाम रोशन करेंगे खिलाड़ी



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में 227 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान कहा कि प्रदेश में खेलों को लेकर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा। हमने खिलाड़ियों की भर्ती प्रक्रिया को सरल किया। हर जिले में स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। यूपी पहला राज्य है, जहां टोक्यो पैरा ओलंपिक खिलाड़ियों को नगद राशि सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि हमने शासनादेश मे संशोधन किया और खिलाड़ियों को नियुक्ति दे रहे है, खिलाड़ियों का चयन हुआ है, इससे पहले इतनी बड़ी संख्या मे कभी नियुक्ति नही मिली। प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे पूरे देश मे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो रही हैं। पिछ्ले वर्षो में खेलो इंडिया खेलो, फिट इंडिया मूवमेंट से गतिविधिया आगे बढ़ रही हैं। आज 227 कुशल खिलाड़ियों को पुलिस विभाग मे नियुक्त किया जा रहा है..सभी अभिभावकों और अभ्यर्थियों को बधाई। सीएम योगी ने कहा कि किसी खिलाड़ी के लिए खेल की तैयारी और फिट रखना, पारिवारिक जिम्मेदारियों को साथ लेकर चलना बहुत चुनौती का विषय है। कोई खिलाड़ी अपने लिए नहीं खेलता, जब वो किसी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करता है, तो प्रदेश और देश का नाम रोशन करता है। ये स्वस्थ माहौल है, इससे समाज भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ता है। एक अच्छे भविष्य के लिए जरूरी है कि हम अपने धरोहर पर गर्व करें। उन्होंने कहा कि आज जो खिलाड़ी आए हैं, इनमें कुल चयनित 489 में से 304 पुरुष है, 175 महिलाये हैं। इसमें 51 राष्ट्रीय स्तर के गोल्ड मेडल प्राप्त है। इंटरनेशनल प्रतिभागियों में से एक गोल्ड मेडल प्राप्त है। आप उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे है, इसलिए कहूंगा पिछले छ वर्ष में खेल गतिविधियां बढ़ी हैं। प्रदेश सरकार ने खेल अवस्थापना के लिए नए प्रयास किये है। विद्यालय के आसपास खेल मैदान होना जरूरी किया।

### 521 खिलाड़ी और होंगे भर्ती

डीजीपी विजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पुरानी नियमावली की कमियों को दूर करते हुए कुल सीधी भर्ती कर दो प्रतिशत पदों को भरा जा सकेगा। उच्च कोटि के खिलाड़ियों का चयन हुआ है। एक दर्जन अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी चयनित हुए। जल्द 521 पदों पर खिलाड़ियों की भर्ती करने जा रहे हैं। यूपी पुलिस अब राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव युवा कल्याण एवं खेल नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा ने किया। वहीं कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य नहीं आए।

### दिव्या को नायब तहसीलदार की नौकरी

इस अवसर पर मुजफ्फरनगर निवासी कुश्ती की खिलाड़ी दिव्या काकरान को नायब तहसीलदार का नियुक्ति पत्र दिया गया। दिव्या ने कहा कि मुझे यूपी में जन्म लेने पर गर्व है। मैं पहले दिल्ली से खेलती थी। मेरे पापा मजदूर थे। बड़ी मुश्किल से सीखा। प्रदेश सरकार ने पदक जीतने पर पहले 50 लाख रुपए दिए थे। मेरे पति ओलंपिक की तैयारी करा रहे हैं। खेलो इंडिया गेमचेंजर साबित हो रहा है।

## जमानत पर आए गौरक्षक आसिफ भारती की गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस। मेरठ

मेरठ के लिसाड़ीगेट थानाक्षेत्र में शनिवार शाम को बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। यहां गौरक्षक होने का दावा करने वाले आसिफ भारती (36) की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में लोग घायल अवस्था में आसिफ को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वारदात के बाद से इलाके में तनाव है।

# तन, मन और धन से 2024 के चुनाव में जुटें

### मायावती बोलीं, दलितों, आदिवासियों पर अत्याचार तभी रुकेगा जब सत्ता की चाबी बीएसपी के पास होगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



तीन राज्यों के चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शनिवार को दिल्ली में बैठक की। इसमें पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा स्टेट यूनिट के सभी पदाधिकारी और इंचार्ज समेत प्रदेश अध्यक्ष के साथ अब तक संगठन में किए गए कार्य की समीक्षा की गई। मायावती ने कहा, 2024 के चुनावों को लेकर तन, मन और धन से पार्टी कार्यकर्ता जुट जाएं। आदिवासियों, दलितों व श्रमिकों पर अत्याचार तभी रूकेगा जब बसपा के पास सत्ता की चाबी होगी। मायावती ने पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ के लेकर पदाधिकारियों के साथ की गई बैठक में साफ निर्देश दिए हैं कि 2024 के चुनाव की तैयारियों में सभी लोग जुट जाएं। लोकसभा चुनाव से पहले तेजी से बदल रहे राजनीतिक विवाद के मद्देनजर पार्टी को पूरे तन मन धन से समर्पित कर्मठ एवं मिशनरी लोगों को आगे कर कर चुनाव में अच्छा रिजल्ट आने का प्रयास तत्काल शुरू कर देना चाहिए। हरियाणा की गठबंधन सरकार में मतभेद आपसी विवाद अधिक बढ़ने के कारण वहां राजनीतिक अस्थिरता चुनावी वादाखिलाफी के लिए लोगों में चर्चा ज्यादा है। इस कारण विकास बाधित तथा जनता दुखी और परेशान है। गरीबों किसानों श्रमिकों आज का बहुत बुरा हाल है।

### महिला पहलवानों के उत्पीड़न से लोगों में नाराजगी

हरियाणा के कार्यकर्ताओं के लिए बताया कि महिला प्रधानों द्वारा शोषण के विरुद्ध आंदोलन करने को मजबूर होने के बावजूद इनके प्रति भाजपा व उनकी सरकारों के उदासीन रवैया को लेकर लोगों में नाराजगी है। ऐसे विपरीत हालात के कारण हरियाणा राज्य में विधानसभा का चुनाव में लोकसभा चुनाव के साथ ही अगले वर्ष शुरू होने के साथ ही आम चर्चा है। इसके लिए बीएसपी को अभी से हर प्रकार की तैयारी करनी चाहिए।

## पांच करोड़ की नकली दवाएं पकड़ीं, चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में नकली दवाओं का बड़ा खेल एक बार फिर सामने आया है। शनिवार को पुलिस और नारकोटिक्स टीम ने थाना जगदीशपुरा के बिचपुरी में नकली दवा बनाने की फैक्टरी पकड़ी है। यहां पर पैकिंग मशीन, रैपर और कच्चा माल बरामद किया है। टीम ने दहतोरा गांव और कैंट स्टेशन पर भी कफ सिरप और दवाएं बरामद की हैं। पुलिस अभी कार्रवाई कर रही है। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पार्सल रूम पर नारकोटिक्स टीम ने मारा छापा। यहां से भारी मात्रा में बिहार के रास्ते बांग्लादेश जाने वाला नकली सिरप की खेप पकड़ी गई। इस दौरान चार लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इसके बाद टीम ने दहतोरा गांव में चल रही फैक्टरी पर छापा मारा।

## शिशु के जन्म के बाद मंत्र एप पंजीकरण तत्काल करें: डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

जन्म के बाद लेबर रूम में ही शिशु का मंत्र एप पर डाटा फीड करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरतें। डाटा रियल टाइम होने से आगे की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। यह निर्देश शनिवार को ब्रजेश पाठक ने दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सीएमओ और महिला अस्पताल के सीएमएस मंत्र एप पर शिशुओं का रियल टाइम डाटा फीड कराना सुनिश्चित कराएं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मां नवजात ट्रेकिंग ऐप्लीकेशन मंत्र एप शिशु डेथ रेट के आंकड़ों में कमी लाने में सहायक साबित होगा। शिशुओं के स्वास्थ्य संबंधी रणनीति बनानी भी आसान होगी। प्रदेश में राजकीय चिकित्सा स्वास्थ्य इकाईयों पर होने वाले प्रसव तथा संदर्भ सम्बन्धी सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा लेबर रूम रजिस्टर को डिजीटाईज कर समस्त डाटा रियल टाइम में उपलब्ध कराने हेतु मंत्र एप विकसित किया गया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि मौजूदा समय में 25814 राजकीय स्वास्थ्य इकाइयों में मंत्र पर डाटा अंकन किया जा रहा है। 15 मई 2023 तक 2686675 संस्थागत प्रसवों का अंकन किया जा चुका है।

### अस्पतालों में जल्द लागू करें

डिप्टी सीएम ने कहा कि मंत्र एप के तहत डाटा फीडिंग का काम बाकी के महिला संस्थानों में भी लागू किया जाये। इसका खाका तैयार किया जाए। अधिकारी समय-समय पर कार्यक्रम की समीक्षा करें। तकनीकी व दूसरी आने वाली अड़चनों को दूर करने का प्रयास करें।

# संभल कर 'साहब जी' सड़क के गड्ढे कहीं आपको ले न डूबें

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

- जिस सड़क की मरम्मत हुई है उसके लिए अब अधिकारियों को देना होगा सर्टिफिकेट, यूट्यूब पर डालना होगा वीडियो
- सड़क बनने के बाद भी अगर सड़कों पर गड्ढे मिलते हैं तो संबधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी
- शासन को कई ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई की जाती है
- प्रमाण पत्र नगर निकास विभाग की वेबसाइट और यूट्यूब पर अपलोड किया जाएगा

**लखनऊ।** सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर भ्रष्ट सरकारी अमला अब चांदी नहीं काट सकेगा। योगी सरकार ने इसके लिए जिम्मेदारी तय कर दी है। बारिश के बाद सड़कों की मरम्मत कराने वाले अधिकारी को अब सड़क की गड्ढा मुक्त होने का प्रमाण पत्र जारी करना होगा, यही नहीं मरम्मत की गई सड़क का वीडियो भी अपलोड करना होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वास्तव में सड़क की मरम्मत हुई है। दरअसल, शासन को कई ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई की जाती है। जबकि सड़कों पर गड्ढे जस के तस बने रहते हैं। शहरी क्षेत्रों में बारिश के बाद गड्ढों के भरे जाने के काम पर अधिकारियों की लापरवाही नहीं चलेगी। सड़कें गड्ढामुक्त हुई या नहीं इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यही नहीं, निकाय क्षेत्र के अधिकारियों को इसके लिए अब अपने हस्ताक्षर के साथ प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि उक्त सड़क गड्ढामुक्त हो चुकी है। प्रमाण पत्र नगर निकास विभाग की वेबसाइट और यूट्यूब पर अपलोड किया जाएगा। ताकि अगर सड़कों पर गड्ढे पाए जाते हैं तो संबधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जा सके। पिछ्ले काफी समय से सीएम योगी आदित्यनाथ को इस तरह की शिकायतें मिल रही थी कि सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई की जाती है। सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है और अधिकारी बिना सड़कों की जांच किए ही शासन को रिपोर्ट भेज देते हैं जबकि सड़कों पर जस के तस गड्ढे रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है।पिछ्ले दिनों हुई समीक्षा बैठक में ये मामला उठा था, जिसके बाद सीएम ने इस पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए थे।



फाइल फोटो

### अधिकारियों को जारी करना होगा प्रमाण पत्र

बारिश में अक्सर सड़कें टूट जाती हैं उनमें गड्ढे पड़ जाते हैं ऐसे में बारिश के बाद सड़कों की मरम्मत का काम किया जाता है। इस बार शासन की ओर से सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने की रिपोर्ट को लेकर कई बदलाव किए हैं। निर्देशों के मुताबिक अब निकाय के अधिकारियों को इस बात का प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि सड़क गड्ढामुक्त हो चुकी है। इस प्रमाण पत्र पर उनके हस्ताक्षर भी होंगे। इस प्रमाण पत्र को निकाय की वेबसाइट और यूट्यूब पर अपलोड करना होगा। इसके साथ ही सभी नगर आयुक्तों और अधिशासी अधिकारियों को भी पूरी कार्रवाई पर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी को बताना होगा ब्योरा

शासन के निर्देशों के मुताबिक बारिश के बाद जब सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने का अभियान शुरू होगा तो उसके बाद अधिकारियों के कमेटी इस स्थलीय निरीक्षण करेगी। सबूत के तौर पर इसका वीडियो यूट्यूब पर अपलोड होगा। अधिकारी जो प्रमाण पत्र जारी करेंगे उसमें सड़क से संबंधित पूरा ब्योरा होगा, जिसमें नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी को बताना होगा कि उनके क्षेत्र में कितनी सड़कें हैं, उनकी लंबाई क्या है। सड़कों पर कितना पैच वर्क किया गया है और किस तारीख पर काम खत्म हुआ है।

### योगी जी अफसर भी कम 'होशियार' नहीं है

सड़क मरम्मत के नाम पर भ्रष्टाचार रोकने के लिए शासन का कदम स्वागत योग्य तो है, लेकिन सरकारी मशीनरी में बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारी सारा काम बहुत होशियारी से करते हैं। अफसरों और बाबुओं का रैकेट कई बार उन सड़कों की मरम्मत दिखा देता है जो पहले से ही पूरी तरह सही हैं। ऐसी सड़कों पर हकीकत में न काम की जरूरत होती है ना गुंजाइश। इसके बाद भी वहां मरम्मत का काम दिखा कर लाखों के बारे न्यारे किए जाते हैं। जिस क्षेत्र में एक गोरखधंधा हो रहा होता है वहां के लोग इसलिए विरोध नहीं करते कि उनकी सड़क भविष्य में भी मक्खन की तरह बनी रहेगी। कोई शिकायत नहीं पहुंचने पर सरकारी फंड का बंदरबांट हो जाता है।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में पहाड़ी थाना में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन में किया गया।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष पहाड़ी से कहा कि राजस्व व पुलिस की टीम गठित करके जो भूमि सम्बन्धी मामले प्राप्त हुए हैं, उनका आज ही मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। साथ ही जो समस्याएं अन्य विभागों से सम्बन्धित आई हैं, उनको सम्बन्धित विभागों में भेजकर शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। सीओ चकबंदी अनंत सिंह को निर्देश दिए कि जो चकबंदी के मामले थाना समाधान दिवस में प्राप्त हुए हैं, उसमें लेखपालों की टीम बनाकर सम्बन्धित समस्या ग्रस्त व्यक्तियों की भूमि की पैमाइश कराएं। पालेश्वर नाथ मंदिर की जितनी जमीन शासकीय दर्ज है, उसकी पैमाइश कराकर अवैध कब्जा तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि थाना पहाड़ी में जो वाहन सीज हुए रोड एवं परिसर पर खड़े हैं। इसके लिए पहाड़ी कस्बा के आसपास शासकीय भूमि चिन्हित करके थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जो आज थाना समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए समस्या ग्रस्त व्यक्ति को अवगत भी कराया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, नायब तहसीलदार कर्वी रामानंद मिश्रा, मंगल सिंह, राजापुर पुष्पेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष पहाड़ी नागेंद्र कुमार नागर आदि मौजूद रहे।

## फर्जी तरीके से जमीन हथियाने का आरोप

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अधिवक्ता राकेश कुमार भरद्वाज ने कर्वी तहसील के अहमद गंज बेड़ीपुलिया की जमीन को लेकर अपर जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। अधिवक्ता ने बताया कि उनके पूर्वजों ने भूदान आन्दोलन के तहत आचार्य बिनोवा भावे की संस्था सर्वोदय को अपनी 2.687 हेक्टेयर भूमि दान में दिया था। यह जमीन वर्तमान समय में सर्वोदय सेवा आश्रम नाम से अभिलेखों में दर्ज है। बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश पर फर्जी तरीके से राजस्व अभिलेखों में यह जमीन चढवा ली गयी है। उनके पूर्वजों ने बिनोवा भावे की संस्था सर्वोदय को जमीन दान में दी थी न कि सर्वोदय सेवा आश्रम को जमीन दी गयी थी, किन्तु बिनोवा भावे की संस्था में कार्यरत तत्कालीन प्रबंधक द्वारा इस भूमि की उपयोगिता को देखकर सर्वोदय सेवा आश्रम के नाम से एक संस्था का पंजीकरण कराया गया और बिना किसी सक्षम आदेश के अपनी संस्था के नाम फर्जी तरीके से जमीन दर्ज करा लिया। जबकि यह भूमि सरकार के रख रखाव में होनी चाहिए थी।

# जिला जज ने कदम्ब का पौध लगाकर की कादम्बरी बगिया की शुरूआत

*** न्यायिक आवासीय परिसर में किया पौधरोपण**

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने वन महोत्सव के क्रम में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कदम्ब समूह के पौधे रोपित कर कादम्बरी बगिया की शुरूआत की।

जिला मुख्यालय के न्यायिक आवासीय परिसर में शनिवार को आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में वन महोत्सव के तहत पर्यावरण को संतुलित एवं सजीव रखने के लिए पौधरोपण किया गया। जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व रखने वाली इस चित्रकूट की पावनधरा के न्यायिक आवासीय परिसर में आज कदम्ब के समूह में पौधे लगाकर कादम्बरी बगिया की शुरूआत की गयी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति जवाबदेह रहना चाहिए कि वह उससे मिल रहे लाभ को आने वाली पीढ़ी के लिए पौधे लगाकर ऋण चुकता करे। वर्तमान में जो लोग सांस ले रहे हैं वह भी पूर्वजों द्वारा किए गए पौधरोपण की बदौलत है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि पौधे लगाकर पर्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। उन्होंने एक वृक्ष 10 पुत्रों के समान वाली कहावत को साकार करने के लिए सभी लोगों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकांतधर दुबे, सिविल जज सोनम गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी व मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चन्द्रा ने भी पौधरोपण कर प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने की अपील की।

# डीएम व एसपी ने किया सोहगा तालाब का निरीक्षण, तरफ घाट बनाने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शनिवार को ग्राम पंचायत पहाड़ी के सोहगा तालाब का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार कर्वी रामानंद मिश्रा को निर्देश दिए कि जो तालाब में अतिक्रमण शेष है, उसको तत्काल हटाए तथा तालाब का सीमांकन भी कराएं। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह को निर्देश दिए कि पानी भरने के लिए जो इनलेट तालाब में बनाया गया है, उसमें जाली लगाया जाए ताकि तालाब के अंदर कचरा न आने पाए।

इसके अलावा चारों तरफ रेलिंग एवं घाट, इंटरलॉकिंग, बैठने की व्यवस्था के लिए कुर्सी, टीन शेड भी लगवाया जाए।

साथ ही जो सड़क का पानी है, उसके लिए पाइप डालें ताकि वह पानी सड़क में न भरे और तालाब में जाए, इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। डीसी मनरेगा ने बताया कि तालाब के आधे हिस्से में खुदाई का कार्य कराया गया है। एक हिस्से में मत्स्य पालन का पट्टा है जिसके कारण अभी उधर खुदाई नहीं कराई गई है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सीओ चकबंदी अनंत सिंह, मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने सड़क की खुदाई कराकर की गुणवत्ता की जांच

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा निर्माणाधीन पहाड़ी- बिसंडा सड़क मार्ग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड ने बताया कि पहाड़ी- बिसंडा मार्ग लगभग 30 किलोमीटर का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें बागे नदी के पास 500 मीटर सड़क का कार्य शेष है। इसके अलावा पहाड़ी नांदी की तरफ 4 किलोमीटर पर सड़क में कार्य चल रहा है तथा शेष सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण है। जिलाधिकारी ने संपर्क मार्ग के किलोमीटर 62 में निर्माण कार्य की खुदाई कराकर गुणवत्ता की जांच कराई। जिसमें सड़क की थिकनेस एवं गुणवत्ता सही पाई गई। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य शेष है, उसे तत्काल शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

# भीम आर्मी के उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की मांग, क्षत्रिय महासभा ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



तहसील राजापुर में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पंजी जिलाध्यक्ष राजा सिंह परिहार के नेतृत्व में क्षत्रिय महासभा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन राजापुर तहसीलदार को सौंपा। जिलाध्यक्ष राजा सिंह परिहार ने कहा कि सहारनपुर में चंद्रशेखर रावण के ऊपर हुए तथाकथित हमले के विरोध में भीम आर्मी उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह द्वारा क्षत्रिय समाज पर अशोभनीय अमर्यादित टिप्पणियां की गई, जो कि किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। क्षत्रिय समाज महक सिंह द्वारा की गई ओछी टिप्पणी से आहत एवं आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। ऐसे विभाजनकारी सामाजिक सौहार्द के दुश्मन, समाज में खाई उत्पन्न करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही आवश्यक है। तहसील अध्यक्ष सुशांत सिंह चैहान ने कहा कि इनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही होना चाहिए। समाज में इस घटना के परिणाम स्वरूप कहीं कोई घटना होती है तो उसके लिए इनके गैर जिम्मेदाराना बयानों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद इकाई महक सिंह के बयान की घोर निंदा करता है।

जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह परिहार एवं प्रकाश सिंह ने कहा कि ऐसे लोगों का भारतीय समाज में कोई स्थान नहीं है। यह अपने निंदनीय बयानों से समाज में खाई पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। इनकी तुरंत गिरफ्तारी होना चाहिए। जिला महामंत्री अरविन्द सिंह रघुवंशी और युवा नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि तुष्टीकरण की नीतियों पर चलने वाले राजनेताओं का पूरी तरह से बाहिष्कार करना होगा। साथ ही समाज के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वालों को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। महक सिंह पर आवश्यक कार्यवाही के लिए तहसील राजापुर में जिलाध्यक्ष राजा सिंह परिहार एवं अन्य क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन राजापुर तहसीलदार संजय अग्रहरि को सौंपा। इस मौके पर अजय सिंह हाडा, सर्वजीत सिंह, प्रकाश सिंह, रज्जू सिंह हाडा, विजय बहादुर सिंह, विनोद सिंह, अमित सिंह, नीरज सिंह, आनंद सिंह, आयुष सिंह, अनूप सिंह, लाल सिंह, चंदन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रावेंद्र सिंह, केपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# एकता के बल पर किसान आन्दोलन ने सरकार को झुकाया : डॉ. अशोक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




किसानों के संघर्ष से ही आधुनिक भारत का निर्माण हुआ है। किसान आन्दोलन ने ही धर्म और जाति की नफरत की राजनीत को पीछे धकेलते हुए भाईचारे और जनता की एकता को मजबूत किया है। यह बात अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक धवले ने उत्तर- प्रदेश किसान सभा के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में किसान सभा आजादी के पहले और आजादी के बाद विषय पर प्रकाश डालते हुए कही। शिविर में उन्होंने बताया कि बताया कि 1857 के आजादी के आन्दोलन में अग्रणी भूमिका राजा, महाराजाओं रानियों ने अदा की जिनमें ज्यादातर हिंदू थे। लेकिन विद्रोही सैनिकों, राजाओं ने दिल्ली जाकर अपना नेता बहादुर शाह जफर को बनाया। यानी 1857 के आन्दोलन में हिंदू मुसलमान की सांप्रदायिक भावना नहीं थी। आजादी के आन्दोलन में हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कोई हिस्सा नहीं लिया था। उल्टे लोगों को बांटने का काम किया था। आजादी के बाद किसानों, मजदूरों और जनता की मांगें पूरी नहीं हुईं। जो कुछ आजादी के बाद हासिल हुआ उसे भाजपा सरकार हर हाल में मिटाने में लगी हुई है। तीन कृषि कानून खेती व राशन प्रणाली को तबाह करने के कानून थे। एकता के बल पर किसान आन्दोलन ने भाजपा सरकार को झुकाया है। जिसमें किसान सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देश और किसान को बचाने के लिए मजबूती से किसान एकता के लिए किसान सभा काम कर रही है। हम जरुर सफल होंगे। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा एकमात्र दुनिया का सबसे बड़ा किसान संगठन है। जिसकी सदस्य संख्या 1 करोड़ 43 लाख है। अखिल भारतीय किसान सभा ने 11 अप्रैल 1936 में अपने स्थापना सम्मेलन के साथ ब्रिटिश साम्राज्यवाद से आजादी, जमींदारी व्यवस्था के खिलाफ जमीन जोतने वाले को मिले का प्रस्ताव पारित किया। इसके साथ ही किसानों के बुनियादी सवालों सूदखोरी, कर्जा माफी, फसल के वाजिब दाम, बिजली की लड़ाई को तेज करने का भी प्रस्ताव पारित किया।

प्रशिक्षण शिविर में विषय का प्रवर्तन राज्य सचिव साथी मुकुट सिंह ने किया। किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक धवले और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कॉ पी कृष्णप्रसाद का स्वागत संगठन के राज्य कार्यकारणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र व जिला अध्यक्ष चुनकूराम पाल ने किया। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष भारत सिंह ने की।

## अवैध शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय तथा आरक्षी महेन्द्र, धर्मेन्द्र द्वारा बच्चा सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी वीर धुमाई सुर्कि को 35 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## विशेष लोक अदालत में निस्तारित हुए 24 वाद

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में किया गया।

# जल जीवन मिशन के पाइप चोरी करने वाले तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जल जीवन मिशन की पाइप चोरी करने वाले तीन आरोपियों को बिना नम्बर के ट्रक्टर में चोरी के पाइपों के साथ गिरफ्तार किया है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल पहुंचाने की योजना से सम्बन्धित पाइपों को चोरी के सम्बन्ध में की शिकायतें लगातार आने के बाद पूर्व में थाना रैपुरा एवं मारकुण्डी में जल जीवन मिशन से सम्बन्धित पाइपों को चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है एवं भारी मात्री में पाइप भी बरामद किये जा चुके हैं। इसी क्रम में बीते शुक्रवार को थाना राजापुर के उप निरीक्षक कन्हैयालाल बक्श सिंह एवं उनकी टीम द्वारा मुखबरि की सूचना पर कस्बा राजापुर के बाजपेई तिराहा से वीरपाल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी कबरा पुरवा महुटा थाना अतर्रा जनपद बांदा, विपिन मौर्या पुत्र हरीप्रसाद मौर्या निवासी बिसुण्डी थाना रामगंज जनपद अमेठी व अनुज वर्मा पुत्र रामशरन वर्मा निवासी सरौली थाना कहडोर जनपद प्रतापगढ़ को बिन नम्बर के पावर ट्रेक टैक्टर में प्लास्टिक पाइप 90मिमी करीब 40 मीटर, 75मिली की 100 मीटर, 70 स्टैण्ड पोल सीमेन्ट का जिसमें लोहे की जीआई पाइप लगी है। लगभग 2-2 मीटर की, डी1 बैण्ड 350मिमी एक पीस, रेड्यूसर 2 लोहा व टेस्टिंग पाइप बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जनपद बांदा के फतेहगंज थानान्तर्गत बघेलावारी में जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा है। यह माल वहीं से चुरा के लाये हैं। थाना राजापुर पुलिस द्वारा थाना फतेहगंज से जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि एलएण्डटी कन्स्ट्रक्शन के आरआईओ रामनाथ मिश्रा की तहरीर पर थाना फतेहगंज में चोरी के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर थाना राजापुर में गिरफ्तारशुदा आरोपियों के विरुद्ध सीआरपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बरामदशुदा ट्रैक्टर को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी उज्जवल, उपेन्द्र त्रिपाठी, महेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का लिया जायजा साफ-सफाई का दिया निर्देश



जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही साप्ताहिक परेड का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही लाइन का भ्रमण कर जहां व्यवस्थाएं देखीं। वहीं साफ-सफाई पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

एसपी राजेश कुमार सिंह साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करते रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे। उन्होने कर्मचारियों के क्रियाकलापों को देखा साथ ही कर्मचारियों से वेपन हैंडलिंग, स्क्वाड ड्रिल करायी। पुलिस लाइन में मेस, कैंटीन, परिवहन शाखा, पीआरवी की गाड़ियों को भ्रमण कर चेक किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गार्ड कमांडरों की रजिस्टर पेशी के दौरान आवश्यक निर्देश दिए। लाइन में भ्रमण कर साफ-सफाई देखी। एसपी ने कहा कि किसी भी कार्य में हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी जाफरगंज, क्षेत्राधिकारी खागा, क्षेत्राधिकारी बिंदकी, क्षेत्राधिकारी यातायात व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यायालय ने दुष्कर्मी को उम्रकैद, 45 हजार अर्थदंड की सुनायी सजा

जन एक्सप्रेस/फतेहपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायालय पास्को कोर्ट नंबर प्रथम के न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 45 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर आरोपी को एक साल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी पड़ेगी। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि 2018 को सदर कोतवाली के एक गांव निवासी युवक की 12 वर्षीय बेटी के साथ अस्ती निवासी शफीक पुत्र इदरीस ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला था। रोती बिलखती किशोरी घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों से आपबीती बताई। इस पर परिजन पीड़िता को लेकर स्थानीय थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दिया। पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया। मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता सहित गवाहों को अदालत के सामने पेश किया गया।

# पूर्व मे हुई घटनाओं से यात्री व आरपीएफ नही ले रहे सबक



जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर

रेलवे स्टेशन मे एक से दूसरे प्लेट फार्म तक जाने के लिए ओवरब्रिज है फिर भी लोग रेल लाइन पार करने से बाज नहीं आते हैं। यात्रियों द्वारा रेलवे लाइन पार करने वालों को न तो आरपीएफ जागरूक करती है और न ही उनके खिलाफ कार्यवाही करती है। यही कारण है कि यात्रियों का मनोबल लगातार बढ़ा हुआ है। जिसके चलते यात्री रेलवे लाइन पार करके स्टेशन पर पहुंचते हैं।

जब कि एक करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है लेकिन यात्री ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करने के बजाए रेल लाइन को पार कर प्लेटफार्म पर जाते हैं। सबसे ज्यादा यह नजारा सुबह व शाम को देखने को मिलता है। जब ट्रेनों के आने-जाने का समय होता है। पूर्व मे दुर्घटनाये हो चुकी है लेकिन न तो रेल प्रशासन सचंत हो रहा और नही जीआरपीएफ ही यात्रियो को रोकने की जहमत उठा रहा है। यात्रियो से बात करने पर बताया कि ओवर ब्रिज पर काफी तादाद में बंदरों का झुंड इकट्ठा रहता है जिससे आने-जाने वाले यात्रियों को उसका भय बना रहता है। बंदरों को भगाने के लिए रेलवे प्रशासन बिल्कुल भी संजीदा दिखाई नहीं पड़ता है। आरपीएफ हाथ पर हाथ धरे अपने कमरों में कैद नजर आते है। बुंदेलखंड राज्य समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय व समाजसेवी मृगांक दीक्षित का कहना है कि रेलवे पुलिस को भी स्थानीय पुलिस विभाग की तरह सुरक्षा सप्ताह मनाना चाहिए। रेल लाइन पार करने वाले दैनिक यात्रियों को जागरूक करना चाहिए तथा समय-समय पर कानूनी कार्यवाही कर मुकदमे भी दर्ज करने चाहिए। मामले में स्टेशन अधीक्षक शशि कुमार ने बताया कि रेल लाइन पार करने वाले लोगों को आरपीएफ समय-समय पर जागरूक करती है इसके लिए बकायदा अनाउंसमेंट भी कराया जाता है कि दैनिक यात्री रेल लाइनों के बजाय ब्रिज से प्लेटफार्म पर जाएं लेकिन लोग मानते नहीं हैं।

# धर्मांतरण के आरोपियों की होगी सम्पत्ति कुर्क, 14 फरार

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

धर्मांतरण के मुकदमों में फरार चल रहे आरोपियों की संपत्ति कुर्क का नोटिस जारी किया है। एसआईटी ने तीन दिन पहले आरोपियों के घरों में दस्तक दिया था। आरोपियों के हाजिर न होने पर कोर्ट कुर्की नोटिस जारी किया है। आरोपी 23 जुलाई तक हाजिर नहीं हुए तो संपत्ति कुर्क का कोर्ट आदेश जारी करेगी।

कोर्ट ने मिशन हॉस्पिटल के एकाउंटेंट परमिंदर सिंह व उनकी हास्पिटल कर्मी पत्नी स्वेता, जैदून मोहल्ला निवासी अरशद उल्लू की पत्नी सलमा बेगम, प्रेस बिटेरियन चर्च के पादरी विमल कुमार ढिल्लो, रेलबाजार निवासी मुकुल बाल्मीकी, प्रेमनाथ, तुराबअली का पुरवा निवासी छोटेलाल, प्रयागराज म्योर रोड अवधपुरी निवासी ऋषि बरनवाल, पटेल नगर निवासी रुट शालिनी सैमसन, जेल रोड निवासी मिशन हास्पिटल की नर्स लिली सी पत्नी राजेश, आबूनगर निवासी आशीष इमैनुअल, शुआट्स एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डा. मोहम्मद इम्तियाज. प्रोफेसर डाक्टर विशाल एन व मिर्जापुर जिले के कछवा थाना क्षेत्र रामपुर निवासी नीरज चैधरी के हाजिर नहीं होने पर संपत्ति कुर्क की नोटिस किया है। एसआइटी टीमें आरोपियों के घरों में कुर्की नोटिस चस्पा करने पहुंचेगी। आरोपियों को कोर्ट ने 23 जुलाई तक हाजिर होने का समय दिया है। आरोपियों में मिर्जापुर जिले का नीरज सामूहिक धर्म परिवर्तन के 14 अप्रैल 2022 को दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा है।

बाकी आरोपी जनवरी 2023 में दर्ज धर्म परिवर्तन के मुकदमों में वांछित चल रहे हैं। धर्म परिवर्तन के 2023 में चार मुकदमे दर्ज हुए हैं। इनमें हरिहरगंज निवासी वादी वीरेंद्र कुमार, संजय सिंह और तारापुर गांव के सत्यपाल की ओर से 67 लोगों पर प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। तीनों के मुकदमों में आरोपी फरार चल रहे हैं। सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हुए तो उनकी संपत्ति कुर्क किया जाएगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 08- 12 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) = 33.0 (-2.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) = 25.4 (+0.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम = 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम = 68 प्रतिशत
हवा की औसत गति = 6.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) = 24.6
कृषि मौसम वैज्ञानिक

# 'प्रखर, न्यू जहांगीर, हामिद व समृद्धि' हॉस्पिटलों का अब तक नहीं हुआ रजिस्ट्रेशन, धड़ल्ले से हो रहा संचालन

## कुंभकरणी नींद से जागो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों करो कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे













**कानपुर नगर।** शहर के जाने-माने हॉस्पिटलों में शुमार रखने वाले प्रखर हॉस्पिटल, न्यू जहांगीर हॉस्पिटल, हामिद हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, समृद्धि हॉस्पिटल का अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। यह हॉस्पिटल भी मानक विहीन हॉस्पिटल की गणना में गिने जा रहे हैं।

आपको बताते चलें कानपुर शहर जहां पर हजारों की तादाद में छोटे-बड़े हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, सर्जिकल सेंटर, संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन इन सभी हॉस्पिटलों के मानक की बात करें तो मानक किसी के पूरे नहीं है फिर वह चाहे शहर के बहुचर्चित हॉस्पिटल हो या फिर छोटे हॉस्पिटल ही क्यों ना हो। सूत्रों के मुताबिक प्रखर हॉस्पिटल जो शहर के बड़े हॉस्पिटल में में गिना जाता है। हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर जे एस कुशवाहा जोकि सरकारी डॉक्टर होने के साथ साथ सरकारी विद्यालय के प्रोफेसर भी हैं इसके बावजूद प्राइवेट प्रैक्टिस भी धड़ल्ले से कर रहे हैं। यदि आपको जानकारी चाहिए हो तो आप गूगल बाबा की भी मदद ले सकते हैं। क्योंकि सरकार से तो छुपा सकते हो लेकिन गूगल बाबा सब कुछ बता देते हैं। ज्ञातव्य हो कि जन एक्सप्रेस समाचार पत्र पिछले कई दिनों से कानपुर शहर के अस्पतालों के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए हैं। बीते दिन शनिवार को जब जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के संवाददाता ने प्रखर हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन के बारे में स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश से पूछा तो उन्होंने गोलमोल जवाब दिया।

### न्यू जहांगीर हॉस्पिटल के मालिक कानपुर देहात में एडिशनल सीएमओ के पद पर तैनात हैं, चला रहे निजी हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश शासन एक और अपने जीरो टोलरेंस पॉलिसी के तहत अवैध रूप से कार्य करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए हैं वहीं स्वास्थ्य विभाग में तैनात अधिकारी अपने पद का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। पैसा कमाने की होड़ में वह अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। ऐसे न्यू जहांगीर हॉस्पिटल के मालिक डॉक्टर आई खान है जो कानपुर देहात में डिप्टी सीएमओ के पद पर तैनात हैं लेकिन इसके बावजूद अपना निजी अस्पताल चला रहे हैं।

### हामिद हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर के मालिक बीयूएमएस की डिग्री पर चला रहे हैं अस्पताल

हामिद हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर के मालिक डॉक्टर मुबारक अली जिनके पास बीयू एमएस की डिग्री है। और वह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर धड़ल्ले से अस्पताल चला रहे हैं। उनके हॉस्पिटल में ना तो माना कि पूरे हैं और ना ही अस्पताल में ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ ही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शिव मंदिर से घण्टे चोरी

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** भीतरगांव स्थित झारखण्डेश्वर महादेव मंदिर से बीती रात चोरो ने लगभग एक दर्जन घंटे चोरी कर लिए है। सुबह मंदिर मे भक्त पूजा करने पहुंचे तो पुलिस को घटना की सूचना दी। मौक़े पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल मे जुटी है। मंदिर से घंटे चोरी होने पर ग्रामीणों मे आक्रोश है। भीतरगांव क़स्बा निवासी भक्त पंकज शुक्ला, मुकेश सैनी, अवनीश, अनूप मिश्रा, पवन सविता, गोलू आदि भक्तो ने बताया की कस्बा स्थित झारखण्डेश्वर महादेव मंदिर मे लगे लगभग एक दर्जन पीतल के कीमती घंटे बीती रात चोरो ने चोरी कर लिए है। चोरो ने घंटो के साथ उसमें लगने वाली लोहे की चैन भी काटकर अपने साथ ले गए है। सुबह जब भक्त मंदिर मे पूजा अर्चना करने पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। भक्तो ने डायल 112 पर फोनकर पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते मौक़े पर पहुंची भीतरगांव चौकी पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की है। घटना के बाद से ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त है, जिसपर पुलिस ने ग्रामीणों को जल्द घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। साढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने बताया की जानकारी मिली है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



### कमिश्नर पहुंचे समाधान दिवस, नहीं आए फरियादी

**जन एक्सप्रेस कानपुर नगर।** बिल्हौर बिल्हौर तहसील क्षेत्र के चौबेपुर ,शिवराजपुर, ककवन, बिल्हौर, अरौल थाना दिवस पर निकले जिले के अधिकारियों ने जुलाई माह के दूसरे शनिवार को सभी थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें फरियादियों की फरियाद सुनने के लिए पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड पहुंचे। हालांकि बारिश के चलते चौबेपुर शिवराजपुर शिकायतकर्ता भारी संख्या में मौजूद मिले वही बिल्हौर में काफी देर तक किसी फरियादी के न पहुंचने पर वह बिना शिकायतें सुने ही वापस लौट गए। इस दौरान उनके साथ एसीपी आईपी सिंह, इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह और क्षेत्रीय लेखपाल आदि मौजूद रहे। वहीं पुलिस कमिश्नर के पहुंचने की सूचना पर पूरी तरह अलर्ट हुए स्थानीय प्रशासन ने उनके वापस जाने के बाद राहत की सांस ली।



### कार ने मारी बाइक सवार को टक्कर, मौत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर में आए दिन कोई न कोई तेज रफ्तार के कहर का निवाला बनता है। ऐसा ही एक तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला है। पनकी थाना क्षेत्र के कालपी रोड पर तेज रफ़्तार कार ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।काफी दूर तक बाइक समेत बाइक सवार घिसटता चला गया जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं सूचना पर पहुची पुलिस ने बाइक सवार के। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है पुलिस घटना की तफ्तीश में जुटी हुई है।

### तलवार से केक काटते हुए वीडियो हुआ वायरल जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिन शनिवार को तलवार से केक काटते युवाओ का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ जिसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का सत्य जाने के लिए हनुमंत विहार थाने की पुलिस जांच में जुट गई है। आपको बताते चलें कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिसमे एक युवक द्वारा अपने दोस्तों संग मिलकर तलवार से केक काटा जा रहा है। जिसके बाद युवक आपस में खेल खेल में बेल्ट से मारपीट करते नजर आ रहे है।वही वीडीओ वायरल होने के बाद मामंले में जांच के निर्दर्श जारी किए गए। वही अब वायरल वीडियो को सजाने के लिए हनुमंत विहार थाने की पुलिस जांच में जुट गई है।

## आरोप : रिश्वत न देने पर टी.एस.आई. ने काटा चालान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चकेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दवाई लेने गए बाइक सवार युवक की एच एस आर पी नंबर प्लेट व कागजाद पूरे होने पर भी एक हजार रिश्वत न देने पर टीएसआई द्वारा पांच का चालान काटने के गम्भीर आरोप पीड़ित ने लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को टी.एस.आई. के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। वहीं प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए यातायात के पुलिस अधिकारी ने काटे गए चालन को निरस्त करने के आदेश भी दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिला फतेहपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने यातायात के पुलिस अधिकारी को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि बीते शुक्रवार की दोपहर दवाई लेने के लिए नौबस्ता चौराहा गया था। देहली सुजानपुर पहुंचते ही ट्रैफिक पुलिस में तैनात टीएसआई अशोक कुमार सिंह ने मोटरसाइकिल एच एस आर पी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल रोकी और गाड़ी के सारे कागजात चेक किए चेकिंग के दौरान सारे पेपर सही पाए जाने के बावजूद भी आरोप लगाते हुए बताया कि टीएसआई ने एक हजार रुपए मांगे और कहा कि वाहन तुम्हारा फतेहपुर का है इस बात पर जितेंद्र कुमार ने विरोध किया तो उन्होंने कहा कि एक हजार रुपए नहीं देने पर तुम्हारे वाहन का 5000 का चालान काटा जाएगा। इस दौरान टीएसआई ने 5000 का चालान काटा है। यातायात पुलिस के अधिकारी ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए जांच कर चालान निरस्त करने के आदेश दिए हैं।

## कॉलेज के बाहर छात्रा को पकड़ कर शोहदे ने जबरन उसकी मांग में भरा सिंदूर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में बीते दिन शनिवार को एक शोहदे ने छात्रा की शादी तय होने पर उसे कॉलेज के बाहर पकड़ लिया और जबरन उसकी मांग में सिंदूर भर दिया। छात्रा के चीखने पर भीड़ जुटी तो आरोपी भाग निकला। परिजनों ने घर से शोहदे को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। छात्रा के ससुराली भी किदवई नगर थाने पहुंचे। कहा कि मुझे कोर्ट कचहरी के चक्कर नहीं काटने हैं। अगर मुकदमा दर्ज कराया तो तुम्हारी बेटी से शादी नहीं करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार बर्रा थाना क्षेत्र के जरौली में रहने वाली छात्रा किदवई नगर के एक डिग्री कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही है। छात्रा ने बताया कि शनिवार को वह पेपर देने मामा के साथ कॉलेज गई थी। मामा गेट पर छोड़कर उसे जैसे ही निकले वहां मौजूद जरौली फेस-2 निवासी यदुवीर सिंह ने उसे दबोच लिया। हाथ मरोड़ते हुए मोबाइल छीन लिया। मांग में सिंदूर भर कहा कि मैं तुम्हें किसी और की होने नहीं दूंगा। लोगों की भीड़ जुटी तो फोन फेंक कर भाग निकला। छात्रा ने मामले की जानकारी परिजनों को दे कॉलेज में चली गई। परीक्षा के बाद छात्रा ने किदवई नगर थाने पहुंचकर आरोपी यदुवीर सिंह के खिलाफ तहरीर दी है। उधर, छात्रा के परिजनों ने आरोपी युवक के घर धावा बोल दिया उसे जमकर पीटा। इसके बाद बर्रा थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। किदवई नगर थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा के परिजनों ने पहले तहरीर दी थी, बाद में मुकदमा दर्ज करने से मनाकर दिया। युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

## अकाशीय बिजली से तीन झुलसे



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना साढ़ के धौकलपुर गांव मे खेत मे धान की वेल लगा रहे दम्पति समेत महिला के पास तेज गरज के साथ अकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट मे आने से दम्पति समेत महिला झूलस गई। आसपास खेतो मे काम कर रहे किसानों ने तीनों को भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत मे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है ।


साढ़ थाना क्षेत्र के धौकलपुर गांव निवासी 65 वर्षीय रामऔतार ने बताया की शनिवार को वह अपनी पत्नी 62 वर्षीय जय देवी व गांव निवासी 45 वर्षीय माया देवी पत्नी राघवेंद्र सचान के खेतो मे धान की वेल उखाड़ रहे थे। तभी अचानक रुक रुककर बारिश शुरु हो गई, जिसके चलते दम्पति महिला समेत खेत के पास स्थित जामुन के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी अचानक गरज चमक के साथ पास खेत मे आकाशीय बिजली आ गिरी। जिसकी चपेट मे आने से तीनों झुलस गए। शोर सुनकर आसपास खेतो मे काम कर रहे किसानो ने तीनों को एम्बुलेंस की मदद से भीतरगांव सीएचसी पहुँचाया जहां से तीनों को प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत मे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां तीनों का इलाज जारी है। नरवल एसडीएम ऋषभ वर्मा ने बताया की लेखपाल को भेजकर जांच कराएंगे। रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा दिया जायेगा।

## शादी, नौकरी, बेवफाई और फिर धमकी...

### पति को काला नाटा कह कर छोड़ा

जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा





कानपुर नगर। प्रयागराज में आलोक और उसकी एसडीएम पत्नी ज्योति का मामला इस समय छाया हुआ है रोज नए खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच कानपुर में भी इस तरह का मामला सामने आया है। इसमें भी शादी, नौकरी, बेवफाई और फिर धमकी वाले हालात देखने को मिल रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कानपुर देहात के तहसील मैथा क्षेत्र के रविन्द्र पुरम गांव के रहने वाले अर्जुन की शादी 2017 में बस्ती जिले की रहने वाली सविता मौर्या से हुई थी। शादी के बाद सविता मौर्या में पढ़ाई की लगन देख अर्जुन ने सविता को पढ़ा लिखा कर काबिल बनाने का फैसला किया। पीड़ित अर्जुन ने बताया कि वह पत्नी को पढ़ाने की ललक में कर्ज में डूब गया और तकलीफ भरी जिंदगी गुजार रहा है। उन्होंने बताया जो मेरे साथ हुआ है, उसके बाद कोई भी व्यक्ति शादी के बाद अपनी पत्नी को नहीं पढ़ाएगा। अर्जुन ने नर्सिंग कराने के लिए सविता का दाखिला मंधना में बने रामा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस में करा दिया। साथ ही खुद मजदूरी कर पैसों को इकट्ठा करने लगा। पढ़ाई पूरी होने के बाद सबसे पहले उसे दिल्ली में नौकरी मिल गई। सविता का मिजाज ठीक ना लगने पर अर्जुन ने सविता को कानपुर बुला लिया और रसूलाबाद के एक स्वास्थ्य केंद्र में लगवा दिया जहां उसे अच्छी खासी पेमेंट मिलने लगी। यहां भी संविदा के मिजाज और तेवर बदल गए। वह उस से दूरी बनाते हुए उससे कहने लगी तुम गाली और नाते हो तुम्हारा स्टेटस मुझे से मेल नहीं खाता है। इसके बाद से दोनों में विवाद शुरू हो गया कर्ज में डूबे अर्जुन को पैसा मांगने वाले उसके घर आने लगे। अच्छी नौकरी के लालच में अर्जुन ने कर्ज लेकर पत्नी सविता को पढ़ाया। उसने बताया कि जो उसके साथ हुआ है उससे कोई भी व्यक्ति शादी के बाद पत्नी को नहीं पढ़ पाएगा। वह न्याया की गुहार लगा रहा है। उसने कहा पुराने समय की तरह ही महिलाएं घर की जिम्मेदारी संभालेंगी।

## नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा रामा मेडिकल कॉलेज, डॉक्टर्स एसोसिएशन तथा सेंटर फॉर साइट के सहयोग से जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर में बीते दिन शनिवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अभिवावक अध्यापक मीटिंग में आये हुए 182 अभिवावकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के साथ विशेषज्ञों द्वारा ऊनकी आंखों की जांच, दन्त परीक्षण, शुगर, ब्लड प्रेशर, हड्डी आदि की जांच कर उचित सलाह दी गयी। शिविर का उदघाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.संत राम द्विवेदी एवं क्लब के अध्यक्ष रो राजीव कटियार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यायल के प्रधानाचार्य डॉ संतराम द्विवेदी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ.भक्ति विजय शुक्ला, कार्यक्रम निदेशक रो. डॉ. बी. यन. आचार्य ने सम्मानित किया। कार्यक्रम निदेशक ने बतलाया कि यह स्वास्थ्य परीक्षण चरण बद्ध तरीके चलेगा और सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चार्टर अध्यक्ष रो. डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, निवर्तमान अध्यक्ष रो. मयंक गहोई, कार्यक्रम निदेशक रो. डॉ.बी.यन. आचार्य, अध्यक्ष रो. राजीव कटियार, सचिव रो. अमित खन्ना, कोशाध्यक्ष रो .गोपाल शुक्ला, निवर्तमान सचिव रो. अर्पित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अकेला पाकर बहु से साथ ससुर ने की छेड़छाड़

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुर ने अकेला पाकर बहु के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया। हालांकि विरोध पर आरोपित मौके से भाग निकला। इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस को दी तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया कि वह शुक्रवार शाम को अपनी पत्नी और बेटे समेत खेत पर मक्का की फसल मढ़वा रहे थे। इस दौरान उनकी बहू घर पर अकेली थी। वहीं अरौल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी रिश्ते में साढू घर पहुंचे। उनके आते ही बहू चाय नाश्ते का इंतजाम करने लगी, तभी घर में अकेला देख वह बहू के साथ छेड़छाड़ करने लगे। छेड़छाड़ का विरोध करते हुए बहु के शोर मचाने पर वह मौके से भाग निकले। शिकायतकर्ता के घर लौटने पर बहू ने उन्हें मामले की जानकारी दी। जिसके बाद वह लोग रात में ही साढू के घर शिकायत लेकर पहुंचे। इससे गुस्साए साढू और उनके परिवारी जन लड़ाई झगड़ा करने लगे। इस मामले की पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। वहीं पुलिस के मुताबिक मामले की जांच करते हुए जल्द ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## विश्वविद्यालयों में शैक्षिक माहौल बेहतर से बेहतर बनाने के लिए सीएसजेएमयू में दो दिवसीय शिक्षा मंथन 2023 का हुआ आयोजन

### राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को दिए सुझाव

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा




**कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित हुए दो दिवसीय शिक्षा मंथन 2023 का उद्घाटन शनिवार को हुआ। जिसमे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की बेहतर गुणवत्ता और उसमें नए बदलाव को लेकर सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि कई कार्य एक साथ हो सकते हैं। अपने विश्वविद्यालयों को ऐसा बनाएं कि दूसरे लोग आपके विश्वविद्यालय में सीखने आए। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व आज योग कर रहा है हम लोगों ने विश्वविद्यालयों में योग कराया जिसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे और उनकी अध्यक्षता में विश्व के 180 देशों के प्रतिनिधियों के एक साथ योग करने का जिक्र किया। इसके साथ ही राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर छह जिलों में हो रहा है क्या इस पर कोई कोर्स संचालित किया जा सकता है। इसके सिलेबस और प्रपोजल की जिम्मेदारी मैंने दो यूनिवर्सिटी के कुलपति लखनऊ विवि के वीसी आलोक राय और बुंदेलखंड विवि के वीसी मुकेश पाण्डेय को सौंपी है। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का बायोडाटा निकालकर उनके अनुभव का फायदा छात्रों को कैसे मिले इस पर भी काम किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश भर के कुलपति शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रदेश भर के 34 विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षण संस्थानों के प्रोफेसर, विशेषज्ञ व शिक्षाविद शामिल रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहित कई विषयों पर हुआ मंथन

विश्वविद्यालय में हुए शिक्षा मंथन के इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के क्रियान्वयन, नैक मूल्यांकन, नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क, क्यूएस एशिया रैंकिंग, क्यूएस ग्लोबल रैंकिंग, मातृभाषा में पुस्तक निर्माण, अनुवाद, परीक्षा सुधार जैसे बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इन बिंदुओं पर हुई चर्चा की एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी जिसके आधार पर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में बदलाव लाने की तैयारी की जाएगी। अपर मुख्य सचिव सुधीर एम बोबड़े ने कहा कि प्रदेश में नैक के लिए सभी विश्वविद्यालय जुटे हुए हैं। नैक प्राप्त विश्वविद्यालय को आगे की तैयारी करना है। इसका उद्देश्य प्रदेश के कम से कम 10 विश्वविद्यालयों को एआईआरएफ में आना है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की तकनीकी और मेडिकल की किताबें हिंदी में लांच की जाएगी।

# बसन्त सिंह बग्गा व्यापारियों की समस्याओं से हुए रू-ब-रू

**प्रदेश कार्यसमिति के निर्वाचन की बैठक करने पहुँचे प्रान्तीय नेता**




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा व्यापारियों की समस्याओं एवं प्रदेश कार्यसमिति के निर्वाचन को लेकर सवैया तिराहा में बैठक की, इस अवसर पर सलोन, ऊँचाहार एवं आस-पास के सैकड़ों व्यापारियों ने गगनभेदी नारे लगाते हुए एवं फूल-माला, पुष्प गुच्छ देकर अपने नेता का भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत बैठक के मुख्य अतिथि प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति का निर्वाचन निकट है, प्रत्येक तीन वर्ष के उपरान्त प्रदेश कार्यसमिति का निर्वाचन होता है, इस निर्वाचन में उत्तर प्रदेश की समस्त इकाईयों एवं बाजारों के अध्यक्ष, महामन्त्री एवं कोषाध्यक्ष को सदस्यता लेना अनिवार्य होता है। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से प्रान्तीय नेतृत्व को अवगत कराया, जिसमें से कुछ समस्याओं का निराकरण अविलम्ब हो गया एवं शेष समस्याओं से जिला प्रशासन से वार्ता के उपरान्त निराकरण का आश्वासन दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि श्री बग्गा के नेतृत्व में व्यापारी समाज अपने को सहज एवं सुरक्षित महसूस कर रहा है, हमारे लिए व्यापारी हित सर्वोपरि है। उन्होनें श्री बग्गा के सम्मान में कहा कि ''पसीने की स्याही से जो लिखते हैं इरादे को, उसके मुक्क़दर के सफेद पन्ने कभी कोरे नहीं होते'' श्री रस्तोगी ने कहा कि यह बग्गा जी का संघर्ष ही है कि आज रायबरेली में व्यापारियों का उत्पीड़न करने से पहले दस बार सोचा जाता है। बैठक का संचालन ऊँचाहार विधान सभा प्रभारी, अध्यक्ष धर्मेन्द्र मौर्य ने करते हुए कहा कि शेष बची सभी बाजारों को जल्द से जल्द गठन कर संगठन को मूर्त रूप दिया जाएगा, प्रान्तीय सदस्यता अभियान के बाद सभी बाजारों के व्यापारियों का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। ऊँचाहार इकाई के महामंत्री राजू सोनी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के सम्बन्ध में जिला इकाई के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से युवा जिलाध्यक्ष सत्यांशु दुबे, महामन्त्री अनुज त्रिवेदी, ऊँचाहार उपाध्यक्ष हरिशंकर साहू, कोषाध्यक्ष एजाज अहमद, जमुनापुर अध्यक्ष अजय सिंह, खरौली अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, कंदरावा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, एनटीपीसी गेट नं-2 बहेरवा अध्यक्ष विजय मौर्य, गदागंज अध्यक्ष इंतजार सिंह सहित पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## नहीं रुक रहा अवैध शराब का धंधा, आबकारी विभाग की छापेमारी जारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अमेठी व उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में शनिवार को जनपद के क्षेत्र- मुसाफिर खाना के थाना बाजार शुकुल व जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम-नट पुरवा,पूरे नेवाजी,देवकली में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 35 लीटर अवैध कच्ची शराब करीब 300 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में दो अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई। इस कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित प्रभारी आबकारी निरीक्षक मुसाफिरखाना व आबकारी स्टॉफ सम्मलित रहे। साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण भी किया गया।



## वृक्षों से वायु और वायु से जीवन हैं: मयंक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं बहनों के द्वारा टीका लगाकर भव्य स्वागत किया गया योग के उपरांत योग कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मुख्य अतिथि के द्वारा फलदार पौधे वितरित किए गए।
वन महोत्सव के दिन सरकार द्वारा लाखों वृक्ष लगाए जाते हैं इसके पीछे का सिर्फ एक ही उद्देश्य है अधिक से अधिक पेड़ हर रोज लगाना और लोगों में जागरूकता फैलाना कि वह भी अपने आसपास पेड़ लगाए जहां हर एक पेड़ काटा गया वहां 10 पौधे अवश्य लगाने होंगे हम इस तरह से अपने प्राकृतिक सुंदरता को नष्ट नहीं कर सकते हैं वृक्षारोपण करने के बाद उसकी देखभाल बहुत जरूरी है जैसे किसी नवजात शिशु की देखरेख होती है वैसे ही हम सभी को पौधों की रक्षा करनी चाहिए मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली संस्था के कार्यों की खूब सराहना किया और भविष्य के लिए संस्था खूब प्रगति करें एवं मंगल शुभकामनाएं दिया।
उक्त बातें मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली के तत्वधान में नि शुल्क योग, वृक्षारोपण एवं 400 फलदार वृक्षों के वितरण के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप वन विभागीय मयंक अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। मातृभूमि सेवा मिशन के संयोजक प्रदीप पांडेय ने बताया प्राचीन समय में मनुष्य का भोजन, वस्त्र, आवास आदि आवश्यकताएं वृक्षों से पूरी होती थी भारत की संस्कृति एवं सभ्यता वनों से ही पल्लवित तथा विकसित हुई है।
वृक्ष मानव का एक तरह से जीवन सहचर है वृक्षों के अभाव में ना तो सरोवर जल से आपूरित रहती हैं और ना ही समय से वर्षा होती हैं। संस्था का उद्देश्य-स्वास्थ्य, सुविधा और सम्मान संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय के द्वारा मुख्य अतिथि को संस्था का स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं मातृशक्तियों के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।

## दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज, अमेठी**




जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज अखण्ड देव मिश्रा मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु, वाहन के दौरान दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मु.अ.सं. 255/23 धारा 376,506 भादवि 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अनिल पुत्र राज किशोर निवासी ग्राम पूरे रुदई मजरे ऐंठा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष को जामो तिराहा के पास से समय करीब 12:15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## परीक्षा पे चर्चा में एन0एस0पी0एस0 के बच्चों ने प्राप्त किया प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित सहभागिता प्रमाण-पत्र

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




परीक्षा पे चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छात्र-छात्राओं को जहाँ एक ओर परीक्षा के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने वाला सराहनीय कार्यक्रम है वहीं उनके लिए परीक्षा में तनाव मुक्त रहने का साधन भी रहा है। इस कार्यक्रम में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में अध्ययनरत विभिन्न छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग कर अपनी जिज्ञासा प्रधानमंत्री के समक्ष रखी और उसका प्रभावी उत्तर भी प्राप्त किया, जिसका सकारात्मक प्रभाव छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम में दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित सहभागिता प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं में चित्रा यादव, मो0 हारिश खान, सौरभ कुमार, दीक्षा सिंह, पलक सोनी, वर्षा सिंह, स्नेहा शर्मा, शिखा सिंह, निखिल सोनी,अंशू सिंह, अतुल सिंह, अनुष्का पाण्डेय, आयुष चैरसिया, वंशिका यादव, उत्सव सिंह, केशव बाजपेई, आरुषी द्विवेदी, सिदरा सिद्दिकी, दीपशिखा सिंह, प्रियांशू सोनकर, आदित्य गुप्ता, हर्षित यादव, खुशी सिंह, मानस गुप्ता, लाडली यादव, अतिका बुतूल, किंजल सोनी, अजय मिश्रा, अमृतांशु गुप्ता, सक्षम श्रीवास्तव, अनामिका पाल आदि ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित सहभागिता प्रमाण-पत्र विद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति एवं उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान द्वारा प्राप्त किए।

## संयुक्त शिक्षा निदेशक का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**




संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक अयोध्या सतीश सिंह ने एमजीएस इंटर कॉलेज सुल्तानपुर का औचक निरीक्षण दोपहर 12:15 पर आठवें पीरियड में किया। जिसमें पूरा विद्यालय स्टाफ उपस्थित मिला विद्यालय का पठन-पाठन साफ सफाई कार्यालय का रखरखाव और कैंपस व्यवस्थित पाया गया। विद्यालय में छुट्टी के पश्चात जेडी द्वारा समस्त स्टाफके साथ एक मीटिंग हुई जिसमें जेडी ने शिक्षा के मूल्यों, शिक्षकों की जिम्मेदारी, शिक्षकों का बच्चों से आत्मिक लगाव होना, और समस्त शिक्षकों को अपने विषय में हमेशा अपडेट रहने को कहा।'प्रधानाचार्य महेश सिंह द्वारा जेडी साहब के प्रति आभार व्यक्त किया गया और और बताया गया कि विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता को निरंतर आगे बढ़ाने का और बेहतर से बेहतर प्रयास किया जाएगा।

# सांसद ने जिले के 38 गांवो में चकबन्दी कराने के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

पूर्व केंद्रीय व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी ने जनपद के 38 ग्राम सभाओं की चकबंदी शासन स्तर पर पिछले कई वर्षों से लंबित होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।सांसद ने 7 जुलाई 2023 को भेजे पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि इसके पूर्व 26 मई 2022 को उन्होंने चकबंदी प्रकरण के निस्तारण हेतु पत्राचार किया था। सांसद ने मुख्यमंत्री को बताया है कि 38 गांव की चकबंदी का प्रकरण, अनुसचिव राजस्व विभाग अनुभाग-8 में कई वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जयसिंहपुर तहसील के दियरा, भीखूपुर, कारेवन, बरूआ, चौबेपुर, रवनिया सहित 31 गांव, सदर तहसील के हाजीपट्टी, टिकरिया, नौनरा सहित 6 गांव एवं लंभुआ तहसील का सलाहपुर गांव में चकबन्दी कराने हेतु लम्बित है। आपको बता दे उपरोक्त गांवों की चकबन्दी कराने के लिए 8 दिसम्बर 2017 को तत्कालीन जिलाधिकारी ने चकबंदी आयुक्त लखनऊ को प्रकरण भेजा था।
चकबन्दी आयुक्त ने सुल्तानपुर जिले के 38 गांवो में चकबन्दी कराने के लिए अपनी संस्तुत सहित प्रस्ताव को स्वीकृत/अनुमति प्रदान करने हेतु 16 जनवरी 2019 को राजस्व विभाग अनुभाग - 8 के अनुसचिव को भेज दिया था। तभी से प्रकरण राजस्व विभाग-8 में स्वीकृत हेतु लंबित पड़ा हुआ है।श्री रघुवंशी ने बताया सहकार भारती के जिला महामंत्री शिवमूर्ति पांडे जिले के 38 गांवों में चकबंदी कराने संबंधी प्रकरण में लगातार प्रयासरत है। उन्होंने ही सांसद को प्रकरण से अवगत कराया था। सांसद श्रीमती गांधी ने मुख्यमंत्री से जनमानस एवं ग्रामीणों की सुविधा की दृष्टि रखते हुए सुल्तानपुर के 38 ग्रामों की चकबंदी प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया है।

## रज्जू बने समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब मौलाना इकबाल कादरी ने जनपद रायबरेली के तेजतर्रार समाजवादी नेता आफताब अहमद उर्फ रज्जू खान एडवोकेट को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय सचिव नामित किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कादरी ने नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव से अपेक्षा है कि वह पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में वह समाजवादी पार्टी का पूरा सहयोग करेंगे। श्री खान ने राष्ट्रीय नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे, अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। श्री खान के मनोनयन पर जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव, ओपी यादव, हसीन अहमद, मुशीर सिद्दीकी, अजय आसरा, महमुदूल हसन गुड्डू, देवेश कुमार, शकील पहलवान, इकरार खान कुरेशी, जुबेर खान, मो0 तौकीर आदि लोगों ने बधाई दी।

# मंदबुद्धि व्यक्ति को मिला न्याय, कोर्ट ने बैनामेदार की अर्जी किया निरस्त

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

मंदबुद्धि व्यक्ति की जमीन का जालसाजो द्वारा बैनामा करवा लिया गया बैनामे दार ने जमीन की दाखिल खारिज करवाने के लिए बल्दीराय तहसील में तहसीलदार की कोर्ट में अर्जी दी मंदबुद्धि व्यक्ति के परिजनों ने दाखिल खारिज पर आपत्ति दाखिल की तो मामला और तूल पकड़ लिया।
बल्दीराय तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गापुर निवासी गंगाराम मंदबुद्धि का व्यक्ति है जिसका स्वास्थ्य विभाग द्वारा 90p का प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है ऐसे में तहसील क्षेत्र के ग्राम नटोली निवासिनी हदी सुल निशा पत्नी नसीर खान द्वारा मंदबुद्धि व्यक्ति गंगाराम को चुपके से ले जाकर उसकी चार बीघे जमीन का बैनामा करवा लिया इसकी भनक गंगाराम के परिजनों को नहीं लगी यही नहीं जब बैनामेदार ने तहसीलदार की कोर्ट में दाखिल खारिज करवाने के लिए अर्जी दी तो मामला गंभीर हो गया पता चल जाने पर गंगाराम के भाई राम अजोर ने कोर्ट में दाखिल खारिज करवाने पर आपत्ति लगा दी। गंगाराम के अधिवक्ता अनिल यादव की पैरवी से आज मंदबुद्धि व्यक्ति को न्याय मिल गया।
बता दें कि गंगाराम की मानसिक स्थिति काफी दिनों से ठीक नहीं है वह ना तो कुछ समझ पाता है ना कुछ बोल पाता है ऐसे में गंगाराम के कुछ रिश्तेदारों की मिलीभगत से जालसाजी करने वाली महिला हदीसुल निशा द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय में जाकर उसकी जमीन का बैनामा करवा लिया था और दाखिल खारिज करवाने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। इधर अधिवक्ता अनिल यादव की बहस में कोर्ट ने सारे मामले की जांच पड़ताल की। कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर बैनामेदार की दाखिल खारिज निरस्त कर दी और उसकी फाइल को दाखिल दफ्तर कर दी। यह मामला विगत दिनों मीडिया की सुर्खियों में छाया रहा आखिरकार मंदबुद्धि को कोर्ट की ओर से न्याय मिल गया।

## ट्रक ने मासूम को रौंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** शनिवार को कादीपुर में नानी के साथ सड़क पार कर रही मासूम बच्चे को ट्रक ने रौंद दिया। बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नानी का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। घटना कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के चांदा-कादीपुर रोड पर ट्रक ने तीन साल के बच्चे को रौंद दिया। घटना उस समय हुई जब बच्चा अपनी नानी के साथ सड़क पार कर रही थी। तभी चांदा की ओर से तेज रफ्तार ट्रक आ गई जिसकी चपेट में आने से हादसा हुआ। मृतका प्रियांशु (03 वर्ष) पुत्र कपूर चंद जौनपुर जिले के महराजगंज थाना अंतर्गत मितावा तेली बाजार का रहने वाला है। हालांकि स्थानीय लोगों ने ट्रक को पकड़ लिया है।

## तेज आवाज में डीजे बजाने पर जुर्माने के साथ तीन साल की होगी जेल

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



डीजे संचालकों के साथ बैठक कर बताए शासन के निर्देश। बल्दीराय थाने पर थानाध्यक्ष ने डीजे संचालकों के साथ बैठक की। आगामी त्यौहारों के दौरान डीजे/लाउडस्पीकर को बजाने को लेकर शासन द्वारा जारी निर्देशों को बताया। सभी ने नियमों के तहत डीजे संचालन को लेकर सहमति दी। बल्दीराय थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सावन महीने व कावंड़ मेला की शुरुआत होने वाली है। वही इसी दौरान मोहर्रम का त्योहार भी है। ऐसे में डीजे/लाउडस्पीकर का सर्वाधिक उपयोग लोगों द्वारा किया जाता है। इसको लेकर सरकार द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए है। इसका सभी को पालन करना है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तथा शासन के आदेश को विस्तार से बताया।
साथ ही कान फोड़ू तीव्र आवाज में डीजे बजाने पर कार्यवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों पर जुर्माना तो लगेगा ही साथ ही तीन साल की जेल भी होगी। डीजे संचालकों को प्रशासन के निर्धारित नियमों के अनुसार कारोबार करने और बिना अनुमति के डीजे नहीं बजाने की हिदायत दी। डीजे संचालकों ने नियमों का पालन करने पर सहमति प्रदान की। बैठक में पारा चौकी इंचार्ज चंद्र शेखर सोनकर, अमित मिश्र, किशन रावत, रवि अग्रहरि, प्रदीप कुमार, शंकर कुमार, सूरज, राजेश यादव, नौसाद, महेश प्रजापति, शिवकुमार, समर यादव, सद्दाम हुसैन, संजय कुमार राजकिशोर यादव, रमजान अली,राजेंद्र प्रसाद आदि डीजे संचालक मौजूद रहे।

## फदक पैथोलॉजी से गरीबों के इलाज में मिलेगी सहूलियत: मौलाना यासूब अब्बास

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**




जिले के अमहट में आज फदक पॉलीक्लिनिक फार्मेसी एंड पैथोलॉजी का शुभारंभ किया गया। लखनऊ के शिया पीजी कॉलेज के प्रबंधक आली जनाब मौलाना यासूब अब्बास तथा डा दायम ने पैथोलॉजी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पैथोलॉजी पर अब जिले के लोग इलाज करवा सकेंगे उन्होंने कहा कि फदक हॉस्पिटल अभी तक लखनऊ में अपने सफल इलाज के लिए जाना जाता था अब सुल्तानपुर में भी इसकी शाखा खुल गई है लोगों को इलाज करवाने में ढेर सारी सुविधाएं हॉस्पिटल द्वारा प्रदत की जाएगी। इस अवसर पर जिले के अनेकों गणमान्य नागरिक हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## तालाब में नहाते समय हुई पांच बच्चों की मौत

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



गदागंज क्षेत्र के ग्राम सभा बांसी रिहायक के पूरे मगतन में तालाब में नहाते समय पांच बच्चों की दर्दनाक मौत से गम का माहौल बना हुआ है। जनपद रायबरेली में भी सम्भ्रान्त नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शान्ति एवं परिवार को इस असीम दुःख सहने की ताकत प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के. शुक्ला, व्यापारी नेता बसन्त सिंह बग्गा, मुकेश रस्तोगी, इन्द्र कुमार वर्मा, चन्द्रिका प्रसाद भुन्दल, पवन अग्रहरि, मनोज गुप्ता, भाजपा नेता विजय बाजपेई, रवि सिंह चैधरी, ओम प्रकाश तिवारी, मयंक पाण्डेय, सतीश गुप्ता, स्वर्णकार संस्थान के संरक्षक भौमेश सोनी, भारत सेवक समाज के जिलाध्यक्ष शिव नारायण सोनी, पूर्व प्रधान भोला चैधरी, समरजीत कश्यप, आप जिलाध्यक्ष विकास वर्मा, सुरेश सिंह, प्रमोद सोनी, गोविन्द सोनी, हाफिज मो0 रियाज, रामशरण यादव आदि लोगों ने दुःख प्रकट किया। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बताया है कि ग्राम मंगता डेरा मजरे बांसी रिहायक तहसील डलमऊ में आबादी के किनारे बने तालाब में 5 बच्चों के नहाते समय डूबकर मृत्यु हो गई। इन बच्चों में रितु, सोनम, अमित, वैशाली और रुपाली शामिल है। यह प्रकरण राज्य आपदा मोचक निधि के अंतर्गत आता है। जिसमें प्रति मृतक बच्चे के परिजनों को चार लाख की अहैतुक सहायता प्रदान की जाएगी।

## डायवर्जन: सावन के सोमवार पर बदली शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सावन के पहले सोमवार के मौके पर शहर में कई शिव मंदिरों में उमड़ने वाली भीड़ और कांवड़ यात्रियों को देखते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। सावन महीने के सभी सोमवार को शहर में बारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। डीसीपी ट्रैफिक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ ले जायी जाती हैं। इसके चलते सभी सोमवार (10, 17, 24, 31, 07, 14, 21 और 28) को भारी वाहनों पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बाराबंकी की तरफ से भारी वाहनों को अपनी सीमा में प्रवेश बंद करते ही लखनऊ में भारी वाहनों पर रोक लगा दी जाएगी।

### यह रहेगा डायवर्जन

- कानपुर से लखनऊ होते हुए बाराबंकी से गोरखपुर जाने वाले भारी वाहनों को उन्नाव सीमा में ही ललऊखेड़ा मोड़ से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- यातायात दबाव होने की स्थिति में कानपुर से होने वाले वाहन जुनाबगंज से मोहनलालगंज होते हुए बछरांवा से बांये हैदरगढ़ होते हुए जा सकेंगे। वहीं आकस्मिकता की स्थिति में शहीद पथ मोड़, कानपुर रोड से शहीद पथ होते हुए अहिमामऊ से दाहिने सुल्तानपुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर जा सकेंगे।
- सीतापुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन भिठौली तिराहा से इन्जीनियरिंग कॉलेज चौराहा से टेढ़ी पुलिया से कुर्सी रोड बेहटा चौराहा होते हुए किसान पथ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर जा सकेंगे।

## महिला उत्पीड़न के लंबित मामलों के निस्तारण में यूपी दूसरे स्थान पर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ





मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पॉक्सो, महिला उत्पीड़न, सीसीटीएनएस तथा आईटी सिस्टम के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि महिला एवं बालिका से जुड़े अपराध से संबंधित प्रकरणों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने लिए आगामी 15 जुलाई से 31 जुलाई, 2023 तक विशेष अभियान चलाया जाए। पॉक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी अपराधों में जल्द से जल्द चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर मुकदमे की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाई जाए। पॉक्सो एक्ट के मामलों में दो माह के भीतर कार्रवाई पूरी की जाये। प्रकरणों को तेजी से निस्तारित कराने के लिए विवेचना अधिकारी के साथ साप्ताहिक समीक्षा की जाये। ऐसे अपराधों में जल्द कार्रवाई होने से अपराध में कमी आएगी और पुलिस के प्रति लोगों का इकबाल भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पॉक्सो अधिनियम से सम्बन्धित मामलों में प्रत्येक जनपद द्वारा प्रतिमाह कम से कम एक मामले में सजा दिलाई जाए। ऐसे मामले जिनमें मुल्जिमों व गवाहों की संख्या कम हो एवं वैज्ञानिक साक्ष्य मजबूत हों, को चिन्हित कर शीघ्रता से निस्तारित कराया जाए। पाक्सो अधिनियम से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण में निम्नतम प्रदर्शन करने वाले जनपदों को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया जाये।

बैठक में बताया गया कि 6 जुलाई, 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत लम्बित मामलों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश 97.80 प्रतिशत के साथ देश में द्वितीय स्थान पर है। इन मामलों में दो माह से अधिक समय तक जांच लंबित होने के मामलों में 0.30 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। इसी प्रकार दर्ज एफआईआर में दो माह के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करने में 73.10 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश का पांचवा स्थान है।

## मिशन शक्ति अभियान: इटौंजा पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के लखनऊ उत्तरी डीसीपी एस0एम0 कासिम आब्दी के निर्देशानुसार इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में इटौंजा पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। बता दें कि इटौंजा पुलिस ने जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के तरीके बताएं तथा मिशन शक्ति अभियान की टीम ने इटौंजा क्षेत्र के उसरना गांव के प्राथमिक विद्यालय में गांव की महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा की जानकारी दी तथा महिलाओं को सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर के लिए बनाए गए कानूनों एवं नियमों के संबंध में बताया। वहीं सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चिकित्सा सहायता हेतु 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं यह भी बताया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने जाने पर कोई अनजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती हैं फोन करने वाली महिलाओं व बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत इटौंजा क्षेत्र में महिलाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर मिशन शक्ति टीम उपनिरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, उपनिरीक्षक बजरंगी गौतम, हेड कांस्टेबल देवेंन्द्र सिंह, कांस्टेबल दिनेश यादव, महिला कांस्टेबल पूजा शर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रिका सिंह, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### हाईकोर्ट का सख्त आदेश

## 'ग्राम सभाओं की जमीन से हटवाएं अतिक्रमण'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इलाहबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रदेश की ग्राम सभाओं की सार्वजनिक जमीन से तुरंत अतिक्रमण हटवाने का आदेश राजस्व अफसरों को दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि सभी एसडीएम, डीएम, मंडलायुक्त व बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के अधिकारी सतर्क रहें कि ग्राम सभाओं की सार्वजनिक इस्तेमाल की जमीनों पर अतिक्रमण न होने पाए। सरकार को ताकीद किया कि इसको लेकर अफसरों की जिम्मेदारी तय की जाए। यदि कोई अफसर और कर्मचारी इसको बढ़ावा दे तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने ग्राम सभाओं की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी आदेश की कॉपी राजस्व विभाग के एसीएस/प्रमुख सचिव, बोर्ड ऑफ रेवेन्यू समेत सभी डीएम को पालन को भेजने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जैसे ही किसी ग्राम सभा में अतिक्रमण की सूचना मिले, कानूनन तुरंत उसे हटवा दिया जाय। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह फैसला और आदेश हरदोई के तेंदुआ गांव में ग्राम सभा की जमीन पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाने वाली नन्हें लाल कनौजिया की जनहित याचिका पर दिया।

## यूपी के प्रत्येक जिले में होगा एक निजी विश्वविद्यालय, सरकार ने तेज की कवायद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार अब हर असेवित जिले (जहां एक भी सरकारी या निजी विश्वविद्यालय नहीं है) में विश्वविद्यालय खोलने की तैयारी में है। इसके तहत हर छूटे हुए जिले में एक निजी विश्वविद्यालय खोला जाएगा।

सरकार प्रदेश में ही युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर दिलाने की दिशा में प्रयास कर रही है। वर्तमान में 20 सरकारी और 30 से अधिक निजी विश्वविद्यालय संचालित हैं। इसी क्रम में अब सरकार का फोकस उन जिलों पर है, जहां एक भी निजी व सरकारी विश्वविद्यालय नहीं है। इसकी वजह से वहां युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे जिले में जाना पड़ता है।

सरकार की कोशिश है कि एक जिले में कम से कम एक सरकारी या निजी विश्वविद्यालय जरूर हो। इसके लिए वह नीति को अंतिम रूप दे रही है। हाल के दिनों में कई निजी विश्वविद्यालयों को लेकर लेटर आफ इंटेंट दिए गए हैं।

दूसरी तरफ शासन ने तीन नए राज्य विश्वविद्यालयों मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ और महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ में शैक्षिक व गैर शैक्षणिक पदों का सृजन कर दिया गया है। इन पदों पर जल्द भर्ती कर नए सत्र से पठनपाठन शुरू करने की तैयारी है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का कहना है कि हर छूटे हुए जिले में एक निजी विश्वविद्यालय की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हमारे पास कई निजी विश्वविद्यालयों के प्रस्ताव भी हैं। इससे युवाओं को उनके ही जिले में उच्च शिक्षा के अवसर मिलेंगे। उन्हें दूसरे जिले में उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

## पुरानी पेंशन को लेकर रथ यात्रा, 10 अगस्त को रामलीला मैदान में होगी रैली

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद पश्चिमी उप्र के जिलों में शुरू करेगा अभियान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



पुरानी पेंशन को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद पश्चिमी उप्र के जिलों में रथ यात्रा निकालेगा। 10 अगस्त को दिल्ली में होने वाली रैली को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने अपना अभियान तेज कर दिया है। रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में कर्मचारी धरना देने वाले हैं। इसमें करीब 3 लाख से ज्यादा राज्य और केंद्रीय कर्मचारी धरना देने के लिए दिल्ली जाएंगे। यूपी से इसमें छोटे बड़े 100 से ज्यादा संगठन शामिल होंगे। उसी की तैयारियों को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद पश्चिमी उप्र में रथ यात्रा निकालकर कर्मचारियों को एकत्र कर रहा है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि पुरानी पेंशन को लेकर लड़ाई पूरे देश में तेज हो गई है। हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि पूर्वांचल में रथ यात्रा निकाला गया था। उसके बाद लखनऊ में बड़ी रैली की गई। अब पश्चिमांचल में रथ यात्रा निकाली जा रही है। वहां से हजारों की संख्या में कर्मचारी दिल्ली जाएंगे। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारी अब समझौता करने को तैयार नहीं है।

पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के राष्ट्रीय संयोजक कामरेड शिव गोपाल मिश्र ने कहा कि 1 जनवरी, 2004 के बाद सरकारी सेवा में आये कर्मचारियों के लिए एनपीएस एक छलावा साबित हुई है और जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके साथ भारी अन्याय किया जा रहा है। शिप गोपाल मिश्र ने कहा कि सरकारी कर्मचारी 30 से 40 साल की सेवा देकर स्वयं व आश्रितों को पेंशन के सहारे सामाजिक सुरक्षा का अधिकारी बनता था। उन्होंने वर्तमान सरकारें आर्थिक बोझ के नाम पर इससे बचना चाहती हैं।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि इस रैली में एक लाख तक की संख्या में केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के एकत्रित होने का अनुमान लगाया है। लगातार शांतिपूर्वक तरीके से पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्य एवं केन्द्र कार्मिकों का यह अगला कदम है। इस महा रैली के दौरान केन्द्र स्तर पर दिल्ली में किसी वृहद आन्दोलन की घोषणा की जा सकती है।

## 3 बदमाश गिरफ्तार, मास्क लगाकर करते थे लूट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में मुंह पर मास्क लगाकर चैन लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर लुटेरों को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी में तस्वीरें कैद न हो, इसके लिए मास्क और बिना नंबर प्लेट की बाइक का प्रयोग करते थे। पुलिस टीम ने इनके पास से पांच लूट की चेन बरामद की हैं।

डीसीपी पूर्वी ह्रदेश कुमार ने बताया कि चेन लूट का सरगना राहुल रावत उर्फ टाइगर अपने साथी की बाइक पर बैठ कर लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। इन लोगों की करतूत कई जगह पर सीसीटीवी में कैद हुई। हुलिए के आधार पर पुलिस टीम ने लोकल सर्विलांस की मदद से राहुल रावत और उसके दो साथियों को पकड़ा। एडीसीपी पूर्वी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि इंदिरानगर वरदानी इंटर कालेज के पास रहने वाला राहुल रावत पश्चिम बंगाल के बमनगोला निवासी ध्रुबा बैरागी उर्फ डाक्टर और अंबेडकर नगर जलालपुर निवासी अंश कश्यप के साथ गैंग बनाकर लूट करता था।

यह लोग सरोजनीनगर के शान्ति नगर में कमरा लेकर रहते थे। कोई पकड़ न सके इसके चलते रिश्तेदारों की बाइक का इस्तेमाल करते। साथ ही कोई गाड़ी ट्रेस न हो सके इसके लिए बाइक को जंगल मे जाकर आगे और पीछे लगी नंबर प्लेट निकाल देते थे। इन लोगों ने 10 जून को विराटमार्केट गोमतीनगर में शीलम सिंह की और 1 जुलाई को विरामखंड निवासी शालिनी सिंह के साथ चेन लूट की घटना कबूल की है।

## लखनऊ में 75 रुपए में मिलेगा टमाटर

### मंडी परिषद में थोक रेट बिक रहा टमाटर, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक खरीद सकेंगे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ






लोगों की सुविधाओं के लिए लखनऊ मंडी परिषद सस्ते दाम में टमाटर बेच रहा है। ऐसे में 150 रुपए प्रति किलो वाला टमाटर अब महज 75 रुपए किलो के हिसाब से खरीदा जा सकता है। दरअसल, मंडी परिषद ने सभी जिलों में टमाटर का स्टॉल लगाना शुरू कर दिया है। इसमें उस जिले के होल सेल रेट के हिसाब से टमाटर बेचा जा रहा है। इसमें प्रति व्यक्ति को एक किलो टमाटर दिया जा रहा है। दुबग्गा मंडी परिषद के इंस्पेक्टर जेबी सिंह ने बताया कि उनके यहां सबसे अच्छा टमाटर 75 रुपए किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है। साप्ताहिक अवकाश वाले दिन को छोड़ दिया जाए तो प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे खरीदारी का मौका है। उन्होंने बताया यह रेट बदल सकता है। हालांकि रेट होल सेल के हिसाब से ही होगा।

मंडी में आढ़ती किसी बाहरी व्यक्ति को पांच या 10 किलो से कम माल नहीं देता है। ऐसे में जो कस्टमर एक या दो किलो माल खरीदते हैं उनको ध्यान में रखते हुए यह स्टॉल लगाया गया है। लखनऊ में दुबग्गा के अलावा सीतापुर रोड स्थित गल्ला मंडी में भी ऐसा स्टॉल लगाया गया है। उन्होंने बताया कि बारिश कम होने के बाद रेट में कमी आ सकती है। अभी काफी ज्यादा बारिश होने की वजह से बाहर से माल आने में परेशानी हो रही है।

### बेंगलुरु से आ रहा है टमाटर

आम दिनों में टमाटर का काम मंडी में ज्यादा कारोबारी करते है। लेकिन मौजूदा समय दुबग्गा और सीतापुर रोड गल्ला मंडी मिलाकर महज 4 से 5 कारोबारी ही टमाटर का काम कर रहे है। इसकी वजह से डिमांड और सप्लाई का समीकरण गड़गड़ हो गया है। इसके अलावा माल बेंगलुरु से आ रहा है। आस- पास के राज्यों से भी माल नहीं आ रहा है। अब लोडिंग और किराया ही काफी ज्यादा हो जाता है। ऐसे में रेट कम रखना मुश्किल है। दूर से माल मंगाने के दौरान कच्चा सौदा खराब भी जल्दी होता है। ऐसे में उसका रेट भी कारोबारी जोड़ लेते हैं

### बारिश हुई तो और महंगी होंगी सब्जियां

कारोबारी कमलेश ने बताया कि अभी सब्जियों के रेट में बढ़ोतरी संभव है। उन्होंने बताया कि लखनऊ और आस- पास के जिलों में बारिश होने लगी है। अगर यह बारिश ज्यादा होती है तो रेट पर असर पड़ेगा। पैदावार कम होती और डिमांड कम नहीं होगा। ऐसे में डिमांड और सप्लाई का अनुपात गड़बड़ होने की स्थिति में सब्जियों का महंगा होना तय है। फिलहाल आस- पास के जिलों से हरी सब्जियां आ रही है।

### आम के काम में ज्यादातर ट्रक वाले व्यस्त हैं

कारोबारियों का कहना है कि सब्जियों के महंगा होने की मुख्य वजह काम के कारोबार में मौजूदा समय ज्यादातर ट्रांसपोर्ट वाले व्यस्त हैं । महज एक से डेढ़ महीने का यह कारोबार होता है। इसमें मुनाफा ज्यादा होता है। इसके अलावा इसकी बुकिंग ट्रक वालों से पहले ही हो जाती है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट की कमी भी पड़ गई है। दूसरे राज्यों से माल मंगाने में परेशानी हो रही है। अभी कुछ दिनों तक यह समस्या रहेगी।

## इटौंजा थाना समाधान दिवस पर पुलिस ने फरियादियों की सुनी फरियाद

जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ





उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए शनिवार को इटौंजा थाना परिसर पर थाना दिवस का आयोजन किया गया। बता दें कि लखनऊ डीजीपी उत्तरी एस0 एम0 कासिम आब्दी के निर्देशन में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित किया गया। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया तथा अन्य फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं वास्तविक त्वरित निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं थाना समाधान दिवस पर जमीन संबंधित तीन शिकायतें एवं अन्य चार शिकायतें पुलिस को प्राप्त हुई जिसमें 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दो शिकायतों के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया हैं। इस मौके पर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, आतिनिरीक्षक सर्वेश शुक्ला, उप-निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, महोना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र जैन, उपनिरीक्षक बजरंगी गौतम, महिगवां चौकी प्रभारी शिव सिंह सहित लेखपाल सत्यपाल व अन्य लेखपाल एवं कर्मचारी थाना दिवस पर उपस्थित रहें।

## यूपी में मानसून: 14 जुलाई तक मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



पूरे यूपी में बारिश हो रही है। कहीं कम तो कहीं ज्यादा। बीते 24 घंटे के दौरान उत्तर प्रदेश में 11 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। जो सामान्य से 17 फीसदी ज्यादा है। मौसम विभाग ने 14 जुलाई तक के लिए उत्तर प्रदेश में तेज बरसात, झंझावात, वज्रपात का अलर्ट जारी किया है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 11 से 13 जुलाई के बीच भारी बरसात के आसार हैं। यह बारिश पूरे प्रदेश को भिगो सकती है। कुछ जिलों में भारी बारिश की भी संभावना है। बीते 24 घंटे मे मानसून की सक्रियता पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ज्यादा रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य बरसात हुई। इस दौरान बिजनौर के चांदपुर में 70 मिमी बरसात रिकॉर्ड हुई। यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक है। जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक बारिश गाजीपुर में 45.2 मिमी रिकॉर्ड हुई।

रविवार को भी मौसम ऐसा ही मौसम बना रहने की उम्मीद है। यूपी की राजधानी लखनऊ में रविवार को तेज बारिश तो नहीं हुई, लेकिन अलग-अलग इलाकों में कहीं धीमी तो कहीं मध्यम बरसात हुई।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय


# युवा तुर्क चंद्रशेखर
# बागी धरती, तीखे तेवर

**वो इमरजेंसी के बाद विपक्षी दलों के विलय से बनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। अपनी पार्टी की जब सरकार बनी तो चंद्रशेखर ने मंत्री बनने से इनकार कर दिया। 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला। जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के चलते अल्पमत में आ गई थी। उस समय चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में टूट हुई और 64 सांसदों का एक धड़ा अलग हुआ और उसने सरकार बनाने का दावा ठोंक दिया। उस वक्त राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया।**

*भारत की राजनीति में चंद्रशेखर अकेले ऐसे नेता हैं जो कभी किसी सरकार में मंत्री रहे बिना ही सीधे प्रधानमंत्री बने। युवा तुर्क के रूप में विख्यात चंद्रशेखर ने कांग्रेस में रहते हुए रामधन और मोहन धारिया के साथ मिलकर कांग्रेस में एक जोड़ी बनाई थी। यह जोड़ी उस वक्त अपनी बेबाक राय को लेकर खासी प्रसिद्ध थी।चंद्रशेखर का जन्म 01 जुलाई 1927 को उत्तर प्रदेश के बागी बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी गांव में किसान परिवार में हुआ था। वो 1977 से 1988 तक जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे। चंद्रशेखर अपने छात्र जीवन से ही राजनीति की ओर आकर्षित थे और क्रांतिकारी जोश एवं गर्म स्वभाव वाले वाले आदर्शवादी के रूप में जाने जाते थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में अपनी मास्टर डिग्री करने के बाद वे समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गए। उन्हें आचार्य नरेंद्र देव के साथ बहुत निकट से जुड़े होने का सौभाग्य प्राप्त था। वे बलिया में जिला प्रजा समाजवादी पार्टी के सचिव चुने गए और एक साल के भीतर वे उत्तर प्रदेश में राज्य प्रजा समाजवादी पार्टी के संयुक्त सचिव बने। 1955-56 में वे उत्तर प्रदेश में राज्य प्रजा समाजवादी पार्टी के महासचिव बने। साल 1962 में वे उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए चुने गए। वे जनवरी 1965 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए। 1967 में उन्हें कांग्रेस संसदीय दल का महासचिव चुना गया। संसद के सदस्य के रूप में उन्होंने दलितों के हित के लिए कार्य करना शुरू किया एवं समाज में तेजी से बदलाव लाने के लिए नीतियां निर्धारित करने पर जोर दिया। इस संदर्भ में जब उन्होंने समाज में उच्च वर्गों के गलत तरीके से बढ़ रहे एकाधिकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई तो सत्ता पर आसीन लोगों के साथ उनके मतभेद हुए। वे एक ऐसे युवा तुर्क नेता के रूप में सामने आए जिसने दृढ़ता, साहस एवं ईमानदारी के साथ निहित स्वार्थ के खिलाफ लड़ाई लड़ी। चंद्रशेखर हमेशा व्यक्तिगत राजनीति के खिलाफ रहे एवं वैचारिक तथा सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया। यही सोच उन्हें 1973-75 के अशांत एवं अव्यवस्थित दिनों के दौरान जयप्रकाश नारायण एवं उनके आदर्शवादी जीवन के और अधिक करीब ले गई। इस वजह से वे जल्द ही कांग्रेस के भीतर असंतोष का कारण बन गए। 25 जून, 1975 को आपातकाल घोषित किए जाने के समय आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उस समय वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कार्य समिति व केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य थे। चंद्रशेखर सत्तारूढ़ पार्टी के उन सदस्यों में हैं जिन्हें आपातकाल के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आपातकाल के दौरान जेल में बिताए समय में उन्होंने हिंदी में एक डायरी लिखी जो बाद में मेरी जेल डायरी के नाम से प्रकाशित हुई। सामाजिक परिवर्तन की गतिशीलता उनके लेखन का एक प्रसिद्ध संकलन है। चंद्रशेखर ने 6 जनवरी, 1983 से 25 जून, 1983 तक कन्याकुमारी से नई दिल्ली के राजघाट तक लगभग 4260 किलोमीटर की पदयात्रा की थी। उनकी इस पदयात्रा का एकमात्र लक्ष्य था लोगों से मिलना एवं उनकी महत्वपूर्ण समस्याओं को समझना। उन्होंने सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा सहित देश के विभिन्न भागों में लगभग पंद्रह भारत यात्रा केंद्रों की स्थापना की थी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत के संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर ने भी संविधान सभा की बैठकों में समान नागरिक संहिता के पक्ष में जोरदार बहस की थी किंतु नेहरू जी की वजह से उनका प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया था। बाबा साहब ने कहा था, मैं व्यक्तिगत रूप से समझ नहीं पा रहा हूं कि क्यों धर्म को इस विशाल व्यापक क्षेत्राधिकार के रूप में महत्व दिया जाना चाहिए जो असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरा है जो हमारे मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष कर रहा है? हमारी सामाजिक व्यवस्था में सुधार करने के लिए हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हो रही है, हम क्या कर रहे हैं इस स्वतंत्रता के लिए? किन्तु दुख इसी बात का था बाबा साहब की कोई बात उस दौर में गंभीरता से नहीं लिया गया।**



राघवेन्द्र प्रताप सिंह

# देश में एक संविधान एक कानून जरूरी

**गुजरात और उत्तराखंड में प्रक्रिया चल रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि जनता से किया गया हर वादा हर हाल में पूरा करेंगे और राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा। गुजरात और उत्तराखंड में विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए आयोग गठित करके जनता को एक संदेश दिया था जिसका लाभ भी भारतीय जनता पार्टी को चुनावों में मिला था।**

भारत दुनिया का अकेला देश है जहां सभी धर्म संप्रदायों के लोग बेहिचक बेझिझक रहते हैं उन्हें यहां किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो रही है। इसी देश में इस्लाम को मानने वाले मौलवी मौलाना व फिरका बसते हैं यही वो इकलौता देश है जहां मस्जिदों में धमाके नहीं होते बम नहीं नहीं फूटते हाँ यही वो देश है जहां पारसी फल फूल रहे हैं शेष अन्य देशों से वे समूल नष्ट हो चुके हैं। यहूदियों के साथ यहां कोई अत्याचार नहीं हुए क्योंकि भारत हिन्दू बाहुल्य देश है जहाँ मूल तत्व हिन्दुत्व है और हिन्दुत्व ही आधार है जिसे कुछ स्वार्थी तत्व साम्प्रदायिकता का नाम देना चाहते हैं। अब जबकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार है जिसके कूट नीति की दुनिया लोहा मान रहीं है। केंद्र का संकल्प समान नागरिक संहिता है जिसे पूरा करने की ओर अग्रसर है। यूसीसी को लेकर स्वार्थी तत्व भ्रम फैला रहीं है एक वर्ग की बात छोड़ दिया जाए तो सभी इस कानून के पक्ष में खड़े हैं फ़िलहाल लोगों में बहस जारी है। देश लम्बे समय से समान नागरिक संहिता कानून मांग रहा है, देश के कोर्ट भी यही चाहते हैं क्योंकि यह समान नागरिक संहिता कानून विधि सम्मत है। हाल ही में मध्यप्रदेश के भोपाल में भारतीय जनता पार्टी की मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया था और उसमे साफ संकेत दिया हैं कि सरकार यूसीसी कानून लाने के लिए तेजगति से काम कर रहीं है यह भी हो सकता है कि 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व ही संसद के आगामी सत्रों में सदन में प्रस्ताव पारित कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम विरोधियों के तुष्टिकरण पर चर्चा की कहा कि विरोधी मुस्लिम समाज को केवल अपना वोटबैंक समझते हैं वही यूनिफार्म सिविल कोड के नाम पर मुसलमानों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक घर में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा हो तो घर चल पाएगा क्या? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा ? प्रधानमंत्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट का नाम लिया और कहा कि कोर्ट बार- बार कहा है कि कॉमन सिविल कोड लाओ लेकिन तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति के कारण हमेशा इसका विरोध किया है। दूसरी ओर देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी गत दिनों अपने संबोधन में कहा था कि विदेशी साजिश के तहत समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है लेकिन समान नागरिक संहिता बहुत ही जल्द भारत का कानून बन जायेगा। समान नागरिक संहिता पर बहुत ही सतर्कता व तर्कों के साथ केंद्र सरकार आगे बढ़ रही है जिससे विरोध कम हो जाए ठंडा पड़ जाए। इसी लिए पहले केंद्रीय विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों व धार्मिक संस्थाओं से संहिता के सन्दर्भ में उनके विचार व सुझाव मांगी गई है देश के समस्त नागरिकों, वर्गों, पंथों और मजहबों, पर समान कानून लागू हो सके। आम जनता अवाम



**मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि इसी कानून में जनसंख्या नियंत्रण भी आ सकता है जो सभी को मानना अनिवार्य हो जाएगा। केंद्र सरकार ने इससे पूर्व भी 21वें विधि आयोग से समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे थे तब विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि, अभी देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत नही है।**

मोबाइल, लैपटाप अन्य माध्यमो से विधि आयोग की वेब साइट पर जाकर आने विचार साझा कर सहभागी बन सके। विधि आयोग की पहल सार्वजनिक तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली संस्थाओं नेताओं, सांसदों व विधायक अपने अपने झूठे तर्क पेश करने लगे हैं 2014 से 2019 तक केंद्र में भाजपा सरकार में आते ही श्रीराम जन्म स्थल पर अपना रुख साफ रखा। अब अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मुक्त हो चुकी है और वहां भव्य राम मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है दूसरा जम्मू-कश्मीर से धारा -370 हट चुकी है। केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ रही है। मजेदार बात यह है कि समान नागरिक संहिता कानून भारत के गोवा राज्य में लागू है। गुजरात और उत्तराखंड में प्रक्रिया चल रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि जनता से किया गया हर वादा हर हाल में पूरा करेंगे और राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा। गुजरात और उत्तराखंड में विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए आयोग गठित करके जनता को एक संदेश दिया था जिसका लाभ भी भारतीय जनता पार्टी को चुनावों में मिला था। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि इसी कानून में जनसंख्या नियंत्रण भी आ सकता है जो सभी को मानना अनिवार्य हो जाएगा। केंद्र सरकार ने इससे पूर्व भी 21वें विधि आयोग से समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे थे तब विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि, अभी देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत नही है। लेकिन अब 22वें विधि आयोग ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर अपनी पहल प्रारम्भ की है। इससे पूर्व 1985 में शाहबानो प्रकरण और फिर 2015 में भी सुप्रीम कोर्ट समान नागरिक संहिता पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कानून बनाने की बात कह चुका है। संविधान के अनुच्छेद -44 में भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की गयी है। इस अनुच्छेद का उद्देश्य संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य के सिद्धांत का पालन करना है। समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारत के संविधान के भाग-4 के अनुच्छेद 44 में है। इसमें नीति निर्देश भी दिया गया है कि कानून लागू करना हमारा लक्ष्य होगा। भारत के संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर ने भी संविधान सभा की बैठकों में समान नागरिक संहिता के पक्ष में जोरदार बहस की थी किंतु नेहरू जी की वजह से उनका प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया था। बाबा साहब ने कहा था, मैं व्यक्तिगत रूप से समझ नहीं पा रहा हूं कि क्यों धर्म को इस विशाल व्यापक क्षेत्राधिकार के रूप में महत्व दिया जाना चाहिए जो असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरा है जो हमारे मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष कर रहा है? हमारी सामाजिक व्यवस्था में सुधार करने के लिए हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हो रही है, हम क्या कर रहे हैं इस स्वतंत्रता के लिए? किन्तु दुख इसी बात का था बाबा साहब की कोई बात उस दौर में गंभीरता से नहीं लिया गया जबकि अब उन्हें उनके विरोधी भी पूजते हैं वोट बैंक बना रहे इस लिए यूसीसी का लाभ मुस्लिम महिलाओं को अधिक होगा पुरुषों को चार शादियों का अधिकार, हलाला, उत्तराधिकार जैसे विषयों में उन्हें अन्य महिलाओं के समान ही अधिकार मिलेंगे। समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद मजहब आधारित पर्सनल ला बोर्ड समाप्त हो जाएंगे। हिजाब और फतवों की राजनीति मंदी पड़ेगी। यही कारण है कि धर्मनिरपेक्षता का पाखण्ड करने वाले सभी दल गोलबंद होकर मुस्लिम समाज को भड़काने के लिए निकल चुके हैं।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 20:04 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 19:24 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | शोभना, 14:45 |
| सूर्योदयः | 05:34 |
| सूर्यास्तः | 19:18 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 17:35-19:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

**जो हैं क्षेत्रीय दल !**

*है ख़तरे की घंटी ।*
*जो हैं क्षेत्रीय दल ।।*
*मुश्किल में अब दिख रहा ।*
*आने वाला कल ।।*
*बार बार बढ़ने का ।*
*चल रहा प्रयास ।।*
*आता है जब वक्त ।*
*ना होता कुछ ख़ास ।।*
*गुणा गणित ऐसा ।*
*बिगड़ रहा सब खेल ।।*
*होता ध्वस्त अनवरत ।*
*आपसी अब मेल ।।*
*राह नहीं आसान ।*
*आया बुरा दौर ।।*
*किंकर्तव्यविमूढ़ हुए ।*
*जो दिखते सिरमौर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बालों की लंबाई बढ़ाने के लिए लगाएं मेथी दाना और विटामिन ई

**अनहेदी** डाइट और अनियमित जीवनशैली की वजह से त्वचा और बालों की कई समस्याएं शुरू हो जाती है। आज के दौर में हर दूसरा व्यक्ति बालों की समस्या से परेशान है। लोग के बाल तेजी से झड़ रहे हैं। इसके साथ ही लोगों को डैंड्रफ, बालों के कमजोर होने की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। दरअसल आहार में पोषक तत्व की कमी की वजह से बालों में कई तरह की समस्या होने लगती है। लेकिन कुछ घरेलू उपायों को अपनाने से आप बालों और त्वचा की अधिकतर समस्याओं को दूर कर सकते हैं। आपको बता दें कि सालों से मेथी का उपयोग कर बालों की कई समस्याओं को दूर किया जा रहा है। आयुर्वेद में मेथी के दानों के कई फायदे बताए गये हैं।



**बालों को बनाए मजबूत और तेजी से बढ़ाए:** मेथी और विटामिन ए के उपयोग से आप बालों को मजबूत बना सकते हैं। मेथी और विटामिन ई के कैप्सूल में मौजूद फोलेट और विटामिन ए आपके बालों की वॉल्यून को बढ़ाने का काम करता है। ये दोनों बालों को जड़ों से पोषण प्रदान करने का काम करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप चावल के पानी में मेथी दाने को डालकर उबाल लें। कुछ देर बाद गैस बंद कर इसे ठंडा होने दें। जब ये पानी ठंडा हो जाए तो इसमें विटामिन ई की कैप्सूल मिलाएं और इसे बालों पर लगाएं। करीब 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। इसके बाद बालों को साफ पानी से धो ले। आपके बाल मजबूत होकर तेजी से बढ़ने लगेंगे।

**बेजान बालों से छुटकारा मिलता है:** यदि आपके बाल पतले और रूखे है तो इससे बाल झड़ने लगती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए और बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए आप मेथी दानों को पानी में डालकर रातभर रखें। सुबह होने पर इस पानी में विटामिन ई की कैप्सूल मिलाएं और बालों पर इस पानी को लगाएं। कुछ ही दिनों में बालों की परेशानियों दूर होगी और बाल तेजी से लंबे होने लगेंगे।

**ऑयली बालों से छुटकारा दिलाती है मेथी और विटामिन ई**

ऑयली बालों की वजह से सिर की त्वचा में गंदगी जमा होने लगती है। जिसकी वजह बालों की ग्रोथ रुक जाती है। इसके साथ ही सिर की त्वचा में इंफेक्शन का भी खतरा बना रहता है। ऑयली स्कैल्प से छुटकारा पाने के लिए आप ऐलोवेरा के जेल में मेथी दाने के पाउडर को मिलाएं और इसमें विटामिन ई की कैप्सूल को खोलकर डाल दें। इससे पेस्ट को सिर की स्कैल्प पर लगाने से ऑयली बालों की समस्या दूर होती है और बालों की लंबाई बढ़ने लगती है। बालों की किसी भी समस्या में आप मेथी दाने और विटामिन ई का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये बालों की समस्याओं को दूर कर, बालों की तेजी से ग्रोथ में मददगार होती है।

### एक्सप्रेस विशेष



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# फ्रांस जल रहा है, क्योंकि उसने मुसलमानों को शरण दी!

**परिणाम अकेले जर्मन में 10 लाख से भी अधिक शरणार्थियों को शरण मिल गई थी। फिर मदद के लिए फ्रांस, ब्रिटेन और आस्ट्रिया आगे आए, किंतु अब फ्रांस और जर्मनी में यही शरणार्थी इस्लामिक आतंकवाद का हिस्सा बनकर इन देशों के लिए संकट बन रहे हैं।**

**किसी** विचार, दृष्टि, मत, पंथ के लिए इस तरह की टिप्पणी करना प्रथम दृष्टया अजीब लग सकता है। कोई यह सोच सकता है कि यह बात किसी मजहब से जोड़कर कैसे कही जा सकती है ? किंतु फ्रांस में इस समय जो घट रहा है उसे देखकर इस्लाम और शरणार्थियों को लेकर यही दिख रहा है कि इस्लाम और उसको मानने वाले मुसलमान जिस भी देश में गए, वह वहां एक समय के बाद विध्वंस का कारण बने हैं। फिर भले ही दुनिया में यह कहने वालों की कोई कमी न हो कि इस्लाम प्रेम, भाईचारा और शांति का मजहब है! अब आप फ्रांस में जो पिछले कुछ दिनों में घटा है उसका रिकॉर्ड देखिए, इन्होंने यहां अशांति की एक वैश्विक मिसाल कायम की है। संभवत 2023 का यह सबसे बड़ा आतंक है, जिसने छोटे से समय में कई हजार करोड़ रुपयों का नुकसान ही नहीं किया बल्कि वह बहुत कुछ मिटा दिया जिसको संजोने में हजारों सालों में अनगिनत लोगों की कड़ी मेहनत और संपूर्ण पुरुषार्थ लगा था । लाइब्रेरी को जलाना कोई सामान्य घटना नहीं है । पुस्तकालय को नष्ट कर देना यानी कि उन तमाम दस्तावेजों, ऐतिहासिक प्रमाणों और स्मृतियों को भी नष्ट कर देना है जिसके कारण फ्रांस में लोकतांत्रिक मूल्य, समृद्धि और संस्कृति जीवित हैं। यह गहराई से सोचने वाली बात है कि जो फ्रांस

**मूल निवासियों पर जीवन का संकट सिर्फ फ्रांस या यूरोप के देशों में ही नहीं है। यहां बंगाल में हुए सुनियोजित दंगों में सैकड़ों हिंदुओं के घर, मंदिर और दुकानें लूटे जाने का सिलसिला सिस्टम का एक सामान्य हिस्सा बन चुका है। इसी प्रकार से देश में अन्य राज्यों में घट रहीं अनेक घटनाएं हैं जो इस बात को प्रमाणित करती हैं कि हिन्दुओं को भय और आतंक के साए से जीना पड़ रहा है।**

लोकतंत्र का मसीहा बनकर इन शरणार्थियों की मदद के लिए आगे आया, वहां इन इस्लामिक कट्टरवादी मुसलमानों ने क्या किया? इसका उत्तर मिलेगा कि अभी तक इन्होंने 23 हजार जगहों पर आग लगा दी । सुरक्षा बलों की 273 इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। 300 से अधिक पुलिस अधिकारी और 500 के करीब पुलिसवालों की इन्होंने घेर कर पिटाई की। ट्रेन, बस, कार सैंकड़ों की संख्या में फूंक दीं । 168 स्कूल और 105 मेयर कार्यालयों को एक के बाद एक अपना निशाना बनाया है । वस्तुतः पुलिस की गोली से मारे गए 17 साल के युवक नाहेल एम की मौत संपूर्ण फ्रांस के लिए इतनी भारी पड़ेगी, यह स्वप्न में भी यहां का कोई देश भक्त नहीं सोच सकता था। देखा जाए तो इस्लामिक इतिहास ही कुछ ऐसा है कि जहां भी यह गया, वहां एक समय के बाद और कई बार वहां इसके पहुंचते ही मूल निवासियों के साथ युद्ध के हालात बन गए। यह भी एक एतिहासिक सत्य है कि पिछले कई वर्षों से फ्रांस समेत यूरोप के कई देशों ने दोनों बाहें फैलाकर रिफ्यूजियों का अपने घर में स्वागत किया और उसका परीणाम यह निकला है कि आज फ्रांस जल रहा है। सदियों पुरानी लाइब्रेरी को नालंदा विश्वविद्यालय की तरह जला दिया गया। ट्रेन और बसों को बीच रास्ते में रोक कर आग लगा दी गई। सबसे बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं अन्य शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को लूटने के बाद आग के हवाले कर दिया गया। पुरुष तो पुरुष मुस्लिम महिलाएं भी इसमें बराबरी का साथ देती हैं। बुर्का पहने कई महिलाओं की वीडियो सामान लूटते हुए वायरल हैं। वास्तव में मार्सेली का पुस्तकालय जला देना कोई सामन्य घटना नहीं है। जो ज्ञान की साधना करते हैं, उनसे पूछिए; एक किताब का मूल्य क्या होता है। आज से 830 वर्ष पहले सन् 1193 में इस्लामी आक्रांता बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को तबाह करते हुए उसके नौ मंजिला पुस्तकालय को आग के हवाले कर दिया था। वहां दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपियों समेत लाखों पुस्तकें थीं जो महीनों तक जलती रहीं। यानी कि इससे यह भी सिद्ध होता है कि इन इस्लामिक कट्टरवादियों का कला, संस्कृति, भाषा, भाव, विचार, मत, चिंतन-मनन से कोई लेना-देना नहीं है। फ्रांस में दंगाइयों का जो मनोबल देखने को मिल रहा है, वह यह भी बता रहा है कि जो कुछ भी यहां घट रहा है वह मुस्लिम तुष्टीकरण का परिणाम है। इसी एक बड़े कारण से आज फ्रांस जल रहा है, वहां दंगे भड़के हुए हैं। दुखद है कि 45 हजार पुलिस वालों की नियुक्ति के बाद भी अराजकता समाप्त नहीं हो रही। मीडिया में अल्लाह हू अकबर का इस्लामिक भीड़ के साथ नारा लगाते हुए एक वीडियो वायरल है, उसमें वह शख्स यह कहते हुए सुना जा सकता है, अगर पुलिस हमें मारती है तो हमें भी हत्या करने का, पुलिस को मारने का अधिकार है। कुरान में लिखा है कुछ ही सालों में फ्रांस यूरोप का पहला इस्लामिक देश होगा। अर्थात यहां इस सोच से समझा जा सकता है कि आखिर इस्लामिक भीड़ की मंशा क्या है। 2015 में तुर्की में समुद्र के किनारे सीरिया के तीन वर्षीय मासूम बालक आयलन कुर्दी का शव औंधे मुंह पड़ा मिला था। इस बच्चे की तस्वीर देखकर दुनिया भर में मानवता की हूक उठी थी। इसी तस्वीर के बाद सीरिया का संकट वैश्विक फलक पर उभरा और यूरोपीय देश इंसानियत के नाते मदद के लिए आगे आए।

# बगैर रजिस्ट्रेशन चल रहे 'मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल' के संचालक पर सीएमओ आखिर कब करेंगे कार्रवाई?

## बिना फायर एनओसी, बिना डिग्री के संचालित किया जा रहा महेवागज स्थित हॉस्पिटल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी**

जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर महेवागज में अवैध नर्सिंग होम और मौत बॉटने वाले अस्पतालों का मकड़जाल फैला हुआ है। ऐसे नर्सिंग होमो में मरीजों को सुविधाएं तो कम मिलती है पर शोषण अत्यधिक होता है इन मौत की दुकानों में इलाज के नाम पर लूट मची हुई है। ऐसे अस्पतालों में जिन डाक्टरों की डिग्री लगाकर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कराया जाता है, वह डाक्टर कभी अस्पतालों में दिखाई तक नहीं देते हैं। जबकि इन अस्पतालों में बाहर बोर्ड पर बड़े-बड़े अक्षरों में डॉक्टरों के नाम के साथ उनकी लम्बी चौड़ी आकर्षक डिग्रियां लिखी रहती है। जिससे यहाँ मरीजों को भ्रमित कर उनके साथ धोखाधड़ी व लूट धड़ल्ले से कर सकें इन अवैध अस्पताल संचालकों द्वारा गांव-गांव दलालों से सेटिंग बनाकर मरीजों को कम पैसों में व बेहतर इलाज का लालच देकर ग्रामीण क्षेत्रों के भोले-भाले लोगों को बातों में फंसा कर अपने अस्पताल में भर्ती कराते और दलालों को बढ़िया कमीशन देते है जब ये मरीज इनके जाल में फंसकर इनके अस्पतालों में पहुंच जाते हैं तो उनका शोषण शुरू हो जाता और इलाज के लिए एक-एक मरीजों से ये अवैध अस्पताल संचालक लाखों रुपए वसूल लेते हैं, जब इनके जाल में मरीज फंस जाता है तो बेचारा कहीं न कहीं से पैसे का इंतजाम कर इनकी मांग पूरी करता ही है। इस तरह ये दलाल इन मरीजों को सरकारी अस्पतालों के बजाय कमीशन के चक्कर मे इन फर्जी अस्पतालों पर पहुंचाते रहते हैं। गतदिनो पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर जनपद में अवैध अस्पतालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई है। किन्तु ऊंचे रसूखदारों की पहुंच व सुविधा शुल्क के चलते स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही धीमी हो जाती है फिलहाल छुट-पुट कार्यवाही भी करते है, कहीं कहीं तो ये कार्यवाही कागजों तक ही सीमित होकर रह जाती है। विभाग के कुछ कर्मचारी ही दबी जुबान बताते हैं कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में इन अवैध अस्पताल संचालकों की अच्छी खासी पकड़ भी हैं, जिससे इनका कोई बाल बांका नहीं बिगाड़ पाता है, ये ऊंचे रसूख के चलते सेटिंग गेटिंग के दम पर तगड़ी सांठ-गाठ रखते हैं। अब देखना यह हैं की बड़ी संख्या में मौत बाटने वाले इन संचालित अस्पतालों पर कोई कार्यवाही होती या ये यूँ ही धड़ल्ले से बेखौफ संचालित होते रहेंगे, और स्वास्थ्य प्रशासन हाथ पे हाथ धरे बैठा रहेगा। शहर ही नही पूरे जनपद में लोगों के बीच इस बात की खूब चर्चा बनी हुई है कि गली-गली मौत बांट रहे इन मौत के सौदागरों की दुकानों पर कब और कौन अंकुश लगाएगा ?

### हर मर्ज के विशेषज्ञ होते हैं ये फर्जी डॉक्टर!

क्लीनिक संचालक हर तरह का इलाज कर रहे है। यहां तक की माइनर आपरेशन तक इनकी क्लीनिक पर कर दिए जाते हैं। कुछ के पास होम्योपैथी, आयुर्वेद व यूनानी पद्धति से इलाज की डिग्री है, लेकिन इलाज एलोपैथी पद्धति से कर रहे हैं। टीबी, मलेरिया यहां तक की बवासीर जैसे रोग का इलाज भी इनके पास मौजूद है। इस बाबत मे जब सीएचसी अधीक्षक फूलबेहड को काल किया फोन किन्हीं कारणों से न लग पाने से पक्ष की जानकारी न मिल सकी। फिलहाल बगैर रजिस्ट्रेशन महेवागज स्थिति 'मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल' के बारे में जानकारी स्थानीय लोगों से चाही गई तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर दबी जुबान में बताया कि डा साहब पहुच वाले हैं साहब के आदेश पर बोर्ड खोल दिया है शटर डाउन कर सेटिंग गेटिंग मे लगे होंगे इलाज चलता रहेगा।

## किशोरी को युवक ने बनाया अपनी हवस का शिकार



**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित लड़की सीतापुर जनपद की रहने वाली है। वह यहां अपनी ननिहाल आई थी। बताते चलें बृहस्पतिवार को देर रात लखीमपुर खीरी में अपनी ननिहाल आई सीतापुर जिले के गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी छत पर बने शौचालय में शौच करने गई थी, तभी पड़ोसी युवक नीरज किशोरी को शौचालय के पास से खींच ले गया और दुष्कर्म किया। काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों ने तलाश की। पुलिस ने किशोरी के नाना की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बच्ची से दुष्कर्म के मामले में सीओ की गिरफ्तारी के आदेश



**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** जनपद में अनुसूचित जाति की बच्ची से दुष्कर्म के दो साल पुराने मामले में अदालत के आदेश के बाद भी गैरहाजिर रहने पर एडीजे राहुल सिंह प्रथम ने पलिया के तत्कालीन सीओ संजय नाथ तिवारी की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 14 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। एडीजीसी बृजेश पांडे ने बताया कि संपूर्णानगर थाना क्षेत्र में युवक उत्तम कुमार ने मासूम बच्ची के साथ सन 2021 में दुष्कर्म किया था। आरोपी उत्तम जिला जेल में बंद है। इस मामले में तत्कालीन सीओ संजय नाथ तिवारी को गवाही के लिए कई बार बुलाया गया लेकिन वह नहीं आए।दूसरी ओर, हाईकोर्ट लखनऊ बेंच ने मामले को शीघ्र निस्तारित करने के आदेश दिए हैं। इस पर एडीजे राहुल सिंह प्रथम ने अंबेडकरनगर एसपी को सीओ संजय नाथ तिवारी की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। संजय वहां सीओ टांडा के रूप में कार्यरत हैं।

### खेल मैदान हुआ जलमग्न, युवाओं में दिखा आक्रोश




**जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी।** संपूर्णानगर पब्लिक इंटर कॉलेज के ग्राउंड में जलभराव के कारण युवाओं की तैयारियां हुई ठप संपूर्णानगर में जहां एक और सरकार युवाओं और खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और खेल पर ध्यान आकर्षित कर रही है वहीं दूसरी तरफ कस्बे में खिलाड़ियों और युवाओं के लिए एकमात्र खेल का मैदान जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण एक बार फिर से सुर्खियों में है पानी की निकासी ठीक ढंग से ना होने के चलते पहली बरसात में ही पब्लिक इंटर कॉलेज का खेल मैदान जलमग्न हो गया। जहां लोग सुबह सुबह कॉलेज के खेल मैदान में टहलने जाते है वही बच्चे खेलने पहुंचते है लेकिन बारिश के बाद खेल मैदान पूरी तरह से जलमग्न हो गया। आप को बताते चले कस्बा संपूर्णानगर में एकमात्र पब्लिक इंटर कॉलेज का खेल मैदान है। जिसमें बच्चे खेलने के लिए पहुंचते है। लेकिन सुबह शाम टहलने वाले भी इस खेल मैदान का आनंद उठाते है। लेकिन बरसात के दिनों में पानी की सही निकासी ना होने के चलते यह खेल मैदान जलमग्न हो जाता है। जिससे लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि पानी निकासी के लिए नाली बनी हुई है। लेकिन मौजूदा कुछ लोगों द्वारा कचरा फेंक दिया जाता है। जिससे पानी निकासी की नाली चोक हो जाती है और पानी निकास नहीं हो पाता। इसी वजह से खेल मैदान पूरी तरह से जलमग्न हो जाता है। पहले भी कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजन यादव ने नायाब तहसीलदार प्रज्ञा अग्निहोत्री को लिखित प्राथना पत्र दे कर खेल मैदान की सफाई करवाने का कार्य कराया था परंतु खेल मैदान की ओर ग्राम प्रधान का ध्यान न देना सिंगाही की जनता में अत्यंत रोष व्याप्त है जिसका सामना भविष्य में करना पड़ सकता है।

### ए एन एम सेंटर पोखनापुर मे 22 लोगों का हुआ टीकाकरण



**जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी।** रेहरिया क्षेत्र के अन्तर्गत ए एन एम सेन्टर पर गांव पोखनापुर में टीकाकरण का आयोजन किया गया इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर सौम्य अवस्थी की देख रेख में ए एन एम प्रियंका के द्वारा 22 लोगों का टीकाकरण किया गया इस मौके पर आशा पुष्पा देवी, आंगनवाड़ी कुंती देवी मौके पर मौजूद रहीं।

### प्राकृतिक चिकित्सकों के सौंपे अपने जीवन की दैनिक दिनचर्या

**जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद(सीतापुर)।** प्राकृतिक चिकित्सकों को यदि हम अपने जीवन की दैनिक दिनचर्या सौप दें तो तो विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रस्त होने की संभावना कम हो जाती है। उचित खानपान मानव जीवन को स्वस्थ व निरोगी बना सकता है। हमारे शरीर की समस्त क्रियाओं का संचालन हार्मोंस द्वारा ही होता है। डायबिटीज एक खतरनाक बीमारी है। कोल्ड ड्रिंक व ब्रेकरी वाले प्रोडक्ट्स का त्याग कर डायबिटीज से बचा जा सकता है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में सरस्वती हॉस्पिटल एंड न्यूरो सेंटर लखनऊ के चिकित्सकों द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर को संबोधित करते हुए चिकित्सक प्रो. नितिन रंजन गुप्त ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गलत खान पान सभी बीमारियों की जड़ है। एक कुशल चिकित्सक की यही इच्छा रहती है कि उसका मरीज स्वस्थ रहे। सुबह जल्दी उठना, योग, पौष्टिक भोजन व अच्छी नींद लेकर डायबिटीज बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। समाज में शिक्षक जो आचरण करता है उसकी जानकारी उसे नही बल्कि उसके विद्यार्थियों को होती है। हमें एक शिक्षक होने के नाते अच्छे रोल मॉडल बनाने का प्रयास करना चाहिए। निशुल्क चिकित्सा शिविर में शुगर के 105 वां थायराइड की 74 जांचें की गई। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी विरल ने निशुल्क चिकित्सा शिविर में आये प्रो. नितिन रंजन गुप्त, डॉ. हेमंत सिंह, डॉ. राकेश यादव, लैब टेक्नीशियन रोहिणी सिंह, शिवा गौतम, पैथोलॉजी मैनेजर भानु प्रताप सिंह, डायबिटीज काउंसलर डॉ. निरंकार टंडन, मैनेजर इन वॉल रन अश्विनी वर्मा, इनफ्लुएंसर अवधेश कुमार का स्वागत माल्यार्पण स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर किया।

## चेयरमैन ने नगर पंचायत की गौशाला का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/सिंगाही खीरी।** नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने नगर पंचायत की गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा अगर कोई भी गाय बीमार मिले तो इलाज के लिए पशु डॉक्टर को बुलाया जाए। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि गायों को खाने खिलाने में कोई कोर कसर ना रखी जाए और ताज़ा पानी दिया जाए और बीमार गौवंश के इलाज के लिए फौरन पशु चिकित्सा अधिकारी को फोन किया जाए। नगर पंचायत में बनी गोशाला का शनिवार को अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केयर टेकर से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गोशालाओं को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना आवश्यक है। इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पशुओं के देखभाल में कोई कमी न की जाए और समयानुसार इनके लिए चारे व ताज़े पानी की व्यवस्था की जाए। बीमार होने की दशा में इन पशुओं का उचित समय पर उपचार होनी चाहिए। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने केयरटेकर को सख्त निर्देश देते हुए हिदायत दी कि पशुओं को बीमार होने पर तुरंत डॉक्टर को अवगत करा दिया जाए। इस मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जे सी आई संकल्प लखीमपुर के द्वारा डाकियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



अधीक्षक डाकघर के कार्यालय में जे सी आई संकल्प लखीमपुर संस्था के द्वारा डाक विभाग के डाकियों को सम्मानित किया गया उन्होंने बताया की उनकी संस्था के द्वारा प्रत्येक माह उन साइलेंट वर्कर को सम्मानित किया जाता है जो की ईमानदारी और परिश्रम से बिना किसी लाइमलाइट में आए शांतिपूर्वक कार्य करते रहते हैं। इसी क्रम में आज डाक विभाग के पोस्टमैन संवर्ग के 5 कर्मचारियों को सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर डाक अधीक्षक संजय गुप्ता के द्वारा डाकिया डाक लाया से डाकिया बैंक लाया तक के सफर के दौरान डाक विभाग और डाकियो के कार्यों में आए अंतर को बताते हुए बताया की आज हमारा डाकिया डाक वितरण कार्य के अलावा तमाम डोर स्टेप सेवाए यथा डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट, 5 साल से छोटे बच्चो का आधार , आधार में मोबाइल नंबर अपडेशन, पिक अप सुविधा, कामन सेवा केंद्र के विभिन्न सेवाओं, आईपीपीबी बैंक खाते, प्रीमियम खाता, किसान सम्मान राशि प्रीमियम खाता, आधार इनेबल सर्विस से किसी भी बैंक खाते से निकासी की सुविधा, मोटर वाहन बीमा, केवल 299,399 में ग्रुप बीमा, अन्य बीमा सेवाएं इत्यादि सेवाएं प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त डाक विभाग के द्वारा पासपोर्ट सेवा, आधार सेवा, बैंको के मुकाबले अधिक व्याज दर पर अल्प बचत की योजनाओं, केवल 30 रुपया में गंगोत्री से लाया हुआ गंगाजल, मेघदूत प्रोडक्ट इत्यादि सेवाएं दे रहा है। कोरोना काल में भी विभाग खुला रहा । लोगों और संस्थाओं को दवा, इंजेक्शन, दवा उपकरण, सेनेटाइजर, मास्क इत्यादि पहुंचाता रहा। डाकिया गर्मी, ठंड, वर्षा, धूप में भी बिना किसी हिचकिचाहट कार्य करता रहता है। निश्चित रूप से हमारा डाकिया एक परिश्रमी और शांत वर्कर है। नेहा सिंह बचत सहायक के द्वारा अल्प बचत योजनाओं के विषय में बताया गया जबकि एम के शर्मा शाखा प्रबंधक आई पी पी बी के द्वारा बैंकिंग सेवाओं, साइबर फ्रॉड से बचने हेतु उपायों के विषय में विस्तार से बताया। जेसीआई संकल्प के द्वारा बताया गया कि वह बचपन में पोस्टमैन पर निबंध लिखती थी और एक जमाना था जब पत्र आने की सूचना पर कितनी खुशी मिलती थी और गांव मुहल्ले में डाकियों का इंतजार रहता था। सम्मानित होने वाले डाकियों में महेशचंद्र, दीपक कुमार, दीप सक्सेना, सरदार,राजीव रंजन थे। कार्यक्रम का संचालन सुयश मिश्रा ने किया। जे सी आई संकल्प के तरफ से बबिता बरनवाल, प्रिया तिवारी, माला शास्त्री, निधि इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में डाक अधीक्षक संजय गुप्ता के द्वारा सबको आभार व्यक्त किया गया।

## पेंशनविहीन शिक्षकों व कर्मचारियों ने वृहद बैठक की आयोजित

**जन एक्सप्रेस। अख्तर अली**



**निघासन खीरी।** ब्लॉक सभागार रमियाबेहड़ में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले पेंशनविहीन शिक्षकों व कर्मचारियों नें वृहद बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता अटेवा जिला सय्योजक विश्वनाथ मौर्य ने की व संचालन ब्लॉक अध्यक्ष तारकेश्वर राय ने किया। बैठक आयोजन ब्लॉक प्रभारी एवं सहसयोंजक ओमप्रकाश व ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अथिति के रूप में पधारे प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा ने कहा कि पेंशन की व्यवस्था सरकारी सेवा में अपनी पूरी उम्र लगा देने वाले कर्मियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए की गई थी इस पेंशन व्यवस्था को बंद करना और एनपीएस जैसी बाजार आधारित व्यवस्था लाना कर्मचारियों व शिक्षकों के भविष्य के साथ छल है।अटेवा पूरे देश मे पेंशन बहाली के लिए आंदोलन रत है।उन्होंने बताया कि 1 अगस्त से 9 अगस्त तक सांसदों के द्वार घण्टी बजाओ कार्यक्रम होगा फिर 1 अक्टूबर को दिल्ली में पेंशन शंखनाद रैली में पेंशनविहीन अपनी ताकत दिखाएंगे।जिला सयोंजक विश्वनाथ मौर्य ने अपील करते हुए कहा कि सभी साथी गुटों,संगठनों की सीमाएं तोड़कर शिर्फ़ एक मुद्दे पुरानी पेंशन की बहाली पर सभी का साथ मिल रहा हैऔर मिला है,यह साथ आगे भी मिलता रहे,।

उन्होंने बताया कि अटेवा के संघर्ष से आज राजस्थान, झारखंड,छत्तीसगढ़, पंजाब,हिमाचल पेंशन बहाल हुई तो कल उत्तर प्रदेश में पुरानी पेंशन लागू होगी। महामंत्री मनोज वर्मा सने कहा कि 1 अक्टूबर पेंशन शंखनाद महारैली दिल्ली की तैयारी की जा रही है। आप सब किसी के फोन,मैसेज आदि का इंतजार न करते हुए अपने हक के लिए दिल्ली चलने के लिए तैयारी शुरू रकर दीजिए ।जिन साथियो को ट्रेन से जाना हो वे रिजर्वेशन करा लें और जिनको बस के माध्यम से चलना है वह अपने ब्लॉक अध्यक्ष/विभाग प्रभारी के पास अपना नाम और नम्बर नोट करा दें।संतोष वर्मा ने कहा कि हम आप एक दो दिन के लिए सभी कार्यों को दरकिनार करते हुए सुनिश्चित करे कि आपको दिल्ली पहुंच कर अपने हक की आवाज बुलंद करना है। महामंत्री मनोज वर्मा ने कहा कि सभी गिले शिकवे दूर करते हुए आइए हम सब संकल्प लें कि लखीमपुर से कम से कम दो हजार की संख्या मे दिल्ली पहुंचें। जिला सह संयोजक ओमप्रकाश ने कहा सोचने से कहाँ मिलते हैं तमन्नाओं के शहर,चलना भी जरूरी है मंज़िल पाने के लिए *पेंशन हक़ है,लेकर रहेंगे।विश्वास कीजिए हमारे नेतृत्वकर्ता के रूप में विजयबंधु एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो न झुका है न रुका है तो कोई ऐसा कारण नहीं कि हमें पुरानी पेंशन न मिले। अटेवा/एनएमओपीएस अपने मुद्दे पर डटा हुआ है और तब तक डटा रहेगा जबतक हमारा मुद्दा हल न हो जाएं। बैठक में जनपदीय कार्यकारिणी से वरिष्ठ सलाहकार संतोष वर्मा, अवधेश प्रताप सिंह, कमलेश यादव, वीरेंद्र कुमार सिंह जी एवम डी के राम, आशु कुमार, वीरेंद्र पाल, राकेश कुमार, राजेंद्र राजपूत, उमेश चौरसिया, परशुराम, मुकेश कुमार, नीरज कुमार, मिश्रीलाल वरुण कुमार, पंकज गुप्ता, ममता, रेखा, गीता, बदरजहां, रामगोपाल वर्मा संगीता कनौजिया, रविन्द्र अलुना, नीरज, धर्मेंद्र कुमार आदि सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया आरसीसी रोड का उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस/तिकुनियां खीरी।** निघासन ब्लॉक की ग्राम पंचायत भेड़ौरी के मंजरा तकियापुरवा में मंत्री जी के पहुंचने पर ग्रामीणों व कार्यकर्ताओ ने फूल मलाओ से स्वागत किया और भेड़ौरी साधन समिति कि टीम ने गणेश भगवान कि स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया आने कि बधाई भी दी, गांव में बनी सीसी रोड का उद्घाटन केंद्रीय ग्रह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने पूजन के साथ फीता काट कर किया। टेनी ने कहा कि आने वाले दिनों में गांव की कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहेगी । कोई भी घर बिना बिजली पानी का नहीं होगा। हर गांव-गली में पाइप लाइन बिछा कर जलापूर्ति की जा रही है। कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने समाज के हर तबके के लिए कार्य किया है। टेनी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मुहैया कराया जा रहा है और भाजपा के कार्यकर्ताओ को हर गांव में जन सम्पर्क अभियान के तहत जागरूक करने को भी कहा इस कार्यक्रम में संचालन कर रहे हरीश पटेल, सांसदप्रतिनिधि अरविन्द सिंह, दीपक तलवार, जिला पंचायत सदस्य संजय गिरी, समाज सेवी व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा, छोटेलाल वर्मा , दीपक सोनी, सिंगहा प्रधान श्याम मोहन दीक्षित, नौरंगाबाद प्रधान यदुवेन्द्र अवस्थी, हरद्वाही प्रधान सौरभ वर्मा,भेड़ौरी प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव कुमार वर्मा, सरवण वर्मा, अशोक राठौर खजान पाल, संदीप पाल, पत्रकार अजय वर्मा, गौरव पटेल, ऐसे तमाम छेत्रवासी मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस

## डीएम ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन**



**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी, थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है।

इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना कोतवाली सदर पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों को समस्याओं मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के पहले व चौथे शनिवार को हर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन होता है।

## पीएम आवास योजना के अंतर्गत वितरित की गई गृह प्रवेश चाभी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



सेक्रेड हार्ट इण्टर कालेज सीतापुर के हाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री राकेश राठौर (गुरू), जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, विधायक सेवता के प्रतिनिधि ओम प्रकाश मिश्रा, जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा द्वारा लाभार्थियों को गृह प्रवेश,चाभी का किया गया वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी द्वारा 'हाउसिंग फॉर आल' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत जनपद वाराणसी से प्रदेश के 4.51 लाख आवास के लाभार्थियों को धनराशि रू. 5442 करोड़ की लागत से निर्मित आवासों का गृह प्रवेश,चाभी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ महामहिम राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, मुख्यमंत्री उ.प्र. योगी आदित्यनाथ जी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने उपस्थित विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के एजेंडे में गरीब नहीं होता था। देश में एनडीए की सरकार आने के बाद गरीब, गांव, किसान, महिलाओं और नौजवानों को बिना भेदभाव के सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया, उन्होंने कहा कि जो विकास पहले जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद खा जाता था, आज वह विकास हर गरीब को मिल रहा है। आज आवास योजना का लाभ लोगों को मिलना इसी विकास का हिस्सा है। मा0 प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हर्ष की बात है कि आवास योजना की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

इसी क्रम में जनपद में सेक्रेड हार्ट इण्टर कालेज के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में उपस्थित प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी महिलाओं एंव पुरूषों ने प्रधानमंत्री द्वारा चाबी वितरण कार्यक्रम एवं उनके सम्बोधन का लाइव प्रसारण देखा और सुना।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा द्वारा प्रत्येक ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लगभग 10 एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 05 लाभार्थियों को चाभी वितरित करते हुए उनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। उल्लेखनीय है कि जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 2.35 लाख आवास आवंटित किये गये है व आयुष्मान कार्ड के लगभग 07 लाभार्थियों को कार्डों का वितरण किया गया।

## चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा चोरी के माल सहित चोर पुलिस गिरफ्त में

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चोरी, नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षकगण को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में थाना सदरपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान विजय पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम लोनियनपुरवा बैदोरा थाना रेउसा जिला सीतापुर, महेश पुत्र गोपी निवासी ग्राम लोनियनपुरवा बैदोरा थाना रेउसा जिला सीतापुर, ओमकार पुत्र गोपी निवासी ग्राम लोनियनपुरवा बैदोरा थाना रेउसा जिला सीतापुर को जदवापुर मोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण उपरोक्त के पास से चोरी की घटनाओं से संबंधित 33,600 रुपये एवं जेवरात बरामद तथा अभियुक्त विजय उपरोक्त के पास से 1 तंमचा मय 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा जनपद सीतापुर के थाना तालगांव व थाना बिसवां में हुई चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की गयी है। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध पूर्व में बिसवां जनपद सीतापुर अभियोग पंजीकृत हैं। उल्लेखनीय है कि अभियुक्तगण विजय व महेश उपरोक्त के विरुद्ध पूर्व में भी जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों पर यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट, हत्या का प्रयास,चोरी, नकबजनी, अवैध मादक प्रदार्थ, शस्त्र रखने जैसे धाराओं में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त महेश थाना रेउसा का मजारिया हिस्ट्रीशीटर भी है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये उनके द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति के सम्बन्ध में सूचना, साक्ष्य संकलित कर जब्तीकरण की कार्यवाही शीघ्र ही अमल में लायी जायेगी। पकड़े गए चोरो का नाम विजय पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम लोनियनपुरवा बैदोरा थाना रेउसा जिला सीतापुर, महेश पुत्र गोपी निवासी ग्राम लोनियनपुरवा बैदोरा थाना रेउसा जिला सीतापुर, ओंमकार पुत्र गोपी निवासी ग्राम लोनियनपुरवा बैदोरा थाना रेउसा जिला सीतापुर है।

# बीएसए के औचक निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति रही आधी, शिक्षक लापता

## अव्यवस्थाओं पर मांगा स्पष्टीकरण, अनुपस्थित शिक्षकों की वेतन कटौती

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**




जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय शनिवार को जनपद के दो कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित छह विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर संबंधित मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीएसए श्री पांडेय सर्वप्रथम साढ़े 11 बजे बनिकोदर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय असेना पहुंचे।

यहां निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार वर्मा बिना सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित मिले। जिनका एक दिन का वेतन रोक कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। यहां विद्यालय में 264 पंजीकृत बच्चों में से मात्र 73 बच्चे ही विद्यालय में उपस्थित मिले। यहां पुस्तकों का वितरण भी नहीं किया गया था। साथ ही कुछ बच्चों ने ड्रेस भी नहीं पहनी थी। यह सब देखकर बीएसए ने संबंधित शिक्षक को तत्काल बच्चों से जुड़ी समस्या का समाधान करने के कड़े निर्देश दिए। इसके उपरांत श्री पांडेय ने दरियाबाद विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय दरियाबाद प्रथम का निरीक्षण किया। यहां भी 54 बच्चों के सापेक्ष मात्र 28 बच्चे विद्यालय में उपस्थित मिले। यहां का नजारा अजीबो गरीब था। बच्चे घूम रहे थे, जबकि शिक्षक स्टाफ रूम में मौजूद थे। श्री पांडेय के यहां निरीक्षण के दौरान समय सारणी प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिसके बाद बीएसए ने प्रधानाध्यापक से तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है। यहां के निरीक्षण के उपरांत भी ऐसे श्री पांडेय दरियाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां 100 छात्राओं के साथ 135 छात्राएं उपस्थित थी। यह बीएसए ने संबंधित महत्व को पंजीकृत छात्रों के हिसाब से उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। पूरेडलई विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय अजयमऊ के निरीक्षण के समय प्रभारी प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश गौतम विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए। और यहां पंजीकृत 110 बच्चों के सापेक्ष 49 बच्चे विद्यालय में उपस्थित मिले। यहां निरीक्षण के समय क्लास खाली थे और स्टाफ कक्षाओं के स्थान पर स्टाफरूम में मौजूद था। यहां रसोईघर का निरीक्षण के दौरान बच्चों का खाना चूल्हे पर पकता पाया गया।

कार्यालय में आयरन की गोलियों का भंडारण भी पाया गया। जोकि जून 2023 में एक्सपायर हो चुकी थी। यहां श्री पांडेय ने विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने, मध्यान भोजन चूल्हे पर बनाने आदि के संबंध में प्रधानाध्यापक सहित स्टाफ से स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बाद श्री पांडेय ने इसी विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय जीवन का निरीक्षण किया। जहां पर नामांकन 254 बच्चों का था। जबकि निरीक्षण के समय 95 बच्चे उपस्थित थे। अंत में बीएसए श्री पांडेय लगभग एक बजकर तीस मिनट पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पूरेडलई पहुंचे।

जहां निरीक्षण के समय वार्डन मीना सिंह, पूर्णकालिक शिक्षिका शोभा पांडेय, विजयलक्ष्मी तथा अंशकालिक शिक्षिका सुमन पाल अनुपस्थित पाई गई। यहां बच्चों की नामांकन संख्या 100 के सापेक्ष 60 छात्राएं उपस्थित मिली। बीएसए ने अनुपस्थित वार्डन सहित शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही उपस्थित स्टाफ से आगामी नेट परीक्षा के लिए बच्चों की तैयारी कराने तथा उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

# प्रदेश में खिलाड़ियों का चयन जिले के लिए गर्व की बात: प्रमुख सचिव

**जन एक्सप्रेस । उरई**




प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन के रविन्द्र नायक, डीएम चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में पुलिस लाईन के सभागार में डीसीए जालौन की 53 वीं वार्षिक बैठक में क्रिकेट एसोसिएशन की नयी कार्यकारणी के गठन पर चर्चा हुई। एसोसिएशन के तीन वर्षीय चुनाव में प्रमुख सचिव रविन्द्र नायक को अध्यक्ष चुना गया। जिसमें चार उपाध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष निरंजन आईएएस, उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप चंद्र भैया जी, सुरेश निरंजन, विनोद चतुर्वेदी सचिव पद के लिए विकास कुमार शर्मा, दो ज्वाइंट सेक्रेट्री पद के लिए विनय कुमार और हरेंद्र विक्रम सिंह विभिन्न एकेडमियों से 7 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। प्रमुख सचिव ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल के लिये प्रोत्साहित किया जाये। ताकि जनपद के खिलाड़ी प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके। यूपीसीए के डायरेक्टर श्याम बाबू ने बताया कि इस वर्ष भी जनपद में ऑल इंडिया और स्टेट टूर्नामेंट आयोजित होगा। जिसमें इस बार का ऑल इंडिया एक ऐतिहासिक टूर्नामेंट साबित होगा।

# किसी भी सूरत में नहीं बख्शे जाएंगे लापरवाह लोग: डीएम चांदनी सिंह

**✻ लापरवाही से युवक की हुई मौत के मामले को डीएम ने लिया संज्ञान, डॉक्टर व प्राइवेट पैथोलॉजी संचालक पर मुकदमा दर्ज करने के दिए निर्देश**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कालपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर व प्राइवेट पैथोलॉजी संचालक की लापरवाही के चलते हुई युवक की मौत के मामले में डीएम ने दोनों लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। कालपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर व प्राइवेट पैथोलॉजी की लापरवाही से युवक की हुई मौत के मामले को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने गंभीरता से लिया और उप जिलाधिकारी कालपी व एसीएमओ की टीम से मौत के कारणों की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई। जिलाधिकारी को जांच टीम से मिली रिपोर्ट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर उदय कुमार की प्राइवेट पैथोलॉजी कलीम शाँह से सांठगांठ होने से युवक का समय से उपचार नहीं हो सका। जिस कारण उसकी मौत हो गई। फिलहाल डीएम ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के डॉक्टर उदय कुमार व प्राइवेट पैथोलॉजी के संचालक कलीम शाँह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की गई। संबंधित डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी अमल में लाए जाने के लिए निर्देश दिए। मामले डीएम चाँदनी सिंह ने कहा कि उक्त प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है। चाहे डॉक्टर हो अधिकारी हो या फिर कोई भी प्रभावशाली व्यक्ति हो लापरवाही पर उसे किसी भी प्रकार से बख्शा नहीं जाएगा।

## मारपीट के अलग-अलग तीन मामले दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के झांसी रोड रघुवीर धाम के पास निवासी भूपेंद्र पटेल पुत्र सुरेश ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उमाशंकर पुत्र श्री गोपाल निवासी अज्ञात ने उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरा मामला शहर के कांशी राम कॉलोनी निवासी सीमा पत्नी संजीवन कठेरिया ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति संजीवन पुत्र रामकिशोर ने उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज करने के बाद घर से निकाल दिया। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं तीसरा मामला एट थाना व कस्बा निवासी सोनू पुत्र रामदास ने थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि नंदू कुशवाहा पुत्र शंकर कुशवाहा ने उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों मामलों को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

## उद्योग विभाग सिखाएगा व्यापार की बारीकियां

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** यदि आप एक जनपद एक उत्पाद से जुड़कर उद्योग स्थापित कर चुके है या करने जा रहे है। और उसकी बारीकियां सीखना चाहते है। तो जिले का उद्योग विभाग आपको 10 दिन का प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इस प्रशिक्षण के प्राप्त करने के बाद आप व्यापार करने के साथ-साथ उसे स्थापित करने में दक्ष हो जाएंगे। जिले का उद्योग विभाग जनपद के ओडी ओपी उत्पाद हरहकरघा एवं वस्त्र उद्योग को और गति देने के लिए अब इस उद्योग की बारीकियां सिखाने की तैयारी कर चुका है। इसके लिए उद्योग विभाग ने इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे है। विभाग के पोर्टल पर इच्छुक लोग अपने दस्तावेज अपलोड कर आवेदन कर सकते है। कौशल विकास प्रशिक्षण एवं टूल किट वितरण योजना के तहत यह प्रशिक्षण 10 दिनों का होगा। इस प्रशिक्षण का लाभ लाभार्थी आने वाली 5 अगस्त तक ले सकते है। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए व्यक्ति के पास उसका आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो व आयु प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

# महादेवा मेले में चप्पे-चप्पे पर हो चाक-चौबंद व्यवस्था: अपर पुलिस अधीक्षक

**जन एक्सप्रेस । रामनगर-बाराबंकी**

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आशुतोष मिश्रा शनिवार को महादेवा मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने संबंधित मातहतों से चप्पे-चप्पे पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बता दें कि सोमवार को यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की आशंका है। जिसके चलते जिले का पूरा प्रशासनिक अमला मेले की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगा हुआ है।

शनिवार को एएसपी ने तहसीलदार कविता ठाकुर व सीओ हर्षित चौहान के साथ संपूर्ण मेला परिसर मैं भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मार्ग में जलभराव की समस्या का तत्कालीन अस्थाई निस्तारण किया गया वहीं ठेकेदार द्वारा अभरण सरोवर में बैरिकेडिंग लगाने का कार्य धीमा पाने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। और दिए गए कार्य को तय समय पर किए जाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। जलभराव से निजात पाने के लिए बैरिकेडिंग होल्डअप के किनारों की जुड़ाई का कार्य हो रहा था जिसे रविवार की शाम तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। संपूर्ण मेला परिसर सहित गर्भ ग्रह के सीसीटीवी कैमरा को कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने महादेवा चौकी पर दुकानदारों के साथ बैठक कर सभी खाद सामग्री की सूची निर्धारित कर दुकानों के सामने चस्पा कराने के निर्देश दिए है। साथ ही मेला परिसर में सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि अगर उनके पास पॉलिथीन मिली तो उनपर जुर्माना लगेगा। खाद सामग्री गुणवत्ता विहीन पाए जाने पर खाद निरीक्षक उस दुकानदार पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### दुकानें सज धज कर तैयार

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 दिन पूर्व से ही दुकानदार अपनी दुकानें लगाने व सजाने में जुट गए है। ऐसे में जिनकी दुकानें छोटी है वह सभी सज-धज कर तैयार हो गई है, लेकिन जो दुकानें बड़ी है। उन्हें सुव्यवस्थित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। मंदिर के पीछे की गली में मौजूद दुकानों में मिठाई की भारी मात्रा में बिक्री होती है। इसके साथ ही मेले में सबसे ज्यादा दुकाने लय्या, मीठे दाना, सिंदूर बिंदी और बच्चों के खिलौनों आदि की लग गई है।

### बढ़ाया गया पुलिस बल

शुक्रवार की तुलना में शनिवार को यहां ज्यादा संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अब जैसे-जैसे सावन के प्रथम सोमवार का दिन नजदीक आ रहा है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था और भी ज्यादा चाक-चौबंद हो रही है।



# अंतर्जनपदीय 25 हजार का इनामिया मुठभेड़ में गिरफ्तार

**✻ थाना पुलिस एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को मिली सफलता**

**✻ मुठभेड़ के दौरान हुई कई राउंड फायरिंग पैर में गोली लगने से आरोपी घायल**

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



कदौरा थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे अंतर्जनपदीय 25 हजार के इनामी गोकश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान हुई कई राउंड फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

कदौरा थाना पुलिस व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम शनिवार को कदौरा क्षेत्र में गस्त पर थी। उसी समय मुखबिर द्वारा टीम को क्षेत्र में एक वांछित बदमाश के होने की जानकारी मिली। टीम कदौरा क्षेत्र के बेरी रोड पर पुलिया के पास पहुंच गई। तभी टीम ने स्कूटी पर सवार बदमाश को जब रोकने का प्रयास किया, तो उक्त बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

इधर जवाब में पुलिस ने भी गोली चला दी। जिससे एक गोली बदमाश के पैर में लग गई। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश गोकशी मामले में वांछित है। उस पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित है। बदमाश ने अपना नाम मुहम्मद शाहिद कुरैशी निवासी मुहल्ला खालेपुरा कोतवाली हमीरपुर बताया है। पुलिस ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मामले में पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने बताया कि पकड़े गए बदमाश पर जालौन और हमीरपुर जिले में गोकशी व संगीन धाराओं में 13 मुकदमे दर्ज हैं।

# अज्ञात कारणों के चलते गरीब के आशियाने में लगी आग, हजारों का हुआ नुकसान

**जन एक्सप्रेस । उरई**



एट के वार्ड नंबर 1 में स्थित गरीब की झोपड़ी में देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिससे वह पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया, और उसमें रखा गेहूं सहित गृहस्थी का अन्य सामान जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। कस्बा एट के वार्ड नंबर एक निवासी हरकिशन प्रजापति एक गरीब परिवार से हैं। जो मिट्टी के बर्तन बनाकर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताया गया कि रोज की तरह शुक्रवार रात को गरीब का परिवार खाना खाकर सो गया। तभी देर रात को अज्ञात कारणों के चलते उसके मकान में आग लग गई, और छप्पर धू-धू कर जलने लगा। घर में लगी आग की जानकारी होने पर परिजन जाग गए और उन्होंने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर का आस पड़ोसियों के अलावा मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए।

मोहल्ले के लोगों ने अपने घरों में लगी समरसेवल चला कर किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा दो कुंतल कुंतल गेहूं, कपड़े, बर्तन सहित गृहस्ती का अन्य सामान जलकर राख हो गया। बताया गया कि आग लगने से गरीब का करीब 30 हजार का नुकसान हो गया। वही हरकिशन ने नगर पंचायत प्रतिनिधि लालजी निरंजन को इसकी जानकारी दी।

मौके पर पहुंचकर प्रतिनिधि ने लेखपाल को अवगत कराया। फिलहाल आग की घटना से गरीब परिवार एकदम भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है।

# थाना दिवस में 13 मामले, 4 का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र पचौरी व नायब तहसीलदार राजेश कुमार पाल की मौजूदगी में स्थानीय कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में 13 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिसमें 4 मामलों को मौके पर निस्तारित कर दिया गया। कोतवाली के मीटिंग हॉल में आयोजित समाधान दिवस में ग्राम रायढ़ दिवारा निवासी आसाराम ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी के खेत में खड़ी लाही की फसल को विपक्षी लोगों ने कटवा दिया तथा खेतों मे मिट्टी की खुदाई कराई है। उषा देवी पत्नी स्वर्गीय नरेंद्र निवासिनी ग्राम तिरही ने गुहार लगाई कि हमारे खेतों एवं मकान की जगह को बटवारा कराकर दिलाई जाए। रॉयढ़ गांव के रहने वाले संत कुमार ने बताया कि विपक्षी लोग हमारी जमीन को अवैध कब्जे में ले रहे हैं।

इसी प्रकार महावीर ने जमीन के मामले को लेकर विपक्षी लोगों के द्वारा परेशान करने की शिकायत की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामलों को निपटाने के लिए राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा नगर पालिका के कर्मचारियों की अलग-अलग टीमों को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मामलों को गुणवत्ता पूर्वक निपटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान दिवस में मामले 13 प्रस्तुत किए गए हैं। जिनमें 4 को मौके पर निस्तारित कर दिया गया है। शेष मामलों को निपटाने के लिए पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर अतिरिक्त इस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, दरोगा अमर सिंह, चेतराम बुंदेला, लेखपाल सदर जितेन्द्र कुमार यादव, प्रमोद द्विवेदी, संजय सिंह, राजेश कुमार, रश्मि गौतम, विद्या सागर, लेखपाल समेत जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद रहे।

## दबंगों ने भैंस के पैर में लाठी मारकर पैर तोड़ा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेढर थाना क्षेत्र के ग्राम नवली निवासी उषा देवी पत्नी सुरेंद्र ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही सुखराम ने उसकी भैंस को लाठी मार दी। जिससे उसका पैर वसीम टूट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## धोखाधड़ी करके जमीन बेची, मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम नाथूराम पुत्र गोवर्धन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वीरेंद्र सिंह पुत्र गंगाराम निवासी हमीरपुर थाना रामपुरा और चार नफर लोगों ने मिलकर उसकी भूमि छल कपट करके विक्रय कर दिया और पूछने पर उसको गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी इस पर पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एससी-एसटी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी निवासी सुशील कुमार पुत्र प्रहलाद ने आटा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है। प्रिंस यादव पुत्र पूरन यादव ने वादी के पुत्र के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज कर दी।

# मछली से लदी पिकअप लगी पुलिस के हाथ, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कुठौंद**

थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे प्रभारी निरीक्षक ने गस्त के दौरान मछली से लदी पिकअप लोडर को पकड़ लिया। जबकि मौके से पुलिस ने 2 लोगों को हिरासत में लिया है।

कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी अपने अधीनस्थों के साथ क्षेत्र में गस्त करने में लगे हुए थे। तभी उन्होंने जालौन औरैया हाइवे पर माधौगढ़ तिराहा से गुजर रही एक पिकअप लोडर को शक के आधार पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पिकअप में नदी मछली बरामद कर मौके से पिकप पर सवार दो लोगो को हिरासत लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो से पूछताछ करने के बाद दोनों लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। वही मौके पर पहुंचे मत्स्य विभाग अधिकारी दीप माला, डॉक्टर मुनीश एड़ीएफ द्वारा कुठौंद प्रभारी निरीक्षक की देखरेख में मछली की नीलामी 25 हजार रुपये में कराई गई। नीलामी के दौरान भानू निषाद की बोली सबसे अधिक रही और मछली दे दी गई। लेकिन मछली ठेकेदार गंभीर सिंह ने मत्स्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि पूरा मत्स्य विभाग पैसा लेता है। जिसके चलते रोक के बावजूद सभी लोग अपना काम करते है। जबकी शासन के द्वारा एक जुलाई से लेकर 30 सितंबर तक मछली पकड़े जाने की रोक लगाई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

**✻ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस को दी तहरीर**

**जन एक्सप्रेस । सिरसा कलार**

थाना क्षेत्र के कस्बा में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते नवविवाहिता की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही खबर मिलते ही पहुंचे मायके पक्ष द्वारा ससुरालियों द्वारा की गई हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी।

सिरसा कलार निवासी अंजली पत्नी शिवम सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों द्वारा घटना की जानकारी मृतका के मायके पक्ष को दी गई। सूचना मिलते ही माधौगढ़ थाना क्षेत्र के अटागांव निवासी पिता शान्ति स्वरूप पुत्र चिन्तामणि सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए।

मृतक महिला के पिता ने बताया कि उसने अपनी पुत्री अंजली की शादी 15 जून 23 में कस्बा सिरसा कलार निवासी शिवम सिंह पुत्र मुन्ना बाबू से साथ हुई थी। बताया कि शनिवार को फ़ोन पर सूचना मिली की उसकी पुत्री की अज्ञात कारणों के चलते उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पीड़ित मौके पर पहुंचा, तो पुत्री को मृत पड़ा पाया।

फिलहाल मायके पक्ष ने ससुरालियों द्वारा ससुराल में की गई हत्या की आशंका जताते हुए घटना की तहरीर पुलिस को दी है। मामले में सीओ जालौन रविंद्र गौतम का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल पाएगा।

## धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा थाना व कस्बा निवासी अंकित दीक्षित पुत्र शिव कुमार दीक्षित थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया। उमेश चंद्र पुत्र अज्ञात निवासी 12 बीघा के सामने नया रामनगर और दो नफर लोगों ने मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी करके पैसे ना देने पर मांगने पर उसको गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। और उसको घर से भगा दिया। इसपर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

# मंडलायुक्त ने की चौदहकोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में चौदहकोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। मंडलायुक्त ने पंचकोसी, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के चौडीकरण से प्रभावित सभी भूस्वामियों के रजिस्ट्री की प्रगति आदि सम्बन्धी जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त की तथा जिन बैनामो में समस्यायें आ रही थी उनके सम्बन्ध में एक-एक कर जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जिन जिन भूखंडों में विवाद की स्थिति है उनकी एक सूची बना ले और अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर आपसी सुलह समझौते के माध्यम से विवाद निस्तारण कराते हुए वास्तविक भूखंड स्वामियों से सहमति प्राप्त करते हुए कब्जा प्राप्त करना सुनिश्चित करें।मंडलायुक्त ने बैनामे एवम मुआवजा वितरण के



उपरांत जनौरा सहित अन्य प्रमुख स्थानो पर कब्जा प्राप्ति की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसी सप्ताह में सभी बैनामे एवम आर0एंड आर0 का वितरण सुनिश्चित कराते हुए ध्वस्तीकरण हेतु जेसीबी की संख्या बढ़ाई जाय तथा निरंतर अंतराल पर जेसीबी के माद्यम से ध्वस्तीकरण वृहद स्तर पर किया जाय और इसके सम्बन्ध में प्रभावित दुकानदारो/भू स्वामियों को पूर्व की भांति विज्ञप्ति के माद्यम जागरूक भी करते रहे।

इसके अतिरिक्त मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन रामपथ के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि रामपथ में जहां जहां पर जन सुविधाओं यथा शौचालयो, बस वे सहित अन्य सुविधाओ की स्थापना किया जाना है उसका कार्य तत्काल प्रारम्भ किया जाय।

बैठक में उपस्थित जिलाधकारी नितीश कुमार ने कहा कि 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग में चौराहों, मोड़ो और जिन स्थलों पर जनसुविधाओं हेतु अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता हो उन स्थलों पर इसी समय अतिरिक्त भूमि का क्रय कर लिया जाय जिससे कि बाद में कोई समस्या न उत्पन्न हो।

# पूर्व विधायक ने आवास योजना के लाभार्थियों को वितरित की चाभियां



जन एक्सप्रेस। जरवा (बलरामपुर)

विकासखंड गैसड़ी के ग्राम पंचायत मोहकमपुर जरवा में शनिवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शकील खान तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश मिश्रा के द्वारा आयोजित सभी को निःशुल्क आवास गृह प्रवेश और चाबी वितरण कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा गैसड़ी पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, विकास खंड अधिकारी अवनींद्र पांडे, ग्राम सचिव राजेश सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत मोहकमपुर के अनीता, प्रिया, सरिता, जहिरुनिशा, लक्ष्मी, पूजा, सोनापति, मधुबाला, इंदुमती, शिवकुमारी, सरस्वती, हरिराम, जैतूनिशा सहित 21 आवास लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना तथा 6 महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाभी वितरित की गई।

पूर्व भाजपा विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने आवास लाभार्थियों तथा ग्रामीणों से संवाद में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन करने के तरीके तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा कर सभी को सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में बताया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शकील खान तथा सचिव राजेश सिंह के साथ विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं से अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालय में दाखिला करवाने तथा नामांकित बच्चों को साफ सुथरा कर सुबह सवेरे समय से स्कूल भेजने की आग्रह किए। चाबी वितरण कार्यक्रम में ग्राम बेतहनिया कनहैडीह प्रधान प्रतिनिधि नसीम खान, रनियापुर प्रधान चेतराम, पंचायत सहायक शिवांगी मिश्रा, नीरज, पिंकू, खेम सिंह राणा, सफीक अहमद, चुनमुन सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

विकासखंड गैसड़ी के ग्राम पंचायत नगरी में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि थानेश्वर यादव के द्वारा चाबी वितरण वह निशुल्क गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गांव के पात्र लाभार्थियों को निशुल्क आवास उपलब्ध कराया गया। तथा साथ-साथ घर जाकर गृह प्रवेश भी करवाया गया।

# बाबा की पुलिस के भय से गो वधिक ने किया सरेंडर

**समाधान दिवस में सीओ के समक्ष आत्मसमर्पण करने पहुंचा गोवध का अभियुक्त**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या




जिले के कोतवाली रूदौली में ऐसा पहली बार हुआ है कि गोवध जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देकर फरार होने वाला अभियुक्त खुद ही अचानक डेढ़ वर्ष बाद पुलिस के सामने पहुंच आत्म समर्पण किया है।इस घटना को देख वहां मौजूद पुलिसकर्मी व अन्य लोग अचंभित हो गए। बहरहाल अभियुक्त ने सीओ रूदौली सतेंद्र भूषण तिवारी से कहा मुझसे एक बार गलती हुई है। अब जीवन में दोबारा ऐसे किसी अपराध में शामिल नही होंगे। मुझे आप पर भरोसा है इसलिए मैं आपके समक्ष आत्मसमर्पण करने आया हूँ। बताते चलें कि रूदौली कोतवाली अंतर्गत शुजागंज चौकी क्षेत्र के ऐथर गांव के बाहर 2022 में कुछ गोवधिकों ने मिलकर एक गोवंश की निर्मम हत्या की थी। जिसकी भनक पुलिस को लगते ही छापामार कार्यवाही की। इस मामले में पुलिस 6 अभियुक्त के विरुद्ध गोवध का मुकदमा दर्ज कर पांच अभियुक्तों को पहले ही जेल चुकी है। छठा अभियुक्त अकबर अली पुत्र मोबीन घटना वाले दिन से फरार चल रहा था।जिसकी तलाश में कोतवाल देवेंद्र सिंह कई बार छापेमारी भी कर चुके हैं। लेकिन ये हर बार पुलिस के चंगुल से बच जाता था। शुक्रवार को एसएसपी राज कुमार नैय्यर रूदौली क्षेत्र का अचानक दौरा किया। अपराधियों को जेल भेजने का सख्त निर्देश दिया था। जिसके बाद सर्किल की पुलिस सीओ रूदौली सतेंद्र भूषण तिवारी की अगुवाई में देर रात तक छापामार कार्यवाही करते रहे। लेकिन कोई सफलता हाथ नही लगी। शनिवार को सीओ रूदौली मय रूदौली कोतवाल के साथ रूदौली कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद सुन रहे थे कि उसी समय सीने पर एक पोस्टर लगाए गोवध अपराधी अकबर अली पुत्र मोबीन सीधे सीओ रूदौली के पास पहुंचा और कहा साहेब मैंने गोवध जैसा जघन्य अपराध किया था।इसमें मेरी पत्नी डेढ़ वर्ष से जेल में है।मैं फरार था। मैं आप पर विश्वास कर आत्मसमर्पण करने आया हूँ।मैं अब जीवन में दोबारा ऐसे किसी अपराध को नही करूंगा। मेरा घर बर्बाद हो गया है। मुझे मेरे गुनाहों की सजा दिलाकर मेरी मदद करें। इस बावत सीओ रूदौली सतेंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि अभियुक्त अकबर अली ने आज समाधान दिवस में आत्मसमर्पण किया है। उसे हिरासत में लेकिन विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## डीएम-एसपी ने थाना दिवस में पहुंचकर सुनी जनता की फरियाद, निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** माह के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी अरविंद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा थाना उतरौला एवं श्रीदत्तगंज में फरियादियों की शिकायतें सुनी गई। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही वादी एवं प्रतिवादी में समझौता करते हुए कई शिकायतों का निस्तारण कराया गया। थाना दिवस में जमीनी विवाद के छोटे-छोटे विवाद को ग्राम स्तर पर ही लेखपाल, पुलिस एवं सचिव की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारण किया जाए। थाना दिवस में आने वाली शिकायतों का निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष उतरौला, श्रीदत्तगंज उपस्थित रहे।

# संपर्क से समर्थन अभियान चलाकर सदर विधायक ने मांगा समर्थन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के नगर मंडल भगवती गंज में शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पलटू राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत जनसंपर्क कर 2024 के लिए समर्थन मांगा। जानकारी के अनुसार 8 जुलाई सदर विधायक पलटू राम ने संपर्क से समर्थन अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा श्रावस्ती के अंतर्गत नगर मण्डल(बलरामपुर)में विभिन्न वरिष्ठ व प्रतिष्ठित व्यापारियों तथा अन्य सम्मानित व्यक्तियों से मिलकर 2024 के लिए समर्थन मांगा। अभियान मे अभिषेक अग्रवाल, पवन कुमार शर्मा, अमित अग्रवाल, रोहन अग्रवाल, मांगी लाल चौधरी, रमेश पहवा, उदयभान चौधरी, प्रमोद चौधरी, आनंद कुमार अग्रवाल, अनुज कुमार अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, विजय अग्रवाल, शिव कुमार, नीरज अग्रवाल, सुनील चौहान, सुभाष अग्रवाल, अमन अग्रवाल, शिव



नरेश सिंह, शिव कुमार जायसवाल, अजय कुमार जायसवाल, राकेश कुमार गुप्ता, राजेश कुमार पटेल, केदारनाथ, मनीष कुमार, बद्री प्रसाद, प्रथम जायसवाल, विजय कुमार गुलाटी, सौरभ केसरवानी व सुभाष पाण्डेय से मिलकर पुस्तिका भेंट की तथा 9090902024 डायल कराकर पुनः 2024 में मा0मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा। विधायक के साथ भाजपा उपाध्यक्ष प्रवीण तिवारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश मिश्रा आकाश पांडे आशीष सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बढ़ती महंगाई से महिलाएं हो गई हैं परेशान: सरोज यादव

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने अपने साथियों के साथ हांसापुर में अपने साथियों को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने एवं हर विधानसभा, हर ब्लॉक हर बूथ पर महिला संगठन को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करने एवं उनको आगे बढ़ाने की बात करते हुए कहा कि हम इस देश की आधी आबादी है और अगर महिला बहने मजबूत रहेंगी तो 2024 में हम इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे जिस तरह से सरकार महंगाई दर महंगाई बढ़ा रही है किचन महंगा कर दिया है बच्चों की किताब कापी महंगी हो गई है हर एक चीज महंगी है जिससे महिलाएं सफर कर रही हैं ऐसे में हम महिलाओं को अब कमर कसनी होगी और 2024 में सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना होगा जिससे आने वाला समय में महंगाई बेरोजगारी असुरक्षा आदि पर नियंत्रण लगाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी महिला बहने बहुत ही मजबूत है और अगर हम कुछ ठान लेते हैं वह काम करने की जज्बा रखते हैं इसलिए हम अपनी बहनों से संगठन को और अधिक धार देने एवं मजबूती प्रदान करने के लिए आवाहन करते हैं जिससे वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का काम कर सके। श्रीमती सरोज यादव जी ने कहां की समाजवादी पार्टी ने ही महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिया है, चाहे पंचायतों में महिलाओं का आरक्षण हो चाहे नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी हो चाहे समाजवादी पेंशन के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मामला हो। उन्होंने कहा की उत्तर



प्रदेश देश को प्रधानमंत्री देता है। लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा चुनाव है। भाजपा देश के बड़े विपक्षी नेताओं के खिलाफ तमाम तरह की साजिश और षडयंत्र कर ईडी और सीबीआई का प्रयोग कर लोकसभा चुनाव 2024 को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। भाजपा मंहगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को दबाने के लिए जबरन विपक्षी नेताओं को फर्जी केस में फंसाती है। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। भाजपा के इन हथकंड़ो से संघर्षशील नेता और कार्यकर्ता डरने वाले नही उत्तर प्रदेश में सिर्फ 4 प्रतिशत बेरोजगारी दर बताई जा रही है जो सरासर गलत है। इसका मतलब क्या 90 प्रतिशत बेरोजगारों को रोजगार मिल गया है? गैस सिलेण्डर, सब्जी, दूध, आटा, दाल सब महंगा हो गया है। महंगाई से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। भाजपा के पास महंगाई कम करने का कोई भी जवाब नहीं है।किसान छला गया है। उसको न तो एमएसपी मिली नहीं उसकी आय दुगनी हुई। गन्ना किसान को बकाया भुगतान भी नहीं मिला। नौजवान का भविष्य अंधेरे में हैं। शिक्षामित्र आज भी परेशान और बेहाल हैं। गरीब की रोजी-रोटी पर आफत है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है।

अपराधी बेखौफ हैं। खाकी की साख में गिरावट है। सरोज यादव जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। सरकार पूरी तरह से फेल है न नौजवानों को रोजगार दे पाई, न महिलाओं को सुरक्षा, न महंगाई को नियंत्रित कर पा रही है जनता परेशान है त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शर्मिला देवी,शारदा यादव, लीलावती यादव नीलम कोरी शिव कुमारी, कुसुम, लखपता, शुकपता, केसवपता, किरण, बबलू, आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने हासिल किया अल्फा, सी ग्रेड सर्टिफिकेट

**एनसीसी के अधिकारियों ने देश सेवा के प्रति किया प्रेरित**

जन एक्सप्रेस। रुपईडीहा, बहराइच

लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज रूपईडीहा में एनसीसी के 2020-23 सत्र के कैडेट्स ने इस वर्ष एनसीसी की सी सर्टिफिकेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की है। जिसमे सीनियर अंडर ऑफिसर दिविशा श्रीवास्तव, अंडर ऑफिसर पारुल मिश्रा ने अल्फा ग्रेड प्राप्त किया और अंडर ऑफिसर आदर्श कुमार मिश्रा, सर्जेंट आराधना अवस्थी, कैडेट सीमा पाठक, कैडेट आरुषि सोनी, कैडेट अर्पित सुंदरम, कैडेट विपिन कुमार ने भी अच्छे अंको से परीक्षा उत्तीर्ण कर सी सर्टिफिकेट प्राप्त किया।



51 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप पटवाल ने अल्फा ग्रेड लाने पर कैडेट्स को सर्टिफिकेट देकर उनकी प्रशंसा की और उनके उज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। सुबेदार मेजर राम निवास और सुबेदार गुरनैल सिंह भी उपस्थित रहें। लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉ हरिश्चन्द्र, सेक्रेटरी डॉ यशपाल और एनसीसी ऑफिसर डॉ अली अफ़रोज़ ने कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए कैडेट्स को एनसीसी सी सर्टिफिकेट का महत्व भी बताया और कहा कि कैडेट्स आगे चल कर एनसीसी में प्राप्त की गई ट्रेंनिग और शिक्षा का उपयोग देश की सेवा के प्रति कर सके। कॉलेज के अन्य स्टाफ भी वह उपस्थित रहें। कॉलेज सचिव डॉ यशपाल ने बताया कि एनसीसी के नए सत्र की भर्ती जल्द ही आरंभ होने वाली है। जिसमें भर्ती होकर छात्र-छात्राएं अपना मानसिक और शारीरिक विकास कर सकते है। कोर्स पूरा होने के बाद एनसीसी कैडेट्स सर्टिफिकेट का उपयोग अपने उज्जवल भविष्य के लिए कर सकते हैं। एनसीसी और देश के प्रति कैडेट्स को प्रेरित किया।

**पायनियर पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित हुआ स्थापना दिवस कार्यक्रम**

# एबीवीपी नगर इकाई ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 75वां स्थापना दिवस पायनियर पब्लिक स्कूल में मनाया गया। जानकारी के अनुसार 8 जुलाई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम पायनियर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ एमपी तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। एबीवीपी




की शुरुआत अंबाला के एक छोटे से कॉलेज से हुई थी और आज इसकी स्थापना हुए 75 साल हो गये है। उन्होंने कहा कि इसने दुनिया के सबसे बड़े छात्र संगठन का रूप ले लिया है। एबीवीपी लंबे समय से छात्रों के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। विभाग सह छात्रा प्रमुख छवि चतुर्वेदी ने कहा स्थापना काल से ही संगठन ने छात्रों के साथ साथ राष्ट्रहित से जुड़े प्रमुख मुद्दों को न सिर्फ उठाया बल्कि उसे लेकर प्रभावी देशव्यापी आंदोलन भी किया है। चाहे बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा हो या कश्मीर से धारा 370 हटाने की मांग, विद्यार्थी परिषद समय-समय पर आंदोलन करता रहा है। बांग्लादेश को तीन बीघा भूमि देने के विरुद्ध परिषद ने ऐतिहासिक सत्याग्रह किया था। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक अंबुज भार्गव ने किया। संगोष्ठी में परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सिंह, जिला संगठन मंत्री हिमांशु मिश्रा, विभाग संयोजक कुशाग्र सिंह, नगर मंत्री हिमांशु सिंह, जयशंकर, अमित, विकास व अंजलि सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी-एसपी ने रोपित किया पौध

जन एक्सप्रेस। बहराइच

संपूर्ण समाधान दिवस की श्रृंखला में शनिवार को रिसिया थाने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा ने जनसुनवाई की। इसके बाद परिसर में पौध रोपित कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया।

जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों को अपने आसपास किरीट जमीन पर पड़ी रिक्त जमीन पर पौध रोपित करने की अपील की। पुलिस जनों से भी यह अपील की गई कि वह जब भी भ्रमण पर गांव में जाएं तो लोगों को एक और लगाने के लिए प्रेरित अवश्य करें।

दोनों अधिकारियों ने बहुत रोपित करने और उससे होने वाले लाभ के बारे में लोगों को जानकारी दी जानकारी दी और कहा कि वृक्ष पर्यावरण का संतुलन बनाए रखें में सहायक होते हैं और हमारे जीवन में इनका बड़ा महत्व है। उपस्थित जनों को पौध रोपित करने के लिए प्रेरित भी किया।



# पति ने पत्नी के प्रेमी को मौत के घाट उतारा, फरार

जन एक्सप्रेस। बहराइच

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ककरा गांव निवासी एक व्यक्ति ने देर रात अपने पत्नी को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया। जिसके बाद पति अपना नियंत्रण खो बैठा। उसने बांके से पत्नी और उसके प्रेमी पर हमला कर दिया।

हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला के प्रेमी की रात में ही मौत हो गई। जबकि महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पति फरार हो गया। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मामला कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ककरा गांव की है। ग्रामीण लल्लू (33) पुत्र सूबेदार का प्रेम प्रसंग गांव निवासी सुशीला पत्नी सुरेन्द्र के साथ दो-तीन साल से चल रहा था।

जिसकी जानकारी सुशीला के पति को थी। इसका सुशीला के पति सुरेंद्र ने कई बार विरोध किया। उसने अपनी पत्नी को समझाया और लल्लू से संबंध तोड़ने की बात कही।

# एसएसबी ने लगाया निशुल्क मानव व पशु चिकित्सा शिविर, परीक्षण कर बांटी दवाइयां

जन एक्सप्रेस। बहराइच

59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के अधीनस्थ समवाय 'जी' घुमनाबारू के कार्यक्षेत्र में पड़ने वाले गांव मझांव में ग्राम पंचायत सचिवालय के परिसर में संयुक्त मानव चिकित्सा व पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने अपना और पशुओं का परीक्षा कराया तथा दवाइयां ली।

इस शिविर का आयोजन श्री शक्ति सिंह ठाकुर कमांडेंट, 59वीं वाहिनी



के तत्वाधान में किया गया। जिसमें डा. आकिब अजाज जीडीएमओ द्वारा 76 पुरुष, 73 महिला व 28 बच्चे कुल 177 एवं डा. विकास कुमार सिंह उप कमांडेंट (पशु चिकित्सा) द्वारा 32 ग्रामीणों के 122 पशुओं की चिकित्सीय जांच की गई तथा चिकित्सीय टीम द्वारा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया गया एवं साफ सफाई से रहने के बारे में बताया गया। इस शिविर का आयोजन सीमावर्ती गाँव मझांव, बोझिया, गंगापुर एवं सिमरी मलमला के ग्रामीण लाभान्वित हुए।

इस कार्यक्रम के दौरान उप-निरीक्षक (सा.) प्रवेश कुमार, ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, चिकित्सीय टीम, अधीनस्थ अधिकारी एसएससी के जवान एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# पहलगांव में रुका बाबा बर्फानी के भक्तों का कारवां

- बरसात के चलते दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो सकी श्री अमरनाथ तीर्थयात्रा
- सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित, सुहाने मौसम का ले रहे आनंद

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




पूरनपुर। बरसात होने पर अमरनाथ तीर्थ यात्रा दूसरे दिन भी स्थगित रही। सभी यात्री पहलगांव में सुरक्षित शिवरों में रुके हुए हैं और पहाड़ों के मौसम का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। बरसात रुकते ही यात्रा फिर शुरू की जाएगी। यात्रा रुकने के बाद भी भक्तों का उत्साह और श्रद्धाभाव कम नहीं हुआ है। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए व्याकुल भक्त शिवरों में भजन कीर्तन और जय घोष कर रहे हैं। पीलीभीत जनपद से लगभग सौ तीर्थ यात्री चार जुलाई को बाबा बर्फानी के दर्शन करने को अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुए थे। पूरनपुर से भी सतीश मिश्र, विजय सिंह, हरिओम उपाध्याय ,सुशील मिश्र,विपिन सिंह, श्याम सिंह सहित 20 यात्री भी इस जत्थे में शामिल है। यह सभी तीर्थयात्री 5 जुलाई को जम्मू के बेस कैंप में पहुंच गए थे और 6 जुलाई को सुबह पहलगांव के लिए रवाना हुए। सात जुलाई को इन लोगों को वहां से चंदनबाड़ी के लिए निकलना था और चंदनबाड़ी से बाबा के दर्शन के लिए पदयात्रा शुरू करनी थी। लेकिन शुक्रवार को तेज बरसात शुरू हो गई जिसके चलते यात्रा पहलगाम में अस्थाई रूप से स्थगित कर दी गई। रात भर भी बरसात होने से शनिवार को भी यात्रा प्रारंभ नहीं हो सकी। इसके चलते तीर्थयात्री पहल गांव के बीएसएफ बेस कैंप रुककर में यात्रा प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे हैं। बीएसएफ कैंप में अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। ठहरने के लिए यात्रियों को खर्च करना पड़ रहा है जबकि भोजन के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा लंगर आयोजित किए जा रहे हैं। पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्था है। सुरक्षा के लिए बीएसएफ, सीआरपीएफ व जम्मू कश्मीर पुलिस के जवान मुस्तैद हैं। लंगर के पंडालों में भजन कीर्तन किया जा रहा है। वहीं अपने अपने तंबू व हटो में भी तीर्थयात्री भोले बाबा के भजन गा रहे हैं। सभी अपने-अपने ढंग से टाइम पास कर रहे हैं। पूरनपुर के तीर्थयात्री महावीर प्रसाद मिश्रा, विनीत गुप्ता, हरिओम उपाध्याय, पत्रकार सतीश मिश्र, सुनील मिश्रा, अरुण प्रजापति, सुशील मिश्रा, आकाश गुप्ता, विजय सिंह, इंद्रेश सिंह, अश्वनी शर्मा, नितिन गुप्ता आदि ने बताया कि वे लोग यात्रा प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे हैं। तीर्थ यात्रियों ने साफ कहा कि वे लोग वहां फंसे नहीं हैं और एक दो दिन में बरसात खुलते ही यात्रा शुरू करके बाबा के दर्शन के लिए रवाना होंगे।

### आधी अधूरी तैयारी, रेल महाप्रबंधक का अफसरों पर भड़का गुस्सा

# 'हवा में ताजमहल न दिखाओ, हकीकत में भी कुछ करो'

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे पर असलियत देख दंग रह गए। अधूरे कार्य और लखनऊ मंडल के रेल अफसरों की आधी अधूरी जानकारी देख वे कई बार असंतुष्ट हुए। उनके सवालों का सही जवाब भी अफसर नहीं दे सके। थोड़ी देर बाद महाप्रबंधक का गुस्सा बढ़ गया। लखनऊ मंडल के अफसरों को जमकर फटकार लगाई। कहा, दिखाने को तो हवा में ताजमहल भी दिखा सकते हो, पर हकीकत में भी कुछ होना चाहिए। इस दौरान डीआरएम लखनऊ सुरेश सपरा समेत अन्य उपस्थित अफसर बगल झांकते नजर आए। गौरतलब है कि प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी प्रयाग स्टेशन यहां पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां एक और प्लेटफार्म के लिए बनाए गए प्लान में कई खामियां निकाली। इस दौरान महाप्रबंधक ने प्लेटफार्म की लंबाई चौड़ाई जानना चाहा तो किसी अफसर के पास जानकारी नहीं थी। अन्य कई सवाल पर भी अफसर निरुत्तर रहे। इस पर महाप्रबंधक चौधुरी का गुस्सा भड़क गया। अफसरों को जमकर लताड़ लगाई। कहा, सब ऐसे ही हवा में चल रहा है। हवा हवाई से काम नहीं चलेगा। कार्य में तेजी और गुणवत्ता लाने का निर्देश दिया। महाकुंभ को लेकर प्रयागराज में बनने जा रहे छह रेलवे ओवर ब्रिज, लेवल क्रासिंग की प्रगति जानी। स्टेशनों पर पार्किंग और साफ सफाई में सुधार के निर्देश दिए।

# दरोगा पर मजदूरों से मजदूरी में रिश्वत लेने का आरोप

- अवैध उगाही से ग्रामीण परेशान महिलाओं ने सीओ से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। वाहन चेकिंग के नाम पर एक दरोगा पर अवैध उगाही का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने सीओ से शिकायत की है। आरोप है क्षेत्र में होने वाले गैरकानूनी धंधों में भी दारोगा की संलिप्तता है। मनमानी के चलते चौकी पर तैनात एसआई लोगों को प्रताड़ित करता है। उत्पीड़न रोकने के लिए ग्रामीणों ने एसआई को चौकी से हटाने की मांग की है। चंदिया हजारा क्षेत्र की दर्जनों महिलाएं शनिवार को पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह के पास पहुंची। उन्होंने ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सीओ को शिकायती पत्र सौंपा। इसमें चंदिया हजारा चौकी पर तैनात एसआई अजयवीर सिंह पर अवैध वसूली, गाली गलौज और प्रताड़ना का आरोप लगाया। आरोप है दरोगा अजयवीर सिंह गांव में तिराहे पर शाम को 4 से 7 बजे तक वाहनों की चेकिंग करते हैं। चेकिंग के दौरान वाहन स्वामियों से मुंह मांगी रकम मांगी जाती है। रुपए न देने पर उनका पांच से दस हजार का चालान काट दिया जाता है। आरोप है क्षेत्र के किसान जब मैजिक, ट्रैक्टर ट्राली आदि वाहनों पर मजदूरों को लेकर जाते हैं तो 20 रुपए प्रति मजदूर के हिसाब से रुपए लेते हैं। 7 जुलाई को मजदूरी के रुपए न मिलने पर एसआई को जब रुपए नहीं दिए गए तो उन्होंने गाड़ी का दस हजार रुपए का चालान काट दिया। मजदूरों के विरोध करने पर एसआई ने चालान लिखित में वापस करने का आश्वासन भी दिया। शिकायत के दौरान महिलाओं ने कहा कि क्षेत्र में बिकने वाली अवैध कच्ची दारू के भी एसआई बीस हजार रुपए प्रति माह लेते हैं। इसके अलावा बैलगाड़ी से मिट्टी ले जाने पर 100 रुपए लेते हैं। दरोगा के उत्पीड़न के चलते उनके गांव में कोई भी ट्रैक्टर ट्राली चालक ईट, मोरंग आदि सामान नहीं पहुंचाता। बताया जा रहा इसके एवज में एसआई 500 रुपए वसूलते हैं। यही नहीं विवाद होने की स्थिति में एसआई दोनों पक्षों से रुपए लेकर जबरन समझौता करा देते हैं। महिलाओं ने कहा कि एसआई की मनमानी से पूरा गांव परेशान है। उन्होने चौकी से एसआई अजयवीर सिंह को हटाने की मांग रखी।

### खेत की रखवाली कर रहे किशोर को एक महिला समेत 3 लोगों ने जमकर पीटा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर। मामूली कहासुनी को लेकर खेत की रखवाली कर रहे किशोर को एक महिला समेत 3 लोगों ने लात घुसा से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया किशोर के पिता ने कोटवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की पुलिस ने तहरीर मिलते ही किशोर को मेडिकल परीक्षण हेतु सरकारी अस्पताल भेज दिया है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलेदा गौटिया निवासी तुलाराम का 16 वर्षीय पुत्र मोतीराम खेत की रखवाली कर रहा था इसी बीच गांव के ही राम रतन जोखेलाल एक महिला के साथ खेत पर पहुंच गए उन्होंने मामूली कहासुनी को लेकर किशोर को लात घुसा से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# तहसीलदार ने बाढ़ से निपटने के लिए ट्रांस शारदा क्षेत्र के प्रधानों के साथ बैठक कर ली जानकारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बाढ़ से निपटने के लिए राजस्व विभाग की टीम ने ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंच कर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर जाएजा लिया, और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को चिह्नित किया गया। बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। शनिवार को थाना हजारा अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में बाढ़ से निपटने के लिए हजारा थाना परिसर में पूरनपुर तहसीलदार ध्रुव नारायण के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कानूनगो दिनेश यादव और लेखपाल नरेश कुमार लेखपाल आशीष कुमार निषाद लेखपाल राहुल के अलावा ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम शास्त्री नगर के प्रधान मनोज सिंह, ग्राम भरतपुर के प्रधान शमशेर आलम,कबीरगंज के प्रधान इकबाल सिंह पाले रामनगर के प्रधान पति सत्य प्रकाश सिंह, अशोकनगर के प्रधान पति सूर्यभान मदेसिया, शांति नगर के प्रधान रामकृपाल,श्रीनगर के प्रधान राधेश्याम, राणा प्रताप नगर के प्रधान पति दीनानाथ गौतम समेत तमाम प्रधानों समेत काफी लोग मौजूद रहे । बैठक में बाढ से निपटने के लिए चर्चा की गई और आवश्यक सामग्री के संबंध में जानकारी ली गयी ।तथा बाढ़ से बचाव के लिए कुछ उपकरण दिये जाने का आस्वासन दिया गया। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि नाव और वाटर प्रूफ जैकेट आदि किट शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। ट्रांस शारदा क्षेत्र में जो पहले से बाड़ बचाव उपकरण उपलब्ध है उसे जॉच लिया जाय ज्ञात हो जनपद पीलीभीत की तहसील पूरनपुर का समूचा ट्रांस शारदा क्षेत्र शारदा नदी के चारों ओर से घिरा हुआ हैं। और शारदा नदी के तट पर बसा हुआ है।जिससे बरसात के समय में थोड़ा भी पानी शारदा नदी में आने पर सैलाब का रुप बना लेता है? और क्षेत्र के तमाम गांवों में जलभराव हो जाता है इतना ही नहीं यहां के किसानों की हजारों एकड फसलों को बर्बाद कर देता है।और तो और कयी गावों का आने जाने का रास्ता बंद हो जाता है। जिससे यहां के लोगों को भारी मुसीबतों से जूझना पड़ता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### श्रृंगवेरपुर धाम में आज सुनिए श्रीराम कथा

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली, श्रृंगवेरपुर धाम में प्रतिमाह के क्रम में 9 जुलाई को सायंकाल तीन बजे से एक दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन किया गया है। रामायण मेला आयोजन समिति श्रृंगवेरपुर धाम एवं श्रीराम कथा शोध संस्थान के माध्यम से पर्यटन सुविधा केंद्र में आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन समिति के महासचिव उमेश द्विवेदी ने बताया कि रामकथा व्यास गद्दी को बाल व्यास सनातन संस्कृति जन कल्याण समिति व श्रीराम कथा शोध संस्थान के अध्यक्ष अतुल जी महाराज सुशोभित करेंगे। इस अवसर पर अनेक संत महात्माओं का भी आगमन होगा। शनिवार को आयोजन के तैयारी की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष सियाराम सरोज, श्रीराम कथा के संयोजक विनय कुमार अग्रवाल, बलराम सिंह, कृष्ण चंद पांडेय, अमित द्विवेदी प्रतिमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### उन्नयन संस्था की महिलाओं ने बच्चों को बांटे उपहार

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। आराजी लाइन विकास खंड के ग्राम सभा गांगपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में उन्नयन एक संकल्प सामाजिक संस्था की महिलाओं ने विद्यालय के बच्चों संग स्टेशनरी तथा खाने पीने के सामान बांटकर खुशियां मनाई। संस्था की अध्यक्ष भावना तिवारी ने बताया कि कामकाजी महिलाओं का एक ग्रुप है जो समाज में शिक्षा , स्वास्थ्य और महिलाओं की समस्या निवारण का काम करती है। संस्था की महिलाओं ने शनिवार को गांगपुर के कंपोजिट विद्यालय के बच्चों को उत्साहवर्धन के लिए स्टेशनरी के अलावा फ्रूटी, चॉकलेट, पिप्स ,बिस्किट आदि वितरित की। कार्यक्रम के मुख्य मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रदीप पाल रहे तथा इस मौके पर दीपक कुमार पटेल, श्यामजी राम यादव (जिला खेल सचिव) के अलावा संस्था की अध्यक्ष भावना तिवारी, सचिव सरिता सिंह, जया तिवारी, मौसमी गुप्ता, राजेश्वरी व आशीष जायसवाल, चेतन यादव रहे।

### बीएचयू ट्रामा सेंटर में मरीजों को सहूलियत, अब मिलेगी मुफ्त दवा, नोटिस चस्पा प्रशासन ने दी जानकारी



जन एक्सप्रेस/वाराणसी। बीएचयू ट्रामा सेंटर में मरीजों को इलाज के दौरान मुफ्त दवा का वितरण किया जाएगा। उन्हें अब बाहर से एक भी दवा खरीदनी नहीं पड़ेगी। पहले आपरेशन में लगने वाले उपकरण ही लोगों को मिलते थे। ट्रामा सेंटर इस तरह की सुविधा देने वाला यूपी का पहला चिकित्सकीय संभाग बन गया है। बीएचयू ट्रामा सेंटर में ओपीडी के अलावा आपरेशन भी होते हैं। ऐसे में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। यहां अब मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। इसको लेकर ट्रामा सेंटर में जगह-जगह सूचना चस्पा कराकर लोगों को जानकारी दी जाएगी। ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। ट्रामा सेंटर के प्रभारी प्रोफेसर सौरभ सिंह ने कहा कि मरीजों को ओटी में लगने वाले उपकरण मुफ्त लगाए जाते हैं। मरीजों को अब नि:शुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। सभी जरूरी दवाइयां मंगवाई जा रही हैं। आने वाले दिनों में मरीजों के लिए और भी सुविधाएं शुरू कराई जाएंगी।

# 45 दिन का होगा प्रयागराज महाकुंभ-2025

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

यमुनानगर। संगम नगरी में वर्ष 2025 में होने वाले महाकुंभ मेले की आभा दिव्य होगी। प्रयागराज प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है।शनिवार को 13 अखाड़ों के साथ अफसरों की पहली बैठक मंडलायुक्त कार्यालय में हुई। इसमें मुख्य स्नान पर्वों के साथ शाही स्नान पर्वों की तिथि पर सहमति बनी है। इस बार महाकुंभ का मेला 45 दिन तक रहेगा। पूरी दुनिया से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने संगम आएंगे। महाकुंभ का पहला स्नान पर्व 13 जनवरी 2025 सोमवार यानी पौष पूर्णिमा के दिन होगा।इसी दिन से महाकुंभ की शुरूआत हो जाएगी। दूसरा शाही स्नान 14 जनवरी 2025 को मकरसंक्रांति के दिन होगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन भी शाही स्नान होगा। तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर्व पर भी शाही स्नान होगा। 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का आखिरी मुख्य स्नान पर्व के साथ महाकुंभ-2025 का समापन होगा। बैठक में मेलाधिकारी विजय किरण आनंद की ओर से महाकुंभ की तैयार रूपरेखा को अखाड़ों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अखाड़ों के पदाधिकारियों ने सुझाव दिया कि धार्मिक स्थलों का विशेष सुंदरीकरण किया जाए। निर्मोही अखाड़ा अयोध्या के महंत धर्मदास ने सुझाव दिया कि ऐसे मंदिरों को भी संवारा जाए जो पिछले कुंभ में छूट गए थे। मेलाधिकारी ने संतों की समस्याओं को सुना। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने की। गुजरात से आए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री व निर्मोही अनी अखाड़े के अध्यक्ष राजेंद्र दास, अयोध्या से निर्वाणी अनी के महंत धर्मदास महाराज, महानिर्वाणी अखाड़ा के श्रीमहंत व अखाड़ा परिषद के सचिव यमुनापुरी, बड़ा अखाड़ा उदासीन से महंत महाशिवानंद, नया उदासीन अखाड़ा से जगतार मुनि, निर्मल अखाड़ा से महंत देवेंद्र सिंह शास्त्री, निरंजनी अखाड़ा से ओमकार गिरि, आनंद अखाड़ा से राजेश्वरानंद, अटल अखाड़ा से बलराम भारती व अन्य साधु-संत बैठक में शामिल रहे।

### गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में जुम्बा डांस कम्पिटीशन का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




शनिवार को गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में जुम्बा डांस कम्पिटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने क्लबवाइज़ जुम्बा डांस एक्टिविटी में प्रतिभाग किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता में सुधार व वृद्धि को समर्पित था। ज्ञातव्य हो कि हमारे विद्यालय दीर्घ काल से ही इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर करता रहा है। जिससे उनका शारीरिक विकास भी हो सके। कक्षा 1 से अयांश लेजेंट्स क्लब से, कक्षा 2 से वैष्णवी विक्टर्स क्लब, कक्षा 3 से एलीट्स क्लब की समीक्षा, कक्षा 4 से ताशी चौहान सुप्रीम क्लब से, कक्षा 5 में विक्टर्स क्लब की नव्या सिंह, कक्षा 6 में एलीट्स क्लब से सारिका शर्मा व नव्या, कक्षा 7 से सुप्रीम क्लब से मनु व लेजेण्ड्स से प्रियांशी, कक्षा 8 से सुप्रीम क्लब से अंशिका पटेल, विक्टर्स क्लब से रिद्धिमा अग्रवाल, लेजेण्ड्स से सौम्या भारद्वाज एवं एलीट्स क्लब से दिया ने बाजी मारी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक निशांत गोस्वामी व संरक्षक सोनिया गोस्वामी ने सभी प्रतिभागी व विजेताओं की स्पर्धा की सराहना की और सभी को इस प्रकार की गतिविधियों से होने वाले बहुमुखी लाभों के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में अभिषेक शुक्ला, यशी मिश्रा, ऋतिक, काव्या त्रिवेदी, आनंद मौर्य, जया घोष, भावेश पाण्डेय, रितिका अग्रवाल, नेहा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।


### बीएचयू बी. वोक छात्रों का कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन कार्यालय पर प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन कार्यालय पर बी वोक के छात्र और छात्राएं का प्रदर्शन और घेराव कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन कार्यालय पर आज शनिवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। अपने 12 सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदर्शन करनें वाले छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा उनकी मांगों की सुध न लिए जाने का आरोप लगाया है। कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन कार्यालय पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय में सबसे ज्यादा उनके सब्जेक्ट में फीस लिए जाने के बावजूद उनको प्रेक्टिकल नही करवाया गया। छात्रों की माने तो कंप्यूटर साइंस सब्जेक्ट होने के बावजूद छात्रों को कंप्यूटर को छुने तक नही दिया गया है। विश्वविद्यालय के सेंट्रल ऑफिस पर धरने पर बैठे छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय में सबसे ज्यादा बी. वोक के छात्रों से फीस के नाम पर पैसा लिया जाता है।

# कर्ज से परेशान होकर युवक ने लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस । वाराणसी



अवसाद एवं पारिवारिक दिक्कतों के चलते अक्सर लोगों के द्वारा जान दे दी जा रही है। शनिवार की सुबह राहुल मौर्य (34) ने भी घर में फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आदमपुर थाना क्षेत्र के छित्तनपुरा इलाके में हुई इस घटना का परिजनों को जब पता चला तो घर मैं कोहराम मच गया। चीख पुकार सुन कर आसपड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची आदमपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक को पत्नी के अलावा एक लड़क एक लड़की है। राहुल अपने मां बाप का एकलौता पुत्र था। कहा जा रहा है कि उसने कर्ज से परेशान होकर फांसी लगा ली। छित्तनपुरा इलाके में रहने वाले राकेश मौर्या का पुत्र राहुल बिजली मिस्त्री था। कुछ दिनों से राहुल घर पर ही रह रहा था। आसपड़ोस के लोगों के मुताबिक राहुल के ऊपर करीब चार लाख रुपये का कर्ज था। बकाएदार आए दिन उससे तगादा कर रहे थे। जिससे वह परेशान था। पिता राकेश मौर्या शनिवार सुबह जब मकान के उपरी मंजिल पर गए तो देखा कि राहुल फांसी के फंदे पर झूल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहुल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपने एकलौते बेटे की मौत से जहां मां बाप बेशुद्ध हो गए हैं तो वहीं राहुल की पत्नी और बच्चों की पूरी दुनिया ही उजड़ गई। राहुल की शादी 2016 में हुई थी।

# प्रयागराज जंक्शन पर बिहार के दो शराब तस्कर दबोचे, 85 पैकेट शराब बरामद

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज तथा जीआरपी ने संयुक्त रुप से रेलवे स्टेशन प्रयागराज के प्लेटफार्म नंबर चार - पांच के पश्चिमी किनारे के जंक्शन बोर्ड के पास अवैध शराब तस्करी करने वाले दो शराब तस्कर को शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ पर उनके द्वारा शराब तस्करी किया जाना स्वीकार किया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम मुन्ना सोनी पुत्र नाथू सोनी निवासी मनारी गादी लखमीनिया वार्ड नंबर 25 थाना बलिया जिला बेगूसराय बिहार और मंजिर कुमार वर्मा पुत्र फकीर चंद वर्मा निवासी ताल बंसीपुर पोस्ट डीघरी थाना सूर्यगढ़ा जिला लखीसराय बिहार बताया गया। पकडे गये अभियुक्तों के पास से 85 पैकेट शराब भी बरामद की गई। पता चला कि दोनों लंबे समय से छिप-छिपाकर ट्रेनों से अवैध शराब की तस्करी कर रहे थे।पकडे गये अभियुक्तों के विरुद्ध प्रयागराज जीआरपी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सपा ने प्रयागराज गंगापार के ब्लॉक अध्यक्ष किए घोषित

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



समाजवादी पार्टी गंगापार क्षेत्र के जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने क्षेत्र के सभी ब्लाक अध्यक्ष के नामों की घोषणा की है। पार्टी के जिला कार्यालय पर उन्हें मनोनयन पत्र भी सौंपा गया। ज़िला कार्यालय जार्ज टाउन में पार्टी नेताओं की मौजूदगी में मनोनीत ब्लाक अध्यक्षों को पत्र देकर उन्हें उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन ज़िला महासचिव राम सुमेर पाल ने किया।जिलाध्यक्ष ने ब्लाक अध्यक्षों को निर्देशित भी किया कि 15दिन के अंदर अपनी कार्यकारिणी गठित कर अनुमोदित जरूर करा लें।इसके अलावा बूथ गठन में सेक्टर एवं बूथ अध्यक्षों की मदद भी करें। सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार, मनोनीत ब्लाक अध्यक्षों में प्रतापपुर से लालचंद्र यादव, सैदाबाद से कमलेश पाल, धनुपुर से बुद्धि राम बिन्द, हंडिया से राकेश यादव का नाम शामिल है।इसी प्रकार फूलपुर ब्लॉक से कोमल चौरसिया, सहसों से दयाशंकर उर्फ़ शंकर लाल पासी, सहसों अंशिक से रमेश पासी, बहादुरपुर से राजेंद्र कुमार राजन, होलागढ़ से बेनी माधव विश्वकर्मा, कौड़िहार से प्रमोद कुमार पटेल बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त श्रृंगवेरपुर ब्लॉक से तीरथ राज, बहरिया से रामसजीवन, सोराव से केएल पटेल, मऊआईमा से चंद्रबली को कमान सौंपी गई है। इस मौके पर सर्व अनिल यादव, जीतलाल पासी, डॉ राजेश यादव, रामसुमेर पाल, नाटे चौधरी, आशुतोष तिवारी, सुभाष यादव पूर्व प्रधान, बेला सिंह, बल्लू यादव, मनमोहन यादव, बच्चा यादव, रामा प्रधान, अशर्फी यादव,ओम प्रकाश अतर सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश के भयमुक्त वातावरण ने सूबे में व्यापारियों को दी राहत: नितिन अग्रवाल

## शहर में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बोले आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सूबे के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए मोदी योगी सरकार का गुणगान किया। उन्होंने व्यापारियों के हित में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का भी बखान किया। वह शहर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे थें।

शहर के मोतीनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार से पहले प्रदेश में व्यापार व व्यापारी दोनों असुरक्षित थे। कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त बनाने का कार्य किया है। प्रदेश में देश-दुनिया का व्यापारी आ रहा है। इससे पूर्व की सरकारों में इन्वेस्टर समिट में व्यापारी प्रदेश में आने में डरता था। उद्यमियों के प्रदेश में आने समृद्धि बढ़ रही है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। मोदी व योगी सरकार में व्यापारी वर्ग खुशहाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पूरी दुनिया में भारत डंका बज रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि बसपा, सपा, कांग्रेस की सरकारों में चंदे के नाम पर व्यापारी वर्ग का शोषण किया जाता था। व्यापारियों की हत्या तक लेकिन उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं था। सपा सरकार में रोज व्यापारी बच्चों के अपहरण की घटनाएं आम थी। योगी सरकार में हर नागरिक सुरक्षा की गारंटी के साथ मान-सम्मान जीवनयापन कर रहा है। पूर्व राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला ने भी व्यापार हित में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार के अलावा सम्मेलन के संयोजक व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष शरद अग्रवाल, धर्मवीर सिंह, सुमित राना सोनी, अमित मिश्रा, बृजेश पांडेय, सुरेश मिश्रा, विनय गुप्ता, सत्यम, मनीष गुप्ता, रिषभ पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह भेंट करते सदर विधायक पंकज गुप्ता व अरुण सिंह।

आकाशीय बिजली का कहर

## एक महिला और 22 मवेशियों की मौत, पांच झुलसे

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंदी मैजिक वाटर पार्क से चंद कदम की दूरी पर बरगद के पेड़ पर शनिवार दोपहर बारिश के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। उसकी चपेट में आने से एक महिला की जहां मौत हो गई वहीं करीब 5 लोग बुरी तरीके से झुलस गए। इसके अलावा तकरीबन 22 मवेशियों की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर राजस्व विभाग और पुलिस मौके पर पहुंची। झुलसे लोगों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पशु चिकित्सकों की टीम बुला कर उनका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहारावा गांव सभा के मजरे दरियार खेड़ा निवासी गीता (35) पत्नी राजेंद्र रावत की आकाशीय बिजली गिरने से जहां मौत हो गई वहीं किरण (45) पत्नी केशव, दरियार खेड़ा के ही तेनगू की पुत्री कल्लो तथा सुमित (11) पुत्र विजय शंकर, स्वाति (11) व संध्या (8) सगी बहने सभी जंगल में जानवर चराने गई थी। अचानक तेज बारिश शुरु होने पर सभी वहीं पर बरगद के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। उनके साथ रहे मवेशी भी बारिश से बचने के लिए पेड़ की छांव में पहुंच गए। इसी बीच तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली बरगद के पेड़ पर गिर गई जिसकी चपेट से गीता की मौके पर मौत हो गई। वहां मौजूद 22 बकरियां व एक भैंस के बच्चे की मौत हो गई। किरण की आंखों की रोशनी चली गई। कल्लो, सुमित, स्वाति, संध्या बुरी तरह झुलस गए। सभी झुलसे लोगो को अस्पताल में भर्ती कराया गया।जानकारी होते ही मौके पर उपजिलाधिकारी पुरवा, सोहरामऊ थाने की पुलिस पीड़ितों की सहायता के लिए आनन-फानन मौके पर पहुंची। घटना की खबर आग की तरह फैल गई जो जहां था इस दुखद समाचार को सुन कर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ा।

# सावन में लाइन व ऑनलाइन दर्शन के साथ कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैयार: बी. पी. जोगदंड

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



श्रद्धा के सावन माह की शुरुआत हुए 5 दिन बीत गए हैं लेकिन पहला सोमवार आने में अभी भी 24 घन्टे का समय शेष है इसलिए जो भी तैयारी किसी भी स्तर पर शेष बच गई हैं उन्हें हर हाल में पूरा कर ले। यह निर्देश शनिवार को मर्चेंट चेंबर हॉल में सावन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुई बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को दिए गए। साथ ही कहा गया कि किसी भी स्तर पर कोई भी चूक ना हो वरना कारवाई के लिये तैयार रहें। सावन माह में शिवभक्त जितनी श्रद्धा के साथ शिवमंदिर व कांवड़ यात्रा में जाएंगे कमिश्नरेट पुलिस भी उतनी ही चौकसी से उनकी सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी।

बैठक में पुलिस आयुक्त बीपी जोगदण्ड ने कहा कि इस बार सावन में 8 सोमवार पड़ रहे हैं, इसलिए सावधानी भी बड़े स्तर पर करनी होगी। जिस भी मंदिर पर आवश्यकता पड़ती है वहां पर अस्थाई पुलिस चौकी कवि निर्माण किया जाएगा।

सभी डीसीपी, एसीपी अपने-अपने क्षेत्रों के मन्दिरो का भ्रमण करते हुए आयोजक गण के साथ बैठक कर छोटी-छोटी समस्याओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करते हुए माइक्रो लेवल के आधार पर सभी समस्याओं का निस्तारण करा लें। सभी मंदिरों में पार्किंग व्यवस्था, बैरीकेडिंग आदि सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराएं। प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधा देना हमारी जिम्मेदारी है। आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। सभी घाटों पर पीएसी बोट जवान व मोटर बोट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिरों और घाटों के आसपास सभी थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज के नंबर अवश्य अंकित कराए जाएं। घाटों पर विशेष रूप से गोताखोरों के मोबाइल नंबर व संबंधित थाना इंचार्ज का नंबर बड़े-बड़े अक्षरों में अंकित कराया जाए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त आनन्द प्रकाश तिवारी ने कहा सभी को सुविधाएं व्यवस्था देना हमारी जिम्मेदारी है पूर्व वर्षों से भी बेहतर व्यवस्था करते हुए मंदिरों व शिवालयों में सुविधाएं दी जाएं। बेहतर सुविधाओं के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी करके सुरक्षा भी पुख्ता की जाए।

जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि मंदिर परिसर की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर निगम के पास में है वह इसको सुनिश्चित करें। मन्दिर में पुजारियों व आयोजक गणों का वाट्सप ग्रुप बनाया जाए जिसमें उनके द्वारा समस्याओं को भेजा जाए ताकि तत्काल उसका निस्तारण किया जाए। कांवड़ियों के रूट की व्यवस्था बेहतर हो नगर निगम रूट में प्रकाश व्यवस्था व सफाई व्यवस्था करानासुनिश्चित करे।

# उन्नति की अर्चना कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने की शिरकत



जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव

सिकंदरपुर सरोसी के देवारा कलां के मॉडल प्राइमरी स्कूल में शनिवार को उन्नति की अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सुबह करीब आठ बजे उन्नाव डीएम अपूर्वा दुबे, बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, सिकंदरपुर सरोसी के खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार देवारा के प्राइमरी विद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद प्रार्थना में शामिल हुई। जहां बच्चों ने पीटी की। इसके साथ ही प्रार्थना के दौरान बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का कार्यक्रम देख मौजूद अधिकारियों ने सराहना की। जिसके बाद डीएम ने हवा में गुब्बारे छोड़े। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर आनंद यादव, अखिलेश चंद्र शुक्ला, रचना सिंह, ग्राम प्रधान नन्हकऊ, प्रशांत बाजपेई, दिव्यांशी शुक्ला, अल्का बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कोतवाली समाधान दिवस में 11 फरियादी पहुंचे

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। बीते दिन शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान एडीएम नरेन्द्र सिंह, एएसपी शशि शेखर सिंह ने फारियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 11 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें सात मामले राजस्व से संबंधित आए। जिसमें एक मामले का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। अन्य मामलों को निस्तारण के लिये लेखपाल को सौंपा गया है। वहीं चार मामले पुलिस से संबंधित भी आये। जिसमें तीन मामलों में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये गये। अन्य मामलों को संबंधित दरोगाओं को निस्तारण के लिये सौंपा गया है।



### चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चोर को दबोचा

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। बीते दिन शनिवार को बिंदा नगर चौकी इंचार्ज सुशील कुमार हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी आजाद मार्ग गजिया खेड़ा शराब ठेका के पास एक स्कूटी सवार युवक पुलिस को देख भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उससे कड़ाई से पूछताछ की। जिस पर उसे चोरी की स्कूटी बताई। उसकी निशान देही पर एक और बाइक बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल पुत्र बैकुंठ नारायण निवासी देवपुरा थाना साढ़ कानपुर नगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।



### कोतवाली से 200 मी. दूर दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बीघापुर कस्बे के बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट स्थित सन पावर अक्षय ऊर्जा ट्रेडर्स में चोरों ने शुक्रवार की रात शटर तोड़कर दुकान में रखे लगभग सात लाख कीमत की बैटरी व इनवर्टर पार कर दिए। पीड़ित दुकान स्वामी ने कोतवाली में तहरीर दी है। इस घटना से पुलिस की रात्रि गशत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुरवा थाना क्षेत्र के भोलागंज कटाव निवासी रवींद्र कुमार सिंह पुत्र राजेंद्र बहादुर सिंह कि नगर पंचायत बीघापुर के शांतिनगर में उन्नाव लालगंज हाइवे पर कोतवाली से 200 मीटर दूर सन पावर अक्षय ऊर्जा ट्रेडर्स की दुकान है। दुकान में हुई चोरी को लेकर रवींद्र कुमार सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें उनने बताया कि शुक्रवार की रात को दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। सुबह दुकान पहुंचा तो दुकान का शटर टूटा हुआ था। दुकान में रखी 52 बैटरी व 79 इनवर्टर चोरों ने पार कर दी जिनकी कीमत लगभग 7 लाख रुपए है। कोतवाल बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया चोरी संदिग्ध लग रही है। चोरी की घटना में किसी नजदीकी का हाथ होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लोडर में चोरी का सामान पाही पुरवा रोड की ओर जाता दिख रहा है। शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### शौंच को गए वृद्ध का माइनर में पड़ा मिला शव

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह घर से शौच के लिए निकले वृद्ध का शव माइनर में पड़ा मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर वालों ने बिना पुलिस सूचना के ही अपने खेत मे उसका अंतिम संस्कार कर दिया।
औरास थाना क्षेत्र के शिवाला गांव निवासी सोबरन (65) शनिवार सुबह शौच क्रिया के लिए गांव के बाहर माइनर पर गया था। जहाँ पैर फिसलने की वजह से वह माइनर में गिर कर मौत के मुँह में समा गया। सुबह खेतों की तरफ जा रहे ग्रामीणों ने माइनर में पड़े शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुँचे परिजन फफक कर रोने लगे। परिजनों ने बिना पुलिस सूचना के गांव के बाहर अपने खेत में उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### संदिग्ध हालात में युवक का फंदे से लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बारा सगवार थाने के एक गांव निवासी युवक का शनिवार सुबह संदिग्ध हालातों में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
बारा सगवर थाना क्षेत्र के कांटी मुबारकपुर गांव निवासी असलम (36) मुंबई में रहकर वाहन मकैनिक का काम करता था। पांच माह पहले ही वह घर वापस आया था। शनिवार सुबह मां कमरुनिशां ने घर के बाहर मवेशियों के रहने के लिए रखे छप्पर में रस्सी के फंदे से असलम का शव लटका शव देखा। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। असलम अविवाहित था। परिजनों के मुताबिक मुंबई से लौटने के बाद से ही असलम का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। हालांकि मौत की कोई पुख्ता वजह परिजन नहीं बता सकें। मृतक के चचेरे भाई सलमान शरीफ ने पुलिस को दी गई तकरीर में खुदकुशी की बात कही है।



### पालिकाध्यक्ष ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर लगाए पौधे

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव। बीते दिन शनिवार दोपहर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, पति संदीप पांडे, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के साथ चंपापुरवा नेतुआ मार्ग स्थित कान्हा गौशाला पहुंची। जहां उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें तमाम प्रकार की खामियां मिली। जिसे देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की और खामियों को दूर करने के लिये पालिका कर्मियों को निर्देशित किया। जिसके बाद वह एमएआरएफ सेंटर पहुंची। जहां उन्होंने कूड़ा छटाइ के लिये लगाई गई मशीनों का जायजा लिया। इसके साथ ही कार्यरत कर्मचारियों के बारे में भी जानकारी ली। जिसके बाद कूड़े से पालिका की आय वृद्धि को लेकर मौजूद ईओ और पालिका कर्मियों से चर्चा की। जिसके बाद उन्होंने परिसर में दस अशोक, दो चितवन, बरगद, पीपल के पौधे लगाये। इस मौके पर जेई घनश्याम मौर्या, अनूप शुक्ला, लालता प्रसाद, संत मिश्रा, विनय आदि कर्मी मौजूद रहे।

# पोल्ट्री फार्म की गंदगी निस्तारण के लिए सीडीओ सख्त

## रुदवारा पोल्ट्री फार्म की गंध से मक्खियों का प्रकोप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव/सोहरामऊ

लखनऊ कानपुर हाईवे से महज तीन किमी दूरी पर स्थित रुदवारा गाँव के लोग कई सालों से मक्खियों का प्रकोप झेल रहे है। पूर्व में जन एक्सप्रेस ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने पीडी डीआरडीए कमलेश कुमार को जांच के निर्देश दिए थे। पीडी डीआरडीए के नेतृत्व में चार सदस्या टीम दो दिन पूर्व पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया था। इस दौरान टीम को पोल्ट्री फार्म के अंदर बड़े पैमाने पर अनियमितता मिली थी। जिसकी रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई थी। मामले में डीएम के तल्ख तेवर के बाद सीडीओ ऋषिराज ,पीडी डीआरडीए कमलेश कुमार,सीवीओ डॉक्टर अनिल दत्रतेय ,क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी डॉक्टर अनिल माथुर,एसीएमओ डॉक्टर नरेंद्र सिंह,नवाबगंज सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अरुण कुमार,जिला कृषि अधिकारी कलदीप कुमार मिश्रा,कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला,बीडीओ अभिनव सरोज,शनिवार को पोल्ट्री फार्म पहुच गए। अधिकारियों की गाड़ियां देख सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण भी पोल्ट्री फार्म आ गए,और नारेबाजी करते हुए पोल्ट्री फार्म बंद कराने की मांग करने लगे। ग्रामीणों का आक्रोश देख सीडीओ ऋषिराज ने पोल्ट्री फार्म प्रबंधन मीना भास्कर से गंदगी निस्तारण न करने के बारे में पूछा तो कोई जवाब नही दे पाई। इस दौरान खेतो में खुले में गंदगी डाले जाने के प्रकरण में 17 किसानों के नाम सामने आए। जिनमे पूर्व प्रधान समेत रोजगार सेवकों के भी नाम शामिल थे। जिस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए खेतो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ अभिनव सरोज से तत्काल जेसीबी मशीन की मदद से खेतों को खोदकर गंदगी गड्ढे में डालने के लिए निर्देशित किया।



# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज ने शनिवार को शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया।

बिल्हौर थाना अंतर्गत एक गांव निवासी युवती ने उत्तरीपूरा कस्बे के गौरव पाल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने समेत मंदिर में माला डालकर शादी के बावजूद घर न ले जाने और गर्भवती होने पर धोखे से दवा दिला कर गर्भपात कराने का आरोप लगाया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक पर धोखाधड़ी और दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की थी। कई दिनों से युवक की तलाश कर रहे उत्तरीपूरा चौकी इंचार्ज सतीश चन्द्र यादव ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपित युवक को उत्तरीपुरा रेलवे स्टेशन के पास से घेराव कर गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# किशोरी को भगा ले जाने वाला युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

## शादी के लिए किशोरी के घर वालों के राजी न होने पर रचा षड्यंत्र

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

ग्यारह दिन पूर्व बिहार के आकमपुर गांव से रहस्यमय हालातों लापता युवक व किशोरी को पुलिस गैर प्रांत से बरामद कर लिया है। घटना का अनावरण करते हुए एएसपी ने बताया कि युवक ने अपहरण और खुद की हत्या करने की साजिश रची थी। दर्ज मुकदमें के आधार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस लाइन सभागार में घटना का अनावरण करते हुए एएसपी शशि शेखर सिंह ने बताया कि बीती 27 जून की सुबह बिहार थाना क्षेत्र आकमपुर गांव निवासी सोहनलाल लोध पुत्र रमईलाल गांव की ही किशोरी को बहला फुसला कर अपने ले गया था। किशोरी के पिता की ओर से बिहार थाने में सोहनलाल लोध, विजय कुमार, अनुपम, सर्वेश पुत्रगण रमईलाल व उमापती पुत्र अज्ञात निवासीगण रखमापुर थाना बिहार के खिलाफ धारा 363, 366, 120बी व 506 का मुकदमा दर्ज कराया था। बिहार पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने खुद के अपहरण व हत्या किये जाने की सजिश रचने व किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया।

एएसपी ने बताया कि आरोपी के पिता रमईलाल लोध बेटे सोहनलाल की अपहरण के बाद हत्या कर शव गायब कर देने का आरोप लगाते हुए धुन्नी सिंह पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी ग्राम आकमपुर तिराहा, सूरज सिंह व नीरज सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ में आरोपी सोहनलाल ने बताया कि उसकी किशोरी से दोस्ती थी और उससे शादी करना चाहता था लेकिन उसके घर वाले राजी नहीं थे। इसीलिए उसने योजना बना कर सिरिंज से अपना खून दुकान में गिराया और शर्ट में भी खून लगाकर वहीं छोड़ दिया। इसके बाद किशोरी को साथ लेकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक एन्ड्रायड मोबाइल, एक लैपटाप, एक बायोमैट्रिक मशीन, एक एटीएम मशीन और एक की पैड मोबाइल बरामद किया है।


पुलिस लाइन सभागार में जानकारी देते एएसपी शशि शेखर सिंह साथ में मौजूद सीओ पंकज सिंह।

# जीएसवीएम में आधुनिकतम पैटाईड माइक्रोस्कोप का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कालेज के पैथोलॉजी विभाग में बीते दिन शनिवार को आधुनिकतम पैटाईड माइक्रोस्कोप का उदघाटन प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग आलोक कुमार द्वारा किया गया। इस पेंटहेड माइक्रोस्कोप

तकनीक से कम से कम पाँच लोग एक साथ एक ही समय डायग्नोसिस बनाने में किसी भी मरीज की स्लाइड देखकर अपना ओपीनियन दे सकते हैं। उद्घाटन के दौरान पैथालॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन लता वर्मा ने बताया कि यह तकनीक विशेषत कैंसर के मरीजों मे बहुत कारगर सिद्ध हो सकती है इससे हम दूसरे सुपर स्पेसलाइजेशन वाले संस्थान से भी उसी समय ओपीनियन ले सकते है। इस मशीन में इनेबल्ड हाई रेससोलशन कैमरा लगा है जो कि तस्वीर को सौ गुना तक बढ़ा देता है तथा इसमें वाई फाई सिस्टम भी इनबिल्ट है, जिससे दूर बैठे डाक्टर भी मरीज से संम्बन्धित चर्चा कर सकते हैं। हालांकि इस माइक्रो स्कोप को कई सिस्टम जैसे कम्प्यूटर, मॉनिटर तथा अपने स्मार्ट फोन से भी जोड़ सकते हैं। इसका लाभ अधिक से अधिक विधार्थियो को एक समय में पढ़ाने में उठाया जा सकता है इसकी विशेषतायें जैसे कि इमेज प्रोजेक्शन माइक्रोस्कोप पोलरिसेड टेलेरिपोर्टिंग की सुविधाओं से लैस है, इसके द्वारा मरीजों की जाँच रिपोर्टस को और बेहतर करने के साथ ही पठन-पाठन एवं स्नातकोत्तर छात्र - छात्राओं के पठन-पाठन एवं रिसर्च में भी सहायता मिलेगी। इस माइक्रोस्कोप से पैथोलॉजी विभाग में डिजिटल पैथोलॉजी की भी शुरूआत हो जायेगी। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 संजय काला, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. सुमनलता वर्मा एवं अन्य संकाय सदस्य व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।



# पीएम मोदी ने तेलंगाना को सौंपी 6100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

## पीएम बोले, केसीआर सरकार यानी सबसे भ्रष्ट सरकार, इनके तार दिल्ली तक फैले, मोदी को गाली देना इनका काम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तेलंगाना पहुंचे। यहां उन्होंने वारंगल में भद्रकाली मंदिर में पूजा की। इसके बाद गाय को चारा खिलाया। इसके बाद उन्होंने 6100 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इनमें हाईवे से लेकर रेलवे तक के प्रोजेक्ट शामिल हैं। क्रूने वारंगल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, तेलंगाना सरकार ने केंद्र सरकार को हमेशा गाली दी है। ये जनता को धोखा देते हैं। ञ्ष्टक्र मतलब सबसे भ्रष्ट सरकार। अब तो दिल्ली तक इनके भ्रष्टाचार के तार फैल गए हैं। मोदी ने आगे कहा, हम पहले दो राज्यों या दो देशों की सरकारों के बीच विकास से जुड़े समझौतों की खबरें सुनते थे। ऐसा पहली बार हुआ है, जब दो राजनीतिक दलों और दो राज्य सरकारों के बीच भ्रष्टाचार की डील के आरोप लगे हैं।



### कांग्रेस हो या बीआरएस दोनों तेलंगाना के लिए घातक

पीएम ने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस का भ्रष्टाचार पूरे देश ने देखा है। परिवारवादी बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरा तेलंगाना देख रहा है। कांग्रेस हो या बीआरएस, दोनों ही तेलंगाना के लोगों के लिए घातक हैं। इन दोनों से ही तेलंगाना के लोगों को बच कर रहना है।

### वारंगल जनसंघ के जमाने से हमारा मजबूत किला

पीएम ने कहा, आज मैं एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में वारंगल में आप सबके बीच आया हूं। ये क्षेत्र जनसंघ के जमाने से ही हमारी विचारधारा का मजबूत किला है। भाजपा का लक्ष्य यही है। तेलंगाना विकसित बने। तेलंगाना भारत को विकसित बनाए।

### भ्रष्टाचार का खुला खेल, भर रही नेताओं की तिजोरी

पीएम ने कहा, तेलंगाना में भ्रष्टाचार का जो खुला खेल चल रहा है। इसका सबसे बड़ा नुकसान, यहां के युवाओं को उठाना पड़ा है। तेलंगाना स्टेट पब्लिक सर्विस कमीशन स्कैम के बारे में कौन नहीं जानता? यहां की सरकार ने सरकारी नौकरियों को अपने नेताओं की तिजोरी भरने का माध्यम बना लिया है।

### हमारे पास गोल्डन पीरियड, हर सेकेंड का करें इस्तेमाल

पीएम ने कहा - आज का नया भारत, युवा भारत है, एनर्जी से भरा हुआ है। 21वीं सदी के इस तीसरे दशक में हमारे पास ये गोल्डन पीरियड आया है। हमें इस गोल्डन पीरियड के हर सेकेंड का पूरा इस्तेमाल करना है। देश का कोई भी कोना, तेज विकास की किसी भी संभावना से पीछे नहीं रहना चाहिए।

### तेलंगाना सरकार का काम, सुबह-शाम मोदी को गाली देना

पीएम ने कहा, तेलंगाना की सरकार ने केवल 4 काम किये हैं। सुबह-शाम मोदी और केंद्र सरकार को गाली देना। एक परिवार को ही सत्ता का केंद्र बनाना। दूसरा खुद को तेलंगाना का मालिक साबित करना। तीसरा तेलंगाना के आर्थिक विकास को चौपट करना और चौथा तेलंगाना को भ्रष्टाचार में डुबो देना।

### भारत में इनवेस्टमेंट के लिए आगे आ रही पूरी दुनिया

पीएम ने दुनिया में भारत के बढ़ते रुतबे को लेकर कहा, आज जब पूरी दुनिया भारत में इनवेस्टमेंट के लिए आगे आ रही है, विकसित भारत को लेकर इतना उत्साह है। तब तेलंगाना के सामने अवसर ही अवसर हैं। तेलुगू लोगों के सामर्थ्य ने हमेशा भारत के सामर्थ्य को बढ़ाया है।

**देश में हाइवे और एक्सप्रेस वे का जाल बिछा:** पीएम मोदी ने कहा, आज हर प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहले से कई गुना तेजी से काम हो रहा है। आज पूरे देश में हाइवे, एक्सप्रेस वे, इकोनॉमिक कॉरिडोर, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का जाल बिछ रहा है।



### पीएम ने देश में बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी: गडकरी

इससे पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी ने देश में बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में अब तक 1.10 लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं या तो पूरी हो चुकी हैं या निर्माणाधीन हैं या शुरू हो चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि 2024 के अंत तक तेलंगाना में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं होंगी।'' प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं की आधारशीला रखी, उनमें लगभग 5,550 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जाने वाली 176 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं में नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर का 108 किलोमीटर लंबा मंचेरियल-वारंगल खंड में शामिल है। इस खंड से मंचेरियल और वारंगल के बीच की दूरी में लगभग 34 किलोमीटर की कमी आएगी, जिससे यात्रा अवधि घट जाएगी और एनएच-44 तथा एनएच-65 पर यातायात की आवाजाही और बेहतर होगी।

## पुणे में पुलिस पर चोरों ने चलाई गोली, पांच गिरफ्तार, एक पुलिसकर्मी घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र के पुणे में तलाशी अभियान के दौरान आठ-दस चोरों ने के एक समूह ने पुलिस पर गोलीबारी की, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने उनमें से पांच को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त आमोल जेंदे ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने तलाशी अभियान के दौरान आठ-दस लोगों को वर्जे इलाके में संदिग्ध तौर पर घूमते हुए देखा था। उन्होंने कहा, जब पुलिस उनसे पूछताछ करने की कोशिश की तो वह पुलिसकर्मियों पर गोली चलाने लगे। हम उनमें से पांच को पकड़ने में कामयाब रहे। इस दौरान एक पुलिस कर्मी घायल भी हो गया, जिसे ससून अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों बदमाशों के पास से चाकू, बुलेट, दो हंसिया, पेंचकस और एक हथौड़ा बरामद किया गया है।

## कर्नाटक के बेलगावी में जैन संत की हत्या दो संदिग्ध गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कर्नाटक के बेलगावी में एक जैन संत की हत्या का मामला सामने आया है। बेलगावी के चिक्कोडी तालुक के हिरेकोडी गांव में नंद पर्वत मठ के एक जैन संत की हत्या कर दी गई और उनका शव शुक्रवार देर रात रायबाग तालुक के खटकभावी गांव में एक बोरवेल के गड्ढे में फेंका हुआ मिला। कामकुमार नंद महाराज को आखिरी बार पांच जुलाई की शाम को भक्तों ने देखा था और बाद में वह लापता हो गए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि एक व्यक्ति ने संत से पैसे उधार लिया था और उसे चुकाना नहीं चाहता था। उसने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर साधु की हत्या कर दी।



# राहुल गांधी ने किसानों के साथ धान की रोपाई की

## दिल्ली से शिमला जाते वक्त सोनीपत के मदीना गांव में रुके

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार सुबह अचानक हरियाणा के सोनीपत में रुके। यहां उन्होंने किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई की। उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई भी की। इस दौरान किसानों और खेत मजदूरों के साथ खेती-किसानी पर बातचीत भी की। राहुल ने किसानों के साथ ही बैठकर नाश्ता भी किया। राहुल गांधी दिल्ली से शिमला जा रहे थे। वे जीटी रोड पर कुंडली बॉर्डर पहुंचे तो किसानों के बीच जाने का प्रोग्राम बना लिया और सोनीपत के ग्रामीण इलाके का रुख कर लिया। राहुल गांधी एनएच 48 से मुरथल होते हुए कुराड़ रोड से बाइपास के रास्ते गोहाना की तरफ रवाना हुए। इसके बाद वे अपने रूट से हट कर करीब 50 किलोमीटर दूर बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव मदीना में सुबह करीब 6:40 बजे पहुंचे गए।

### किसान संजय के खेतों में पहुंचे राहुल गांधी

गांव मदीना में राहुल किसान संजय के खेत में पहुंचे थे। जिस वक्त राहुल आए, किसान और मजदूर मिलकर धान की रोपाई कर रहे थे। जब सिक्योरिटी के साथ राहुल खेत की तरफ आए तो दूर से उन्हें कोई पहचान नहीं पाया। हालांकि, करीब आते ही उन्होंने राहुल को पहचान लिया।

### सोनीपत का बरोदा कांग्रेस का गढ़

गांव मदीना सोनीपत के ग्रामीण हलके बरोदा का हिस्सा है। बरोदा हलके से वर्तमान में कांग्रेस के इंदूराज नरवाल उर्फ भालू विधायक हैं। उन्होंने उप चुनाव में भाजपा के योगेश्वर दत्त को हराया था। पूरा बरोदा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ है और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गृह क्षेत्र रोहतक से सटा हुआ है।

### किसी को नहीं थी राहुल गांधी के रुकने की सूचना

राहुल के सोनीपत खेत में रुकने का पता चलते ही बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल और गोहाना के विधायक जगबीर मलिक भी वहां पहुंचे। नरवाल ने कहा कि उनके पास राहुल के आने की सूचना नहीं थी, लेकिन जैसे ही ग्रामीणों से उनको इस बारे में पता चला तो वे मिलने पहुंच गए।। गोहाना से कांग्रेस विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि इलाके का सौभाग्य है कि राहुल गांधी यहां पहुंचे हैं। वह यह देख रहे हैं कि एक गांवों में खेती का क्या तरीका है।

# दुनिया से खत्म हुए केमिकल हथियार

## यूएन एजेंसी ने कहा, ये मील का पत्थर, आखिरी देश अमेरिका ने भी 70 साल बाद नष्ट किए वेपन्स



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया के केमिकल वेपन के वॉचडॉग ने घोषणा की है कि दुनिया में मौजूद सभी घोषित केमिकल हथियार खत्म हो गए हैं। दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बताया कि यूएस ने अपने सभी केमिकल हथियार नष्ट कर दिए हैं। इसी के साथ ऑर्गेनाइजेशन ऑफ प्रॉहिबिशन ऑफ केमिकल वेपन के चीफ फर्नान्डो एरियास ने कहा, ये दुनिया के लिए मील का पत्थर साबित होगा। द हेग आधारित इस वॉचडॉग के मुताबिक अमेरिका इकलौता ऐसा देश बचा था, जिसके पास केमिकल हथियार थे। रॉयटर्स के मुताबिक, फर्स्ट वर्ल्ड वॉर में पहली बार बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुए केमिकल हथियारों के जखीरे को अमेरिका ने 70 सालों से स्टोर किया हुआ था। 1997 के केमिकल वेपन कन्वेंशन के मुताबिक इसमें शामिल सभी देशों को सितंबर 2023 के आखिर तक सभी केमिकल हथियारों को नष्ट करना था। तब से अमेरिका कोलोराडो में यूएस आर्मी प्यूब्लो केमिकल डिपो और केन्टकी के ब्लू ग्रास आर्मी डिपो में लगातार अपने केमिकल हथियारों को नष्ट कर रहा है। 2022 में केन्टकी में आखिरी एम55 रॉकेट को नष्ट किया था, जिसमें वीएक्स केमिकल वेपन मौजूद थे। अमेरिकी डिफेंस डिपार्टमेंट को हथियारों को नष्ट करने में 3 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़े हैं, जो तय बजट से 2900 प्रतिशत ज्यादा है।

### 'दोबारा इन हथियारों के निर्माण को रोकना प्राथमिकता'

सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, 1968 में अमेरिका के पास 40 हजार टन केमिकल वॉरफेयर एजेंट्स मौजूद थे। केमिकल वेपन वॉचडॉग ने पिछले कुछ सालों में सीरिया पर सिविल वॉर में इनके इस्तेमाल का आरोप लगाया है। ओपीसीडब्लू चीफ एरियास ने कहा, हाल ही में केमिकल हथियारों के इस्तेमाल की धमकी को देखते हुए हमारी प्राथमिकता दोबारा इनके निर्माण पर रोक लगाना होगा। यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले विश्व युद्ध में केमिकल हथियारों की वजह से करीब 1 लाख लोगों की जान चली गई थी। तब इसे केमिस्ट वॉर कहा गया था। वहीं इसके प्रभाव से अब तक करीब 10 लाख लोगों की मौत हो चुकी है।

### केमिकल हथियारों को समुद्र में बहा देना चाहती थी सेना

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 1970 के दशक में सेना केमिकल हथियारों को एक पुराने जहाज में लोड कर उसे समुद्र में बहा देना चाहती थी। हालांकि, लोगों के विरोध जताने के बाद ऐसा नहीं किया गया। इसके बाद इन केमिकल हथियारों को एक फरनेस में डालकर जलाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसे भी मंजूरी नहीं मिल पाई। फिलहाल अमेरिका ने केमिकल हथियारों को खत्म करने में रोबोटिक मशीन की मदद ली है। शेल्स में रखे गए इन वेपन्स को खोलकर , सुखाकर और धोकर 1500 डिग्री फेरेनहाइट पर जलाया गया है।

# लद्दाख में 14,500 फीट की ऊंचाई पर सेना की एक्सरसाइज

## सिंधु नदी में उतरे टी-90, टी-72 टैंक, धनुष तोप तैनात, 48 किमी दूर तक गोला दागती है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पिछले चार साल से चीन के साथ लद्दाख बॉर्डर पर चल रहे गतिरोध के बीच भारतीय सेना ने न्योमा सैन्य स्टेशन पर नए लड़ाकू टैंक, तोप और ऑर्म्ड व्हीकल तैनात कर दिए हैं। शनिवार को इनके फुटेज और फोटोज सामने आए। इनमें धनुष होवित्जर से लेकर एम4 क्विक रिएक्शन फोर्स व्हीकल शामिल हैं। इसके साथ ही सेना ने पहाड़ों पर चलने वाले ऑल टरेन व्हीकल को भी तैनात किया। इन नए हथियारों और वाहनों के साथ सेना ने सिंधु नदी के किनारे 14,500 फीट की ऊंचाई पर एक्सरसाइज भी की। इसका वीडियो भी सामने आया। जिसमें टी-90 और टी-72 टैंकों को नदी पार करते हुए देखा जा सकता है।



### धनुष होवित्जर

आर्मी ने हाल ही में भारत में बनी स्वदेशी धनुष होवित्जर को शामिल किया है। यह बोफोर्स तोप का एडवांस्ड वर्जन है। आर्टिलरी रेजिमेंट के कैप्टन वी मिश्रा ने कहा कि धनुष होवित्जर 48 किलोमीटर तक लक्ष्य पर हमला कर सकता है और इसे पिछले साल ही पूर्वी लद्दाख सेक्टर में शामिल किया गया है।

### ऑल टरेन व्हीकल

सेना ने बड़ी संख्या में ऑल-टरेन वाहनों को भी शामिल किया है। इससे एक बार में चार से छह सैनिकों को ले जाया जा सकता है। इन वाहनों का इस्तेमाल सैनिकों का सामान और उपकरण ले जाने के लिए किया जाता है। ये व्हीकल अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी काम करने में सक्षम है। 2020 में गलवान में चीनी सैनिकों से झड़प के बाद पहली बार इस वाहन को तैनात किया गया है।

### रजक सर्विलांस सिस्टम

सेना ने सर्विलांस को मजबूत बनाने के लिए नए रजक सिस्टम को शामिल किया है। यह 15 किलोमीटर से अधिक दूरी से सैनिकों और 25 किलोमीटर से अधिक दूरी से वाहनों का पता लगा सकता है। नए उपकरण सेनाओं को एलएसी के पार चीन की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद कर रहे हैं।

### एम4 क्विक रिएक्शन फोर्स व्हीकल

इस बख्तरबंद गाड़ी पर माइंस का भी असर नहीं होता है। यह 50 किग्रा तक आईइडी ब्लॉस्ट सहन कर सकता है। सेक्टर में तैनात सेना के अधिकारियों ने कहा कि लद्दाख सेक्टर के कठिन इलाके में भी यह वाहन लगभग 60-80 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चल सकता है। एम4 क्विक रिएक्शन फोर्स वाहनों को पिछले साल बल में शामिल किया जाना शुरू हुआ था और सेना की पूर्वी लद्दाख सेक्टर के आगे के इलाकों में अधिक संख्या में ऐसे वाहनों को शामिल करने की योजना है।

# 6000 किलो लोहे से बना पुल चोरी

## बनाने वाली कंपनी के कर्मी ही निकले चोर, चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मुंबई पुलिस ने शहर के एक पश्चिमी उपनगर में एक नाले के ऊपर बने 6,000 किलोग्राम के लोहे के पुल को चुराने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बांगुर नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मलाड (पश्चिम) में 90 फुट लंबी धातु की संरचना को यूटीलिटी कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने बिजली के विशाल तारों को गुजारने के लिए रखा था। उन्होंने बताया कि नाले पर स्थायी पुल बनने के बाद अस्थायी ढांचे को कुछ महीने पहले इलाके में दूसरी जगह ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि अस्थायी पुल 26 जून को लापता पाया गया जिसके बाद बिजली कंपनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिस कंपनी को पुल बनाने का ठेका दिया गया था उसी के कर्मियों पर चोरी का आरोप जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि पुल को आखिरी बार 6 जून को देखा गया था। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण पुलिस ने आसपास के इलाकों में लगे निगरानी कैमरों की फुटेज खंगाली और 11 जून को पुल की दिशा में एक बड़ा वाहन चलता हुआ पाया। इसके बाद पुलिस ने वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से उसका पता लगाया। अधिकारी ने कहा, ÷वाहन में गैस काटने वाली मशीनें थीं, जिनका इस्तेमाल पुल को तोड़ने और 6,000 किलोग्राम वजनी लोहा चुराने के लिए किया गया था। आगे की जांच के बाद पुलिस उस कंपनी के एक कर्मचारी तक पहुंची जिसे पुल बनाने का ठेका दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कर्मचारी और उसके तीन सहयोगियों को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से चुराई गई सामग्री बरामद कर ली गई है।



## गुजरात में आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने कच्छ में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने वाले नेटवर्क का खुलासा किया है। इस मामले में विशाल बडिया नाम के एक शख्स को अरेस्ट किया गया है। विशाल हनीट्रैप में फंसने के बाद कच्छ भारतीय सुरक्षा बल (बीएसएफ) की खुफिया जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था। अदिति नाम की युवती के संपर्क में था सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विशाल बीएसएफ के किसी विभाग में कार्यरत है। हालांकि, अभी इसकी पूरी डिटेल सामने आना बाकी है। विशाल के मोबाइल से मिली जानकारी के मुताबिक वह अदिति के नाम से बने एक फेक प्रोफाइल के संपर्क में था। दोनों की लगातार बातचीत हो रही थी। विशाल युवती के कहने पर उसे कच्छ बॉर्डर पर तैनात भारतीय जवानों की पोजिशन की फोटोग्राफ्स, नक्शे समेत कई अहम जानकारियां भेज रहा था।

# शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 40 और ठाकरे गुट के 14 एमएलए को नोटिस जारी, अयोग्यता पर मांगा जवाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से जारी सियासी उथल-पुथल के बीच महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों को नोटिस जारी किया है। विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 40 विधायकों और उद्धव ठाकरे गुट के 14 विधायकों को नोटिस जारी कर विधानसभा सदस्यता से अयोग्यता पर जवाब मांगा गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब नार्वेकर ने एक दिन पहले बयान दिया था कि उन्हें भारत निर्वाचन आयोग से शिवसेना के संविधान की एक प्रति मिल गई है और मुख्यमंत्री शिंदे सहित 16 शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई जल्द शुरू होगी। नार्वेकर ने 'पीटीआई' से कहा, 'एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना गुट के 40 विधायकों और उद्धव ठाकरे खेमे के 14 विधायकों को नोटिस जारी कर अयोग्यता पर जवाब मांगा गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने उच्चतम न्यायालय का रुख कर उससे विधानसभा अध्यक्ष को अयोग्यता याचिकाओं पर शीघ्र सुनवाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। विधायक सुनील प्रभु ने अविभाजित शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में पिछले साल उस वक्त शिंदे और अन्य 15 विधायकों के खिलाफ विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने की याचिका दायर की थी, जब शिंदे गुट ने विद्रोह किया था और जून 2022 में राज्य में नई सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाया था। शीर्ष अदालत ने 11 मई को अपने फैसले में कहा था कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। अदालत ने कहा था कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को बहाल नहीं कर सकती, क्योंकि शिंदे के विद्रोह के मद्देनजर शिवसेना नेता ने शक्ति परीक्षण का सामना किए बिना इस्तीफा देने का फैसला किया था।




## मोदी की फ्रांस यात्रा में बड़ा रक्षा सौदा संभव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह फ्रांस की राष्ट्रीय परेड में गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। इस दौरे को भारतीय तटों की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में भी बेहद अहम माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने नौसेना के लिए लड़ाकू विमान रफाल का 'एम' वर्जन खरीदने की तैयारी पूरी कर ली है। सूत्रों ने मुताबिक, कुल 26 रफाल एम खरीदे जाएंगे। ये विमान 5.5 अरब डॉलर (45 हजार करोड़ रुपए) में मिलेंगे। मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान फ्रांसीसी एयरक्राफ्ट कंपनी दसॉ एविएशन के साथ रफाल एम के सौदे का कॉन्ट्रैक्ट हो सकता है। यह वही कंपनी है, जिससे वायुसेना ने 36 रफाल खरीदे हैं। रफाल एम फाइटर जेट समुद्री एरिया में हवाई हमले के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किए गए हैं। इन्हें सबसे पहले स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। अभी आईएनएस विक्रांत पर रूसी मिग-29 तैनात हैं, जो धीरे-धीरे सेवा से बाहर किए जा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)